नई दिल्ली
गुरुवार 15 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 273
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 22.0
न्यून. 9.0

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | कमजोर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,382.71 | 244.98 ▼ |
| निफ्टी | 25,665.60 | 66.70 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,46,500/- | 1500/- ▲ |
| चांदी | 2,86,000/- | 15000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 90.29 | 6 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 64.82 बैरल | 0.99% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






‘10वें रक्षा बल वयोवृद्ध दिवस’ के मौके पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री ने अभियान में शामिल पूर्व सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

# ‘ऑपरेशन पवन’ के वीर योद्धाओं को सम्मान सहित सार्वजनिक मान्यता देगी मोदी सरकार: राजनाथ सिंह

◆ *ये दिवस आजाद भारत की सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के.एम.करियप्पा को समर्पित है। जो 1953 में सेवानिवृत्त हुए थे*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

11 अक्टूबर 1987, इतिहास की वो बेहद महत्वपूर्ण तारीख, जब भारत ने दुनिया में पहली बार श्रीलंका के रूप में किसी विदेशी धरती पर अपनी सेना को भेजकर एक अभियान चलाया था। नाम था ‘ऑपरेशन पवन’ (भारतीय शांति सेना, आईपीकेएफ)। लेकिन इसके 40 साल बाद आज अचानक इसका जिक्र क्यों हो रहा है? जवाब है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बुधवार को नई दिल्ली में ‘10वें रक्षा बल वयोवृद्ध दिवस’ के मौके पर आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में दिया गया वो बयान, जिसमें उन्होंने पूर्व में केंद्र की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस की सरकार को आईना दिखाते हुए न केवल पहली बार सार्वजनिक रूप से ऑपरेशन पवन ▸▸ शेष पेज 5 पर



### पहले पूर्व सैनिक देते थे मौन श्रद्धांजलि

वर्ष 2015 में पीएम मोदी ने अपने श्रीलंका दौरे में वहां आईपीकेएफ के स्मारक पर जाकर देश के सैनिकों को श्रद्धांजलि दी थी। अब रक्षा मंत्री ने ये साफ कर दिया है कि हम राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) पर आईपीकेएफ के सैनिकों के योगदान को खुले तौर पर मान्यता दे रहे हैं और उन्हें वो सम्मान प्रदान कर रहे हैं, जिसके वो असल में हकदार हैं। यहां बता दें कि पिछले साल अक्टूबर महीने में सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी एनडब्ल्यूएम पर इस अभियान के पूर्व वीर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की थी। ऑपरेशन पवन को अभी तक सरकारी मान्यता न मिलने की वजह से अभियान से जुड़े हुए पूर्व सैन्यकर्मी हर साल 24 मार्च को अपने आप राष्ट्रीय राजधानी में एकत्रित होकर शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित करते थे।

पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पोंगल उत्सव में हिस्सा लिया और गो सेवा की

## कहा-पोंगल अब वैश्विक त्यौहार ‘प्रकृति’ हमारे जीवन का हिस्सा


पूजन करते पीएम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री एल. मुरुगन के निवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने गो सेवा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोंगल अब एक वैश्विक त्योहार बन गया है और तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझा धरोहर है। पीएम मोदी ने बताया कि पोंगल लोगों को यह सिखाता है कि प्रकृति के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहिए। अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना और पानी को बचाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग करना सबसे जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया की लगभग सभी सभ्यताओं में फसलों से जुड़ा कोई न कोई पर्व मनाया जाता है। तमिल संस्कृति में किसान को जीवन का आधार माना गया है।

***अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना और पानी को बचाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग करना सबसे जरूरी***

**पोंगल प्रकृति, सूर्य, पशुओं और किसानों के प्रति कृतज्ञता :** प्रधानमंत्री ने देशभर में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू जैसे त्योहारों के प्रति उत्साह की भी सराहना की और तमिल भाइयों-बहनों को शुभकामनाएं दी। पोंगल, तमिल समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह प्रकृति, सूर्य, पशुओं और किसानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है और परिवार के साथ संपन्नता, आभार और एकता का प्रतीक है। तमिलनाडु सरकार ने समारोह को सुगम बनाने के लिए पात्र लाभार्थियों के लिए एक किलो चावल, एक किलो चीनी और एक पूरा गन्ना वितरित करने की योजना भी बनाई थी। इससे पहले पीएम मोदी ने नागरिकों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और उनके सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में लिखा संक्रांति का यह पावन पर्व देश के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय रीति-रिवाजों और परंपराओं के अनुसार मनाया जाता है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### आज से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जापान के विदेश मंत्री

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए चिंताजनक हालात के बीच गुरुवार से जापान के विदेश मंत्री टी. मोटेगी भारत की तीन दिवसीय (15 से 17 जनवरी तक) यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि भारत पहुंचने के बाद शुक्रवार को जापान के विदेश मंत्री की राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों और साझा हितों से जुड़े हुए अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अगले दिन शनिवार को वह राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और फिर दिल्ली मेट्रो की यात्रा करेंगे। इसी के साथ जापान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा समाप्त हो जाएगी और वह वापस अपने देश लौट जाएंगे।



### अब यूपीआई से निकलेगा पीएफ का पैसा

**नई दिल्ली।** अब पीएफ निकासी की प्रक्रिया यूपीआई पेमेंट जितनी आसान होगी। अगले 2 महीनों में यूपीआई आधारित निकासी सिस्टम शुरू करने की तैयारी में है, जिसके लिए एनपीसीआई के साथ मिलकर तकनीकी ढांचा तैयार किया जा रहा है। पहले यह सुविधा भीम ऐप पर मिल सकती है।

ईरान में तेजी से बिगड़ते सुरक्षा हालातों के बीच विदेश मंत्रालय और दूतावास ने भारतीयों के लिए जारी किया कड़ा परामर्श

# यातायात के हर उपलब्ध विकल्प के सहारे तुरंत ईरान छोड़ें भारतीय, अगले आदेश तक न करें यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की अपनी टीम से किए गए हालिया विचार-विमर्श के बाद दुनिया में मची खलबली के बीच भारत ने भी अपने नागरिकों के लिए एक बार फिर से कड़ी चेतावनी के साथ एक परामर्श किया है। जिसमें विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि ईरान के मौजूदा घटनाक्रम के दौरान हम पुनः सभी से ये अपील करते हैं कि वो अगले आदेश तक इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की यात्रा करने से बचें। बताते चलें कि इसके पूर्व में मंत्रालय ने इसी महीने की शुरुआत में 5 जनवरी को एक परामर्श जारी किया था। वहीं, दूसरी ओर तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने भी ईरान में रह रहे अपने सभी नागरिकों (छात्रों, पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और व्यापारियों) के लिए एक परामर्श जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि वो यातायात के हर मौजूदा संसाधन का इस्तेमाल कर (वाणिज्यिक उड़ान सेवाएं भी शामिल) जल्द से जल्द ईरान से बाहर निकल जाएं। क्योंकि यहां सरकार के खिलाफ जारी हिंसक विरोध-प्रदर्शन लगातार उग्र रूप धारण करते जा रहे हैं। ज्ञात हो कि ईरान में इन हिंसक विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला पिछले महीने उस वक्त शुरू हुआ था। जब ईरान की स्थानीय मुद्रा रियाल अपने न्यूनतम स्तर तक जा पहुंची थी। वर्तमान में इस्लामिक रिपब्लिक के सभी 31 प्रांतों में सरकार विरोधी प्रदर्शन चल रहे हैं। जिनकी शुरुआत आर्थिक संकट के बीच राजनीतिक बदलाव के एक विरोध के साथ हुई थी।




### ईरान के विदेश मंत्री से फोन पर हुई जयशंकर की बातचीत

उधर, इस पूरे घटनाक्रम के बीच ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ टेलीफोन पर बातचीत की है। जयशंकर ने अपनी एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है, जिसमें बताया कि ईरान के विदेश मंत्री के साथ हुई बातचीत में उनके देश के अंदर और उसके आसपास उभरते हुए हालातों पर चर्चा की गई है।

### ईरान में हैं 10 हजार भारतीय

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ईरान में अभी फिलहाल कुल करीब 10 हजार भारतीय रह रहे हैं। भारतीय दूतावास ने अपने परामर्श में भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) से यह आग्रह किया है कि वो ईरान में अतिरिक्त सतर्कता बरतें, प्रदर्शनों वाली जगहों पर न जाएं और हमेशा भारतीय दूतावास के संपर्क में बने रहें। इसके अलावा स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के माध्यम से सभी गतिविधियों पर हमेशा नजर बनाए रखें।

### प्रदर्शनों में मारे गए 2500 से ज्यादा लोग

ईरान में चल रहे प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या ढाई हजार के पार पहुंच गई है। अमेरिका आधारित मानवाधिकार न्यूज एजेंसी (एचआरएएनए) के मुताबिक, ईरान में जारी प्रदर्शनों ने पश्चिम-एशिया में भी चिंता को काफी बढ़ा दिया है। इसके पीछे की वजह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तेहरान सरकार को प्रदर्शनकारियों के विरोध को बुरी तरह से दबाने को लेकर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी है। जिससे संभव है कि ईरान में अमेरिका की सेना हमला कर सकती है। प्रदर्शनकारियों को दिए संदेश में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि जल्द ही आप तक मदद पहुंच रही है।

## बीते 40 वर्षों में अपनी जमीन पर चल रहे आतंकवाद को खत्म करने में विफल रहा कनाडा

कनाडा में भारत के उच्चायुक्त दिनेश पटनायक का सार्वजनिक रूप से दिया गया पहला बड़ा बयान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत के उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने अपने एक महत्वपूर्ण बयान में कनाडा को आईना दिखाते हुए कहा है कि वह बीते चार दशकों यानी 40 वर्षों से अपनी जमीन पर चल रहे खालिस्तानी आतंकवाद को समाप्त करने में विफल रहा है। जिससे भारत विरोधी चरमपंथ को बढ़ावा मिला है। कनाडा के सरकारी चैनल ‘सीबीसी’ को मंगलवार को दिए एक साक्षात्कार में न्यूज एंकर द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह की हत्या के मामले में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता को ▸▸ शेष पेज 5 पर



## राहुल गांधी बोले- छात्र कभी विनम्रता न छोड़ें यह एक महान राष्ट्र के निर्माण का आधार है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को तमिलनाडु के गुडलूर स्थित सेंट थॉमस इंग्लिश हाई स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए शिक्षा, लोकतंत्र, पर्यावरण और देश के भविष्य पर अपने विचार साझा किए।

छात्रों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यह सूचना का युग है, जहां जानकारी हर जगह उपलब्ध है, लेकिन स्कूल का असली काम छात्रों को यह सिखाना है कि उस सूचना को ज्ञान में कैसे बदलें और सबसे महत्वपूर्ण बात- बुद्धिमत्ता के साथ व्यवहार कैसे करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सूचना के इस युग में हमारे पास बुद्धिमत्ता नहीं होगी, तो यह दुनिया एक अप्रिय स्थान बन जाएगी। राहुल गांधी ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि स्कूलों का कार्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को समझदार और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि अपने 20 वर्षों के राजनीतिक अनुभव में उन्होंने सीखा है कि विनम्रता सबसे महत्वपूर्ण मूल्य है। विनम्रता समझ की कुंजी है। विनम्रता ही लोगों का ▸▸ शेष पेज 5 पर

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने राष्ट्रमंडल देशों के अपने समकक्षों के साथ की द्विपक्षीय बैठकें




हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 28वें सीएसपीओसी के अध्यक्ष के रूप में बुधवार को नई दिल्ली स्थित लाल किले के संगीति सम्मेलन कक्ष में सीएसपीओसी की स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक से पूर्व प्रतिनिधिमंडलों को लाल किले का निर्देशित भ्रमण कराया गया तथा बैठक के पश्चात विशेष रूप से तैयार प्रकाश एवं ध्वनि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे आगंतुक गणमान्य प्रतिनिधियों को भारत की समृद्ध सभ्यतागत विरासत, स्वतंत्रता संग्राम तथा लोकतांत्रिक यात्रा के प्रतीक इस ऐतिहासिक स्मारक के स्थायी महत्व का अनुभव प्राप्त हुआ।

15 एवं 16 जनवरी को होने वाली सम्मेलन की कार्यवाहियाँ आधुनिक विधायिकाओं से जुड़े समसामयिक विषयों पर केंद्रित होंगी। इनमें ▸▸ शेष पेज 5 पर

**सामान रखने की काफी जगह, अच्छी तरह से डिज़ाइन की गई बर्थ, अल्ट्रा मॉडर्न और बड़े टॉयलेट से लैस**

यात्रियों को समय की पाबंदी, सुरक्षा और विश्वसनीयता के साथ-साथ किफायती दरों पर बिज़नेस क्लास का आराम मिलेगा

## पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जल्द शुरू होगी, यात्रा के अनुभव को यादगार बनाएंगी ये तमाम सुविधाएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे अपने आधुनिकीकरण की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर जोड़ने की तैयारी कर रहा है। वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन की शुरुआत के साथ, भारत में लंबी दूरी की ट्रेन यात्रा आम यात्रियों के लिए तेज़, सुरक्षित और अधिक आरामदायक होने वाली है। आज के यात्रियों की बदलती उम्मीदों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई, वंदे भारत स्लीपर का लक्ष्य रात भर की यात्रा को सिर्फ़ एक जगह तक पहुँचने का साधन न बनाकर सुखद अनुभव बनाना है। इसमें आधुनिक तकनीक, बेहतर सुरक्षा सुविधाओं और यात्री-अनुकूल सुविधाओं को एक साथ लाया गया है ताकि किफायती ▸▸ शेष पेज 5 पर

स्वदेशी कवच ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम, उन्नत अग्नि सुरक्षा तंत्र और सीसीटीवी निगरानी यात्रा को और सुरक्षित बनाएगी



### किफायती किराया

प्रस्तावित किराया एयरलाइंस की तुलना में काफी कम कीमत पर प्रीमियम आराम देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। संभावित किराया 3 एसी के लिए लगभग 2300 रूपये, 2 एसी के लिए 3000 रूपये और फर्स्ट एसी के लिए 3600 रूपये है। ये किराया वंदे भारत स्लीपर को आकर्षक विकल्प बनाता है जो किफायती होने के साथ-साथ उच्च-गुणवत्ता वाली सुविधाओं और सेवाओं का संगम है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

## देर रात लूटपाट में शामिल पांच नाबालिग दबोचे

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की सरोजिनी नगर पुलिस ने आठ घंटे के भीतर देर रात हुई लूट की घटना को सुलझाया लिया है। मामले में कानून का उल्लंघन करने वाले पांच नाबालिगों को पकड़ा गया है। उनके पास से लूटी गई पूरी रकम 35,200 भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के अनुसार जिन पांच नाबालिगों को पकड़ा गया है। इनमें एक की उम्र 12 और चार की 16 साल है। 10 जनवरी को तड़के लगभग 3:52 बजे सरोजिनी नगर थाने में लूट के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉल करने वाले ने बताया कि तीन लड़कों ने उस पर हमला किया और सफदरजंग/एम्स फ्लाईओवर इलाके में उसका मोबाइल फोन और 35,200 रुपये नकदी लूट ली। इसके बाद सभी लुटेरे सफदरजंग की तरफ भाग गए। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच टीम ने लगातार फील्ड वर्क किया। लगातार कोशिशों के आधार पर घटना में शामिल पांच नाबालिगों की पहचान की गई और उन्हें पकड़ा गया। जांच से पता चला कि चार नाबालिग पहले भी इसी तरह के मामलों में शामिल थे। यह भी सामने आया कि घटना से पहले इन्होंने नशीले पदार्थ का सेवन किया था। इसके बाद गुरुद्वारा नानकपुरा में खाना खाया था और उसके बाद एम्स फ्लाईओवर की ओर गए थे।

### धोखाधड़ी और जालसाजी के मामलों में था भगौड़ा घोषित

# संगठित बैंक धोखाधड़ी सिंडिकेट से जुड़ा जालसाज 18 साल बाद अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज 2 टीम ने संगठित बैंक धोखाधड़ी सिंडिकेट से जुड़े जालसाज को 18 साल बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अमित निश्चल उर्फ सनी उर्फ सोनू चौहान (48) धोखाधड़ी और जालसाजी के मामलों में घोषित अपराधी करार दिया जा चुका था।

पुलिस के अनुसार संगठित अपराध पर अंकुश लगाने और फरार अपराधियों को पकड़ने के अपने लगातार प्रयासों में क्राइम ब्रांच की टीम ने अमित निश्चल निवासी हेवन ऑर्चर्ड विलेज सोइल, पीओ हरिपुर, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है।



आरोपी के खिलाफ 2001 में देशबंधु गुप्ता रोड थाने में ठगी व जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि बाद में जांच स्पेशल सेल, लोधी कॉलोनी द्वारा की गई। मामले में इसे पीओ भी घोषित किया जा चुका था। हाल ही में हेड कांस्टेबल संजीव को फरार अपराधी अमित निश्चल के बारे में एक इनपुट मिला। तकनीकी निगरानी और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर आरोपी की गतिविधि और वर्तमान स्थान का पता मनाली, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश में चला। वहां अमित एक फर्जी पहचान के तहत रह रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, इंस्पेक्टर अक्षय के नेतृत्व वाली टीम ने कार्रवाई करते हुए इसे पकड़ लिया। संबंधित अदालत में पेश किया गया जहां से इसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपी पेशेवर धोखेबाजों के एक गिरोह का हिस्सा था जो जाली बैंक ड्राफ्ट चुराकर और उनका इस्तेमाल करके बैंक धोखाधड़ी करते थे। वह इसी तरह के मुंबई के भी एक और धोखाधड़ी के मामले में शामिल था। मुंबई जेल में न्यायिक हिरासत के दौरान, वह उस समय के एक खूंखार गैंगस्टर ओम प्रकाश सिंह उर्फ ओपी सिंह के संपर्क में आया था। साल 2002 में उसे मुंबई पुलिस ने मुंबई में फिर से गिरफ्तार किया। जमानत मिलने के बाद आरोपी दिल्ली से फरार हो गया। कोर्ट की कार्यवाही में पेश होना बंद कर दिया और साल 2007 में उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया। फरार होने के बाद वह हिमाचल प्रदेश चला गया, जहां उसने सोनू चौहान नाम की फर्जी पहचान अपनाई और अपने आपराधिक अतीत को छिपाया। वह पकड़े जाने से बचने के लिए मनाली में एक होटल मैनेजर के तौर पर काम कर रहा था। आरोपी के साथियों की पहचान करने, फरार रहने के दौरान उसकी गतिविधियों की पुष्टि करने और अन्य संगठित अपराध सिंडिकेट के साथ उसके संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## मोबाइल झपटमारी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सेंट्रल रेंज क्राइम ब्रांच ने 21 मोबाइल फोन बरामद किये

सेंट्रल रेंज क्राइम ब्रांच द्वारा मोबाइल झपटमारी करने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। इसकी निशानदेही पर 21 छीने/चोरी के मोबाइल फोन बरामद हुये। जितेंद्र उर्फ पहाड़ी (44) नबी करीम इलाके का रहने वाला है।

डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार क्राइम ब्रांच ने मोबाइल फोन छीनने और चोरी के खिलाफ चल रही कार्रवाई में एक बड़ी सफलता हासिल की है, जिसमें इस कुख्यात और आदतन अपराधी जितेंद्र को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी एक संगठित मोबाइल छीनने और चोरी करने वाले गिरोह का सरगना है। गिरफ्तारी के समय उसके पास से 21 मोबाइल बरामद किए गए, जिससे सड़क अपराधों में उसकी सक्रिय भागीदारी का खुलासा हुआ। इससे पहले चार जनवरी क्राइम ब्रांच ने जय भगवान उर्फ काले नामक इसके साथी को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 31 फोन बरामद हुये थे। गिरोह के दूसरे रिसीवर और साथियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए लगातार कोशिशें की जा रही हैं और संदिग्ध ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं। जितेंद्र के खिलाफ पहले से 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें डकैती, छिनैती, चोरी और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन के मामले शामिल हैं। वह नबी करीम थाने का एक्टिव बैड कैरेक्टर है।

## माता पिता की पिटाई से परेशान होकर घर से निकले दो मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पुलिस ने माता पिता की काउंसलिंग करवा बच्चे सौंपे

दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट ने जनकपुरी थाने के स्टाफ के साथ मिलकर दो नाबालिग बच्चों को सुरक्षित उनके परिवार से मिलाया है। 10 और 4 साल के दो बच्चे बिना किसी को बताए तिहाड़ गांव में अपने घर से निकल गए थे। उन्होंने बताया कि वे अपनी मौसी के घर जा रहे थे क्योंकि उनके माता-पिता उन्हें मारते थे।

डीसीपी मेट्रो कुशल पाल सिंह के अनुसार बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनसे पूछताछ की गई। शुरुआत में उन्होंने कोई कॉन्टैक्ट डिटेल्स नहीं दी। लेकिन लगातार समझाने के बाद बड़े बच्चे ने अपनी मां का मोबाइल नंबर बताया। इसके बाद उनके माता-पिता को तिलक नगर मेट्रो स्टेशन बुलाया गया और उन्हें समझाया गया कि अपने बच्चों की प्यार और ध्यान से देखभाल करना कितना जरूरी है। माता-पिता को काउंसलिंग दी गई और उन्हें अपने बच्चों की प्यार, स्नेह और सही ध्यान से देखभाल करने के महत्व के बारे में समझाया गया। उन्हें सलाह दी गई कि वे अपने बच्चों के पालन-पोषण के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित माहौल बनाए रखें। पूरी जांच और काउंसलिंग के बाद दोनों बच्चों को सुरक्षित रूप से उनके माता-पिता को सौंप दिया गया। यह घटना बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति दिल्ली पुलिस की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

## भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के आवास में लगी आग

**नई दिल्ली।** मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड पर स्थित भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद के आधिकारिक आवास में बुधवार सुबह आग लग गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग फर्नीचर में लगी थी। दिल्ली पुलिस की टीम आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के अनुसार लुटियंस जोन के 21 मदर टेरेसा क्रीसेंट रोड सांसद के आवास पर आग लगने की सूचना सुबह करीब आठ बजकर पांच मिनट पर मिली। आग घर के एक कमरे में रखे फर्नीचर में लगी थी। दमकल की तीन गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गई और सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। दिल्ली पुलिस की फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची थी। आग लगने से जुड़े साक्ष्य एकत्र किये गये। यह पता नहीं चल पाया कि सांसद आग लगने के समय घर पर थे या नहीं।

## दिल्ली सरकार निजी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संघ की स्थापना सुनिश्चित करे: हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) सरकार को निर्देश दिया कि वह निजी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संघों (पीटीए) का गठन सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करे। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने गैर सरकारी संगठन 'जस्टिस फॉर ऑल' द्वारा दायर जनहित याचिका पर नोटिस जारी कर दिल्ली सरकार से जवाब तलब किया। पीठ ने दिल्ली सरकार से यह बताने को कहा कि उसने प्रत्येक स्कूल में उक्त संगठनात्मक ढांचा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि दिल्ली में गैर-सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों में दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम और संबंधित नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार पीटीए गठित करने में व्यापक विफलता हुई है। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें। चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल किया जाए। आदेश में कहा गया है प्रतिवादी शिक्षा निदेशालय (डीओई) द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड पर प्रस्तुत करे कि प्रत्येक विद्यालय में विधिवत गठित पीटीए हो। हम यह भी निर्देश देते हैं कि इस बीच, सभी विद्यालयों में ऐसे संघों के गठन और कार्य-संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की जाए। एनजीओ ने अपनी याचिका में कहा कि पीटीए एक वैधानिक निकाय है जिसका उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और स्कूल के शासन और जवाबदेही ढांचे के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में कार्य करना है।

## बुराड़ी इलाके में धड़ल्ले से यमुना से बड़े पैमाने पर हो रहा रेत का अवैध खनन : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ रोजाना सैकड़ों रेत से भरे ट्रक यमुना से आ रहे हैं और सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चुना लगा रहे, आखिर जिलाधिकारी और दिल्ली पुलिस कहां हैं

आम आदमी पार्टी ने बुधवार को खुलासा किया कि दिल्ली के बुराड़ी इलाके में धड़ल्ले से बड़े पैमाने पर रेत का अवैध खनन हो रहा है। 'आप' दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज और बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने मौके पर जाकर बेरोकटोक हो रहे रेत के अवैध खनन का खुलासा किया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार और रेत खनन माफिया के बीच साठगांठ है। तभी यहां महीनों से रेत खनन माफिया खुलेआम अपना धंधा चला रहा है। रोजाना सैकड़ों रेत से भरे हुए ट्रक यमुना से आ रहे हैं और सरकार की करोड़ों रुपए की रेत चुरा रहे हैं। सरकार के किसी अधिकारी ने उन्हें क्यों नहीं रोक रहे हैं। डीएम और पुलिस कहां थी? उन्होंने कहा कि संजीव झा ने भाजपा की केंद्र व दिल्ली सरकार, मुख्यमंत्री, एलजी, डीएम सभी से इस अवैध रेत खनन के बारे में लिखित शिकायत की है, लेकिन सभी ने अपनी आंखें मूंद ली है। सौरभ और संजीव ने अवैध रेत खनन का एक वीडियो बुधवार को एक्स पर साझा किया है। यह यमुना स्थित बुराड़ी इलाके का है, जहां से सैकड़ों ट्रक रेत चोरी हो रहा है। वीडियो में भाजपा और प्रशासन की मिलीभगत को उजागर करते हुए सौरभ भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली में यमुना के इलाके से एक-दो नहीं, बल्कि सैकड़ों ट्रक रेत खुल्लम-खुल्ला चोरी हो रहा था। लोगों का कहना है कि एक ट्रक रेत करीब 30 हजार रुपए में बिकता है। सैकड़ों ट्रक रोज वहां चल रहे थे, लेकिन दिल्ली प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उत्तर प्रदेश के प्रशासन की तरफ से भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब इस मामले की शिकायतें बार-बार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) तक पहुंचीं, तब एनजीटी ने इसका संज्ञान लिया। इससे पहले अक्टूबर 2025 में भी एनजीटी ने संज्ञान लिया था और उससे पहले मार्च में भी शिकायतें आई थीं। अब हम जनवरी 2026 में हैं और अंततः एनजीटी ने आदेश दिया कि एक स्पेशल टास्क फोर्स बनाई जाए और छापा मारा जाए। एनजीटी के इसी दबाव में यह छापा मारा गया। सौरभ भारद्वाज ने वीडियो में दिखाया कि मुख्य सड़क से यमुना तट तक जाने के लिए खेतों के बीच से कई किमी लंबा कच्चा रास्ता बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा रास्ता रातों-रात नहीं बनता, इसे बनाने में बड़ी मेहनत लगती है और करीब 10-15 दिन का समय लगा होगा। यह रास्ता जिस पर ट्रक चल सके, बाकायदा दिल्ली सरकार के एसडीएम की अनुमति से अवैध माइनिंग के लिए बनाया गया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज दिल्ली सरकार ने ऑन रिकॉर्ड एनजीटी को बताया है कि उन्होंने किसी माइनिंग की अनुमति नहीं दी और उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कहा है कि माइनिंग की जो अनुमति दिखाई जा रही है, वह झूठी है। दिल्ली और उत्तर प्रदेश के अंदर 7-8 किमी लंबी पट्टी पर माइनिंग दिन-रात चलती रही और यह सब एसडीएम और डीएम की जानकारी में था। बुराड़ी विधायक और डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कमेटी (डीडीसी) के चेयरमैन संजीव झा ने लिखित तौर पर मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार और डीएम को शिकायत की, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा की खनन माफियाओं के साथ साठगांठ के कारण रेत खनन का सिलसिला पिछले साल मार्च से चल रहा है और अब 2026 आ गया है, यानी इसमें हजारों करोड़ का घोटाला हुआ है।

## विश्व पुस्तक मेला: पाठकों के बीच एआई ऑडियो बुक बूथ बना आकर्षण का केंद्र

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त 'ऑडियोबुक बूथ' हर उम्र के जिज्ञासु पाठकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जहां वे अपनी पसंदीदा कहानियों के खुद से कथावाचक बन सकते हैं। ऑनलाइन बुकस्टोर बुक्सवैगन इसके लिए पाठकों को 'स्पॉटलाइट' में आने और अपनी आवाज़ में 'ऑडियोबुक्स' सुनने का अनुभव करने का एक अनोखा मौका दे रहा है। इसमें पाठक एक बार में केवल एक अंश पढ़ सकता है। पुस्तक मेले में पाठक अपनी आवाज़ का नमूना रिकॉर्ड करने के लिए लाइन में लग रहे हैं और वे अपनी पसंदीदा कहानियों के खुद वाचक बन रहे हैं। यहां मोबी-डिक या, द व्हेल और 'किम' जैसी कृतियों से लेकर 'रामायण' और 'भगवद गीता' जैसे हिंदू महाकाव्य तक शामिल हैं। इसकी प्रक्रिया आसान हैः एक छोटा सा हिस्सा रिकॉर्ड करें और फिर बुक्सवैगन के प्लेटफॉर्म पर 100 से ज़्यादा शीर्षक में से चुनें, ताकि आप अपनी आवाज़ में ऑडियोबुक सुन सकें। बुक्सवैगन के संस्थापक शुभम जैन ने कहा कि सिर्फ़ 30 सेकंड का आवाज का नमूना ही काफ़ी है।" अभी यह फ़ीचर अपने 'डेमो फ़ॉर्मेट' में है, और उपयोगकर्ता को अपनी 'क्लोन' की हुई आवाज़ में पढ़े गए कुछ हिस्से सुनने की इजाज़त देता है। जैन ने कहा कि इसका एक पूरी तरह से विकसित संस्करण अगले महीने तक आने की उम्मीद है जो सुनने वालों को अपनी आवाज़ में पूरी ऑडियोबुक सुनने का अनुभव देगा। इसका मतलब है कि अपनी आवाज़ में कहानियां सुनने के अलावा, सुनने वाले जल्द ही अपनी दादी को बच्चों की पंचतंत्र की कहानियां सुनाते हुए, माता-पिता को सोते समय कहानियां पढ़ते हुए, या किसी अपने की आवाज़ में पसंदीदा किताबों को एनिमेट करते हुए सुन सकते हैं । अपनी आवाज़ से कहानी को ज़िंदा होते देखने के लिए उत्सुक, 14 साल की छात्रा वर्षा पुंज ने कहा कि अपनी आवाज़ सुनना एक कमाल का अनुभव था भले ही यह सिर्फ़ एक पैराग्राफ़ के लिए ही क्यों न हो। उन्होंने आगे कहा कि यह देखना दिमाग घुमा देने वाला है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कुछ ही मिनटों में क्या कर सकता है। यह सच में एक अनोखा अनुभव था।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा ने मकर संक्रांति उत्सव

# मकर संक्रांति पर्व हमें जरूरतमंद लोगों की मदद करने का संदेश देता है : नितिन नबीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा द्वारा बुधवार को दिल्ली भाजपा कार्यालय के बाहर मकर संक्रांति उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगीत कार्यक्रम के साथ ही दही चूड़ा गुड़ एवं लिटि चोखा का सहभोज आयोजित किया गया। उत्सव के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन रहे जिन्होंने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अध्यक्षता एवं पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष श्री संतोष ओझा के संयोजन में हुए कार्यक्रम में सभी देशवासियों एवं उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने उपस्थित हजारों पूर्वांचल मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं पार्टी के अन्य नेताओं और पदाधिकारियों को मकर संक्रांति उत्सव की शुभकामनाएं दीं। पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा ने उपस्थित गणमान्य नेताओं को मखाने की माला एवं मैथली टोपी पहनाकर अभिनंदन किया। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने देशवासियों एवं उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और कहा कि लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल यह सब नये उत्साह के पर्व हैं। नितिन नबीन ने कहा कि मकर संक्रांति का सूर्य नई रोशनी, नई उमंग, नया उत्साह देने के साथ ही हमें जरूरतमंद लोगों की मदद करने का संदेश देता है। वहीं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चुनावी जीत के बाद पूर्वांचल समाज द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर किए गए भव्य आयोजन ने उनकी सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता और उत्साह को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि पूर्वांचल समाज की संगठनात्मक शक्ति और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने सभी आयोजकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा पूर्वांचल समाज के विकास, सम्मान और अधिकारों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करती रहेगी। यह जीत और उत्सव, दोनों ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास को दर्शाते हैं। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत का एक सूत्रधार पूर्वांचल समाज भी है जिन्होंने 27 साल के बाद भाजपा को सत्ता में लाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। सांसद मनोज तिवारी के गीतों पर उपस्थित कार्यकर्ता एवं नेता खूब थिरके और भोजपुरी गायक पवन सिंह ने भी 'मोदी नीतीश की जोड़ी हिट हो गई' सुना कर लोगों को उत्साह में भर कर खूब नचाया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे, भाजपा नेता गायक पवन सिंह, सांसद मनोज तिवारी, योगेन्द्र चांदोलिया, कमलजीत सहरावत एवं बांसुरी स्वराज, दिल्ली के कई विधायक सहित हजारों कार्यकर्ता मकर संक्रांति उत्सव में सम्मिलित हुए।



### पूर्वांचल समाज आज दिल्ली की अर्थव्यवस्था की बन गया है नींव : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देकर कहा कि पूर्वांचल समाज आज दिल्ली की अर्थव्यवस्था की नींव बन गया है। रेखा गुप्ता ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने आज का दिन देखने के लिए इतनी मेहनत की उनको बहुत बधाई। मकर संक्रांति का यह त्योहार और सूर्य देव की ऊर्जा के साथ यह दिल्ली हमेशा रोशन रहे। मुख्यमंत्री ने कहा वर्षों बाद यह पार्टी ऑफिस बनकर तैयार हुआ है और सरकार में हम आए। वर्षों पहले जब सरकार में नहीं थे तो हमारा काम जन चेतना करना था लेकिन अब हमारा काम है लगातार विकास करना। जिस उम्मीद के साथ दिल्लीवालों ने हमें कुर्सी पर बैठाया है अब उस उम्मीद को पूरा करने का समय है। सांसद मनोज तिवारी ने बेहतर गाना गया है कि 'दिल्ली बदल रही है पटरी पर चल रही है' तो अब मैं बताना चाहूंगी कि दिल्ली अब सच में पटरी पर लौट रही है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास उर्फ जौनी, पुत्रः** श्री सुनील कुमार, **पताः** मकान नं. – आरजेडए–226, निहाल विहार, नांगलोई, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 113/2019 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः विकासपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास उर्फ जौनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास उर्फ जौनी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 113/2019 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः विकासपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकास उर्फ जौनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री ऋषभ कपूर
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 09, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/327/WD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आदिल अंसारी, पुत्रः इजराइल, पताः धोबी कॉलोनी, सीतापुरी पार्ट–1, डाबरी, द्वारका, दिल्ली** ने **FIR No. 742/2020, U/s 376 Indian Penal Code, पुलिस थाना डाबरी, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आदिल अंसारी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आदिल अंसारी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 742/2020, U/s 376 Indian Penal Code, पुलिस थाना डाबरी, नई दिल्ली** के अभियुक्त **आदिल अंसारी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री वैभव मेहता
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीएससी) (पोक्सो)–01
दक्षिण पश्चिम जिला, कमरा नं. 504
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/521/DW/2026




## यह सिर्फ स्वास्थ्य केंद्र नहीं, दिल्ली के नागरिकों को सम्मानजनक इलाज की है गारंटी : रेखा

# दिल्ली सरकार ने 81 नए 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' जनता को किए समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हरि नगर विधानसभा से 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्लीवासियों को समर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यह सिर्फ स्वास्थ्य केंद्र नहीं, दिल्ली के नागरिकों को सम्मानजनक इलाज की गारंटी हैं।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नए केंद्रों के शुभारंभ के साथ दिल्ली में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कुल संख्या बढ़कर 319 हो गई है। यह दिल्ली की प्रत्येक विधानसभा में 15 और पूरी दिल्ली में कुल 1100 आयुष्मान आरोग्य केंद्र खोलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, लैब, दवा वितरण काउंटर, वैक्सीनेशन यूनिट और जच्चा-बच्चा देखभाल केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उपस्थित नर्सों, डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से बातचीत करते हुए उनके कार्य अनुभव और मरीजों को दी जा रही सेवाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने हेल्थ रिकॉर्ड सिस्टम की भी समीक्षा की।

उन्होंने मरीजों के पंजीकरण, मेडिकल रिकॉर्ड और डेटा मैनेजमेंट की प्रक्रिया को विस्तार से समझा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिकॉर्ड प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और सुगम बनी रहे। इस अवसर पर हरि नगर के विधायक श्री श्याम शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए लगातार मदद दे रही है। इसी के तहत नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, लैब और हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। बीते 11 महीनों में दिल्ली सरकार ने 319 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जन औषधि केंद्र, पांच बड़े अस्पतालों में नए ब्लॉक, नई डायलिसिस मशीनों की स्थापना और सभी सरकारी अस्पतालों का डिजिटलीकरण जैसे जरूरी काम किए हैं।

आज दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मरीज मोबाइल से ओपीडी अपॉइंटमेंट और मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित हुई है।उन्होंने आगे कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दिल्ली में 6 लाख से अधिक नागरिक पंजीकृत हो चुके हैं और हजारों परिवारों को अब तक मुफ्त इलाज का लाभ मिल चुका है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के इलाज की आय सीमा 2.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की गई है।

### इंद्राज ने डॉ. साहिब सिंह वर्मा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया




दिल्ली के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बुधवार को अपनी विधानसभा बवाना में दो आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण किया। इनमें एक पूठ कलां के बुद्ध विहार क्षेत्र में दूसरा बवाना में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ. साहिब सिंह वर्मा के नाम से आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने 150 बुजुर्गों को सहायक उपकरण भी वितरित किए। मंत्री इंद्राज ने कहा कि इन आरोग्य मंदिरों से बुद्ध विहार, सुल्तानपुरी, कृष्ण विहार सहित आसपास की ग्रामीण एवं शहरी कॉलोनियों को सीधा लाभ मिलेगा।

### आज का युवा केवल 'जॉब सीकर' नहीं, 'जॉब क्रिएटर' बन रहा : सीएम



**नई दिल्ली।** आज का युवा केवल 'जॉब सीकर' नहीं, बल्कि 'जॉब क्रिएटर' बन रहा है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी के साथ दिल्ली सरकार के प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय की ओर से डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'कैंपस टू मार्केट - दिल्ली स्टार्टअप युवा फेस्टिवल 2026' का शुभारंभ के अवसर पर कही। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मिलकर किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री और मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों से आए युवा इनोवेटर्स, शिक्षकों, निवेशकों और स्टार्टअप संस्थापकों से संवाद किया और छात्र-नेतृत्व वाले इनोवेशन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्टार्टअप प्रदर्शनी में प्रस्तुत विभिन्न इनोवेशन, प्रोटोटाइप्स और बिजनेस मॉडलों को देखा और युवा उद्यमियों की रचनात्मकता, समस्या-समाधान क्षमता और तकनीकी दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कई छात्र टीमों से उनके स्टार्टअप आइडियाज, मार्केट स्ट्रेटेजी और सामाजिक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवा उद्यमियों को इनोवेशन को वास्तविक समाधान में बदलने के लिए लगातार मार्गदर्शन और सहयोग का आश्वासन दिया।

### सभी तरह की मेडिकल सुविधाओं से लैस है ये केंद्र : पंकज कुमार



दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली के मालवीय नगर स्थित भीमनगरी में नव-निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राजधानी की जनता को समर्पित किया। इस नए आरोग्य मंदिर का उद्घाटन मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दिल्ली की जनता को एक साथ समर्पित किए गए 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के लोकार्पण कार्यक्रम का हिस्सा था। मंत्री पंकज ने बताया कि ये केंद्र सभी तरह की मेडिकल सुविधाओं से लैस है। इसके अतिरिक्त इस सेंटर में एक समर्पित डेंटल केयर यूनिट, योग एवं वेलनेस रूम के साथ ही व्यापक निवारक स्वास्थ्य सेवाएं भी मौजूद हैं।

### मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रघुवीर नगर में आरोग्य मंदिर का किया लोकार्पण



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा बुधवार को वर्चुअल 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता को समर्पित करने के बाद दिल्ली के पीडब्ल्यूडी एवं जल मंत्री ने मादीपुर विधानसभा के रघुबीर नगर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दिल्ली की जनता को सुलभ, सशक्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

### मंत्री सूद ने जनकपुरी में आरोग्य मंदिर का किया शुभारंभ



दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को जनकपुरी सी2 ब्लॉक में नए आरोग्य मंदिर  का शुभारंभ किया। इस आरोग्य मंदिर में स्थानीय नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मंत्री सूद ने बताया कि यह स्वास्थ्य केंद्र वर्ष 1996 से संचालित है। पूर्व में यहां मोबाइल टॉवर लगाए जाने को लेकर स्थानीय नागरिकों में चिंता थी, विशेषकर नवजात शिशुओं के उपचार को लेकर, जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए हमारी सरकार ने टॉवर हटवाया और अब इस केंद्र को और अधिक आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है।

### कपिल ने सोनिया विहार में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया उद्घाटन



दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को करावल नगर के सोनिया विहार स्थित एमसीडब्ल्यू सेंटर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इसी कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में एक पूरा अस्पताल भी शुरू करने की योजना है। मंत्री मिश्रा ने कहा कि जल्द ही दिल्ली में यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू होने जा रही है, जिसकी शुरुआत सोनिया विहार से होगी। हाल ही में वो क्रूज के मुंबई में चल रहे कार्य का निरीक्षण भी करने गये थे। इसके साथ ही एक बड़ा पर्यटन केंद्र भी विकसित किया जाएगा, जिससे पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

### भाजपा सरकार का एक हजार आरोग्य केंद्र का दावा भी झूठा : भारद्वाज



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्रियों के बड़बोलेपन को एक बार फिर एक्सपोज कर दिया। इस बार उन्होंने मंत्री कपिल मिश्रा द्वारा दिल्ली में एक हजार आयुष्मान आरोग्य केंद्र खोलने के किए गए झूठे दावे पर उन्हें दिल्लीवालों पर रहम करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि यमुना साफ और प्रदूषण खत्म की तरह भाजपा सरकार का एक हजार आरोग्य केंद्र खोलने का दावा भी झूठा है। मंत्री कपिल मिश्रा झूठा दावा कर रहे हैं कि रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली में 1000 आरोग्य मंदिर बनवाए हैं। ऐसा लगता है कि भाजपा के अंदर सबसे बड़ा झूठ बोलने की होड़ चल रही है, लेकिन विजेता तो जाहिर तौर पर उनका सुप्रीम कमांडर ही है। भाजपा यह जान ले कि दिल्ली में 'आप' एक मजबूत विपक्ष है, जो उसके मुख्यमंत्री और मंत्रियों के हर झूठ को एक्सपोज करती रहेगी। दिल्ली में 80 आरोग्य मंदिर खोलने को लेकर सौरभ भारद्वाज का कहना है कि दिल्ली विधानसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब से यह स्पष्ट हुआ है कि अधिकतर आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोई नई स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं।

### दिल्ली में कड़ाके की ठंड जारी, वायु गुणवत्ता बेहद खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कड़ाके की ठंड जारी है और न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार शहर की प्राथमिक वेधशाला सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम है। पालम में तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके अलावा रोधी रोड वेधशाला में यह 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.4 डिग्री कम है। रिज स्टेशन में यह 4.6 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 3.5 डिग्री कम) और आयानगर में 4 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस कम) दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला जाता है तो शीतलहर घोषित की जाती है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने लिवर स्वास्थ्य से जुड़ी कई पहलों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बायलियरी साइंसेज (आईएलबीएस) के 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों का शुभारंभ किया। इन पहलों का उद्देश्य राजधानी दिल्ली में लिवर से संबंधित रोगों की रोकथाम, जन-जागरूकता और रोगी शिक्षा को और ज्यादा मजबूत बनाना है। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने आईएलबीएस के निदेशक डॉक्टर एस.के. सरीन और उनकी पूरी टीम को लिवर केयर के क्षेत्र में निरंतर कुशल नेतृत्व और मरीजों को उत्कृष्ट और संवेदनशील सेवा प्रदान करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर सरीन ने स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राजधानी दिल्ली के सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की गति अभूतपूर्व रही है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में पांच वर्षों का कार्य पूरा हुआ है, जो स्वास्थ्य मंत्री द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने, प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने और आयुष्मान आरोग्य मंदिर नेटवर्क के तेजी से विस्तार जैसे प्रयासों का परिणाम है। इस अवसर पर  डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने 'लिवर ज्ञान' हेल्पलाइन को लॉन्च किया, जो लिवर स्वास्थ्य से संबंधित जन-जागरूकता और परामर्श प्रदान करेगी।

इसके अलावा 'द दिल्ली मॉडलः हेल्दी लिवर, हेल्दी दिल्ली', जो एनएएफएलडी की 18 महीने की स्क्रीनिंग एवं जन-जागरूकता योजना है तथा हेपेटोलॉजी की सामान्य नैदानिक और उपचार प्रक्रियाओं पर आधारित हैंडबुक, जिसे रोगी साक्षरता बढ़ाने के लिए आईएलबीएस के विशेषज्ञों की टीम द्वारा तैयार किया गया है का भी मंत्री डॉ. पंकज ने शुभारंभ किया। लिवर ज्ञान हेल्पलाइन 1800115354 (टोल-फ्री) पर उपलब्ध होगी, जहां नागरिकों को लिवर स्वास्थ्य से संबंधित मार्गदर्शन, तेजी से सुनवाई और तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### अवैध नशा बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** 13 जनवरी को अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर व अपराध शाखा एवीटीएस-2 की टीम ने अवैध नशा बेचने बाले अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए सुमित कुमार निवासी 4.09 ग्राम स्मैक सहित लक्कड़पुर रोड सराय के पास से काबू किया ।

### 6 लाख 24 हजार रुपए की ठगी, गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 6,24,887 रुपए की ठगी, कॉलर गिरफ्तार, साइबर थाना एनआईटी की कार्रवाई संजय कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके पास एक व्हॉट्सएप कॉल आई, कॉलर ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड पर लिमिट बढाने का ऑफर आया हुआ है।

### जीडीए ने विरोध के बीच अवैध कालोनी ध्वस्त की



**गाजियाबाद।** जीडीए ने बुधवार को बम्बा रोड़, मोदीनगर क्षेत्र में लगभग 8000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कालोनी पर ध्वस्त कर दी गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में सचिन डागर द्वारा ग्राम-बम्बा रोड़, मोदीनगर, गाजियाबाद में लगभग 8000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी विकसित की जा रही है। प्राधिकरण से स्वीकृति संबंधी कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

# भाजपा महानगर कार्यालय, नेहरू नगर गाजियाबाद में पारंपरिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ लोहड़ी उत्सव

## ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर पर्व की खुशियां साझा कीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक लोहड़ी पर्व भाजपा महानगर कार्यालय, नेहरू नगर गाजियाबाद में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें लोहड़ी से जुड़ी सभी पारंपरिक रस्मों का विधिवत निर्वहन हुआ। इस अवसर पर खिचड़ी का वितरण भी किया गया।





**एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर सुख-समृद्धि की कामना की**

इस दौरान अग्नि प्रज्वलित कर तिल, गुड़ और रेवड़ी अर्पित की गई तथा ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य कर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि लोहड़ी का पर्व आपसी भाईचारे, सकारात्मकता और समृद्धि का संदेश देता है तथा ऐसे आयोजन संगठनात्मक एकता को सुदृढ़ करते हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष सरदार एसपी सिंह ने कहा कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है, जो समाज में प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व महानगर अध्यक्ष सरदार एसपी सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रनीता सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सरदार बलप्रीत सिंह, प्रीति चंद्रा, अनीता शर्मा, अमृता सिंह, गौरव चोपड़ा, लवली कौर, पंकज भारद्वाज, बलराम रावल, डॉ. ऋचा भदौरिया और एडवोकेट सिमरन रंधावा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर सुख-समृद्धि की कामना की।

## वार्ड 26 में संक्रांति पर खिचड़ी प्रसाद वितरित करने पहुंचे खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री नागर

# तिगांव विधानसभा की बची हुई कॉलोनियों को भी पास कराने का प्रयास जारीः राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बल्लभगढ़

तिगांव विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से बिजली, पानी, खड़ंजे के निर्माण कार्य जारी हैं और इनमें अनेक प्रोजेक्ट अभी और जुड़ेंगे। यह बात मंत्री राजेश नागर ने आज वार्ड 26 में खिचड़ी प्रसाद वितरित करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। इसका आयोजन पार्षद लाल मिश्रा ने किया था।

पार्षद लाल मिश्रा ने मंत्री के समक्ष स्थानीय मांगें भी रखीं जिन्हें उन्होंने जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। नागर ने कहा कि आज के समय भी यहां करोड़ों की लागत से विकास कार्य जारी हैं और आगे भी अनेक कार्य शुरू होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पल्ला, सेहतपुर, अगवानपुर, विनय नगर आसपास क्षेत्र में अमृत योजना एक के तहत सड़क पानी के बहुत कार्य हुए और अमृत योजना दो के तहत यहां पर और बड़ी संख्या में काम होने हैं। इसके अलावा जो कालोनियां नियमित होने से रह गई हैं उन्हें भी नियमित करने के लिए मैं प्रयासरत हूं और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से इनको जल्द से जल्द नियमित करवाएंगे जिससे हम नगर निगम के फंड को सीधा इन कॉलोनी में लगा सकेंगे। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि आप लोगों ने हमें तीसरी बार विकास के आधार पर ही चुना है। यह भाजपा की सरकार बिना भेदभाव के विकास करती है। आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र को बाकी शहर से जोडने के लिए इतनी संख्या में पुल नहर पर बनाए गए हैं कि यह पूरा क्षेत्र जाम मुक्त हो गया है। इस अवसर पर धनंजय झा, मिथलेश झा, मुकेश झा, मनोज नागर, प्रहलाद शर्मा, दीपू झा, राम मनोहर भूषण, मंजू बाला, मृत्युंजय सिंह, संदीप सिंह, देवेंद्र कुमार, विकास सिंह, हिमांशु झा, हेमंत राय, सीमा श्रीवास्तव आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।



## उद्देश्य पिंकाथॉन के साथ साझेदारी कर जागरूकता बढ़ाना

# ज़ाइडस पिंकाथॉन में भाग लेंगी हजारों महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

ज़ाइडस पिंकाथॉन ने महिलाओं की इस प्रतिष्ठित रेस के आठवें संस्करण के साथ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वापसी की घोषणा की है। आगामी 8 मार्च को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाला यह आयोजन पिंकाथॉन के सबसे सक्रिय और उत्साही शहरों में से एक दिल्ली के लिए एक महत्वपूर्ण 'होमकमिंग' जैसा है।

पिंकाथॉन के संस्थापक मिलिंद सोमन ने कहा कि दिल्ली हमेशा से पिंकाथॉन की कहानी का अहम हिस्सा रही है और आठवें संस्करण के लिए यहां लौटना ऐसा है जैसे उस बातचीत को फिर से आगे बढ़ाना, जो कभी रुकी ही नहीं। वर्षों में इस शहर की हजारों महिलाओं ने हमारे साथ कदम मिलाए दौड़ीं, चलीं और इस मंच के साथ आगे बढ़ीं। इस अवसर पर ज़ाइडस लाइफसाइंसेज़ के प्रबंध निदेशक डॉ. शरविल पटेल ने कहा, ईज़िएस्ट एग्ज़ाम' अभियान के माध्यम से हम महिलाओं को यह सशक्त संदेश देना चाहते हैं कि हर महीने केवल 3 मिनट का सेल्फ-एग्ज़ाम जीवन रक्षक साबित हो सकता है। पिंकाथॉन के साथ साझेदारी कर हम अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाना, जागरूकता बढ़ाना और स्तन कैंसर के खिलाफ सामूहिक प्रयासों को प्रेरित करना चाहते हैं। इनविंसिबल वुमनकी फाउंडर अंकिता कोनवार ने कहा कि सबसे ज़्यादा उत्साहजनक बात यह है कि महिलाएं लगातार लौट रही हैं। हर साल भाग ले रही हैं, अलग-अलग डिस्टेंस कैटोगरीज़ में आगे बढ़ रही हैं और समय के साथ और मज़बूत बन रही हैं। वे खेल में महिलाओं की मौजूदगी को सामान्य बनाते हैं, उन्हें अपनी गति से सीमाएं आगे बढ़ाने और फिटनेस को एक दीर्घकालिक अभ्यास के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रख्यात ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. मनीष सिंघल ने कहा कि ज़ाइडस पिंकाथॉन के साथ हमारा जुड़ाव यह दर्शाता है कि एक विश्वसनीय मंच किस तरह जागरूकता को बड़े पैमाने पर सार्थक कार्रवाई में बदल सकता है। 5,300 से अधिक महिलाओं की भागीदारी और रिकॉर्ड स्तर की सामुदायिक सहभागिता ने सतत और निवारक स्वास्थ्य पहलों के प्रभाव को फिर से साबित किया है।

# संघ 100 वर्षों से निरंतर राष्ट्र की सेवा और समाज उत्थान कार्य में जुटा हुआ हैः डॉ. कृष्ण गोपाल

## संघ के शताब्दी वर्ष पर प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी, पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज जागरण का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को फरीदाबाद महानगर पूर्व द्वारा प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य संघ की 100 वर्षों की राष्ट्र साधना की यात्रा और भविष्य के पंच परिवर्तन के विषयों पर संवाद करना था। इस अवसर पर पत्रिका का भी विमोचन हुआ। सेक्टर-11 स्थित मिलन वाटिका में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवा आयुर्वेद के संस्थापक निदेशक डॉ. प्रताप चौहान मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कृष्ण गोपाल और अखिल भारतीय संपर्क टोली के सदस्य कृष्ण सिंघल, विभाग संघचालक डॉ अरविंद सूद की गरिमामयी उपस्थिति रही। संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उसके उपरांत अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि संघ विगत 100 वर्षों से निरंतर राष्ट्र की सेवा और समाज के उत्थान में जुटा है। उन्होंने कहा कि 1925 में विजयी दशमी के दिन नागपुर से शुरू हुई यह यात्रा आज एक वटवृक्ष का रूप ले चुकी है। यह यात्रा केवल संगठन की नहीं, बल्कि समाज के सहयोग और समर्थन से बनी एक गौरवमयी गाथा है। आज विश्व भर में हिंदू दर्शन की स्वीकार्यता बढ़ रही है और सामान्य नागरिकों में राष्ट्रीय चेतना का निरंतर विकास हो रहा है। डॉ. कृष्ण गोपाल ने अपने संबोधन में पंच परिवर्तन के विषयों पर विशेष बल दिया। समाज में समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य ही वे पांच स्तंभ हैं।



जीवा आयुर्वेद के संस्थापक निदेशक डॉ. प्रताप चौहान ने आयुर्वेद और भारतीय संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास में संघ की भूमिका की सराहना की।

## मूकबधिर समाज की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया

# राज्य मंत्री कश्यप ने अपने निवास पर दिव्यांगजनों को कंबल वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने निवास पर दिव्यांगजनों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर गाजियाबाद बधिर एसोसिएशन के सदस्य भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान निम्न आय वर्ग के मूकबधिर दिव्यांगजनों को कंबल प्रदान किए गए। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मकर संक्रांति सनातन संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र एवं शुभ पर्व है, जो प्रकृति, सूर्य उपासना और मानव जीवन के बीच संतुलन का प्रतीक है। यह पर्व देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है और सामाजिक समरसता व सेवा भावना का संदेश देता है। इस अवसर पर मूकबधिर प्रतिनिधि राजीव कंबोज एवं पंकज बंसल ने मूकबधिर समाज को आने वाली विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया, जिस पर मंत्री ने संवेदनशीलता से विचार कर सहयोग का आश्वासन दिया। कंबल प्राप्त करने वालों में प्रमुख रूप से सुमन पांचाल, सुरेश पंचाल, राजू कुमार, रविंदर, संजय कुमार, बलविंदर सिंह, बीना देवी, सीमा, राजू हसन, मोनू कुमार, प्रतिभा, सुभाष पाल, सुनील कुमार, मनीष सैनी, प्रमोद गुप्ता, सुभाष पांचाल सहित अन्य मूकबधिर दिव्यांगजन शामिल रहे।



# स्कॉर्पियो पर चढ़कर स्टंटबाजी करने वाले छह आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला एरिया के सेक्टर-85 में स्कॉर्पियो की छत पर सवार होकर डांस करने पर पुलिस ने छह आरोपियों को काबू किया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो होने पर पुलिस ने कार्रवाई की। वायरल वीडियो में आरोपी कार में सवार होकर छत पर जानलेवा स्टंट व हुड़दंग करते हुए दिखाई दे रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें सेक्टर-85 रोड़ पर कार में सवार होकर युवक छत पर जानलेवा स्टंट व हुड़दंग करते हुए दिखाई दे रहे थे। पुलिस ने स्टंटबाजों के खिलाफ खेड़कीदौला थाना में केस दर्ज कर लिया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जावेद उर्फ गुल्ली, पुत्र शाहिद निवासी डब्ल्यूजेड-272, गली नं. 4, तिहार गांव, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 588/2020, धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ गुल्ली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ गुल्ली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 588/2020, धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना हरि नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ गुल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.03.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री मोक्षा बैंस**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11, कमरा नं. 31**
**तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली**
**DP/566/WD/2026**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अल्ताब आलम उर्फ विक्की पुत्र मुमताज आलम निवासी म. नं. 226, एमएए वाली बाबा चौक, मंडावली, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 98/2021, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली एक्साईज एक्ट, थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अल्ताब आलम उर्फ विक्की** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अल्ताब आलम उर्फ विक्की** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 98/2021, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली एक्साईज एक्ट, थाना मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अल्ताब आलम उर्फ विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सचिन कुमार**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 16
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
**DP/554/ED/2026**
**(Court Matter)**

### एनसीआरटीसी ने मेरठ में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित किया सहायक उपकरण वितरण

**गाजियाबाद।** दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के आसपास रहने वाले दिव्यांगजनों की पहुँच और स्वतंत्रता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी ने अपने सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रमों की श्रृंखला मेरठ में एक और कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। आयोजन एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से जापान फंड फॉर प्रॉस्परस एंड रेज़िलिएंट एशिया एंड द पैसिफिक के अंतर्गत किया गया। डीएन पॉलिटेक्निक, मेरठ में आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीआरटीसी और एडीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने 135 दिव्यांग लाभार्थियों को मोटराइज़्ड ट्राई- साइकिल वाहन प्रदान किए।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**मु.न. 21 दिनांक 13.01.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - मुनेश देवी ।
पति का नाम - मोनू ।
पता - वासी गाँव बड़ोता सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 33 वर्ष।
कद - 5 फुट 3 ईन्च।
हुलियाः- रंग गोरा, गोल चेहरा, काले लम्बे बाल, काली आँखे, पतला शरीर, दाहीने हाथ पर बासुरी का टैटू बना हुआ है।
पहनावाः- सतरी रंग का सुट-सलवार व पैरों मे महरुम रंग के जुती पहने हुए है।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 12.01.2026 को मुनेश देवी पत्नी मोनू वासी गाँव बड़ोता सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चली गयी हैं व अपने संग अपनी लड़की इशिका को भी लेकर गई हुई है जो अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना सदर गोहाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना सदर गोहाना-7419410545**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9467773641**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।,**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/4350/2026/42034/88/7 दि. 14.01.26

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स ''टावर ऑफ जस्टिस'' के मुख्य भवन में फायर टावर एरिया में लिफ्ट प्रेशराइजेशन डक्ट्स की कवरिंग और जलापूर्ति हेतु टैरेस लेवल रिंग लाइन समेत सत्र न्यायालय कक्ष का परिवर्धन। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 104.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स ''टावर ऑफ जस्टिस'' में बहुस्तरीय बेसमेंट पार्किंग में वाटर प्रूफिंग का बकाया कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 91.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स ''टावर ऑफ जस्टिस'' में बहुस्तरीय बेसमेंट पार्किंग का बकाया संरचना कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 415.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में 15 अदद नये कोर्ट रूम, 15 अदद कोर्ट चेम्बर और 15 अदद अहलमद कमरों के निर्माण में बकाया कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 62.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी जिले में बाल भवन की बिल्डिंग का निर्माण। (फायर अलार्म, एलएएन, सीसीटीवी, साउंड ऑडियो/वीडियो, स्टेज लाइट और मोटराइज्ड कर्टेन का प्रावधान केवल)। | 10.01.2026 16.01.2026 | 72.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में कमजोर गवाह न्यायालय के लिए केन्द्र की स्थापना (कमजोर गवाह प्रणाली के लिए अपेक्षित वैद्युत सेवाओं का प्रावधान केवल)। | 12.01.2026 19.01.2026 | 20.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में 4 अदद शौचालयों का निर्माण और 2 अदद लिफ्टों के प्रावधान द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा के प्रावधान हेतु प्रसारण-कच्चा लागत अनुमानित राशि रु. 66.06 लाख के माध्यम से एक प्रस्ताव पारित करके आयोजित माननीय बिल्डिंग कमेटी, हरियाणा की बैठक के मिनट्स (2 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 12.01.2026 19.01.2026 | 43.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प हिसार | गांव सातरोड (हिसार) में पीएचसी का निर्माण (डेस्कटॉप, लैपटॉप और ऑयल टाइप हीटर का प्रावधान केवल)। | 10.01.2026 16.01.2026 | 3.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प हिसार | गांव सातरोड (हिसार) में पीएचसी का निर्माण (बकाया वैद्युत सेवाओं का प्रावधान केवल)। | 12.01.2026 19.01.2026 | 4.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | रेवाड़ी जिले में रेवाड़ी में नई जिला जेल के अतिरिक्त भाग का लैंडस्केपिंग कार्य का विकास (हॉस्पीटल ब्लॉक, कम्यूनिटी हॉल और वार्डर्स हॉस्टल पुरुष)। | 13.01.2026 21.01.2026 | 8.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 11 | सिविल हॉस्पीटल, पंचकूला | सात लिफ्टों के व्यापक रखरखाव अनुबंध हेतु विज्ञापन। | 14.01.2026 28.01.2026 | ईएमडी 36000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रेवाड़ी | गांव बिसोहा में सुरक्षा दीवार। | 13.01.2026 19.01.2026 | 13.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 9812789127 ascorewari2025@gmail.com |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग चरखी दादरी | तालाब, पातुवास, चरखी दादरी की रिटेनिंग वॉल। | 13.01.2026 20.01.2026 | 22.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466627716 ascodadri@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2026/260/42042/I/88/7 दि. 14.01.26

# मकर संक्राति माघ मेला पर आस्था की डुबकी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज एवं वाराणसी में मकर संक्राति माघ मेला पर लाखों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। वही वाराणसी मे 9 लाख ने किया पवित्र स्नान किए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और हरिद्वार में बुधवार सुबह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मकर संक्रांति और एकादशी के पावन अवसर पर जहां प्रयागराज के संगम तट पर स्नान करने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों ने स्नान किया। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति और माघ की एकादशी पर स्नान को अत्यंत पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मेले में श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। घाटों पर पुलिस बल तैनात है, ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष रूट डायवर्जन लागू किया गया है।



## खबर संक्षेप

### मुठभेड़ में 10 हजार का इनामी आरोपी अरेस्ट



**सोनभद्र।** हाईवे पर रात में वाहनों को रोककर लूटपाट करने वाले गिरोह के सदस्य कृष्णा उर्फ कृष्णदेव सिंह (23) को कोन पुलिस ने मंगलवार की रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। एक अन्य साथी मौके से फरार गया। पुलिस के मुताबिक कृष्णदेव महिला का वेश बनाकर वाहनों को रोकता था और उसके साथी चालकों को लूट लेते थे। उसकी पहचान नौडिहा निवासी कृष्णा उर्फ कृष्णदेव सिंह (23) के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा, कारतूस, 450 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन मिले।

### प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं से मिले अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सतर्क और संगठित रहने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने स्पष्ट कहा कि चुनावी जीत की असली लड़ाई बूथ पर लड़ी जाती है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता अपने बूथ पर मजबूती से काम करे। वोट बचाना और बूथ जिताना समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। फार्म-6 के माध्यम से छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जरूर जुड़वाएं और भाजपा की चालाकियों से पूरी तरह सतर्क रहें। 2027 में कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

## विदेशी बाजार तक पहुंचेगा हर जिले का खास व्यंजन, 24 जनवरी को होगा शुभारंभ

# पूरी दुनिया में छाएगा यूपी का स्वाद: सीएम योगी ला रहे 'एक जिला एक व्यंजन' योजना

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध और पारंपरिक व्यंजन संस्कृति अब सिर्फ प्रदेश या देश तक सीमित नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस महीने एक नई योजना 'एक जिला एक व्यंजन' ओडीओडीसी का शुभारंभ करने जा रहे हैं।

यह योजना 'एक जिला एक उत्पाद' की सफलता को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। इसके तहत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले के खास व्यंजनों को वैश्विक पहचान दिलाई जाएगी और उन्हें देश-विदेश में उपलब्ध कराया जाएगा।



### सफलता से बढ़ी उम्मीदें

24 जनवरी 2018 को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक जिला एक उत्पाद' योजना शुरू की थी। की सफलता ने प्रदेश के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2023-24 में प्रदेश से 1.70 लाख करोड़ रुपये का निर्यात हुआ, जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी उत्पादों की रही।

### 150 व्यंजनों की सूची तैयार, हर जिले का फ्लेवर शामिल

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने प्रदेशभर के लगभग 150 पारंपरिक व्यंजनों की सूची तैयार की है। प्रत्येक जिले से कम से कम एक लोकप्रिय व्यंजन को इस योजना में शामिल किया गया है। इस सूची को मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश दिवस (24 जनवरी) के अवसर पर मुख्यमंत्री इस योजना का औपचारिक शुभारंभ करेंगे।

### यूपी का स्वाद अब वैश्विक पहचान के साथ

एक जिला एक व्यंजन योजना के माध्यम से न केवल प्रदेश के पारंपरिक व्यंजन सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उन्हें वैश्विक मंच पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। इससे यूपी की खाद्य संस्कृति का प्रचार, स्थानीय व्यवसायियों की आर्थिक मदद और राज्य के पर्यटन को भी मजबूती मिलेगी। आने वाले समय में हर जिले का व्यंजन विदेशों की मेजों पर अपनी खुशबू और स्वाद से लोगों को आकर्षित करेगा।

### लखनऊ से लेकर पूरे यूपी तक: कई मिठाई और नमकीन शामिल

यूनेस्को ने हाल ही में लखनऊ को 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' का दर्जा दिया है। अब लखनऊ के रेवड़ी, मक्खन मलाई और आम आधारित उत्पाद वैश्विक स्तर पर पहचान पाएंगे। वहीं वाराणसी की तिरंगा बर्फी, बलिया का सत्तू, आगरा का पेठा, मथुरा का माखन-मिस्री, बाराबंकी का चंद्रकला, फर्रुखाबाद का दालमोट, शाहजहांपुर की लौंग बर्फी, सिद्धार्थनगर का मखाना, गोरखपुर का लिट्टी-चोखा, कानपुर का लड्डू और मेरठ की रेवड़ी व गजक जैसी पारंपरिक मिठाइयाँ और व्यंजन भी योजना में शामिल हैं।

## दही-चूड़ा भोज में बोले लालू यादव

# तेज प्रताप को मेरा आशीर्वाद अब परिवार के साथ ही रहेगा

एजेंसी ▶▶ पटना

मकर संक्रांति के मौके पर तेज प्रताप यादव के आवास पर आयोजित दही-चूड़ा भोज में राजनीति से ज्यादा परिवार की बात होती नजर आई। सात महीने बाद तेज प्रताप के घर पहुंचे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने साफ शब्दों में कहा कि वे बेटे तेज प्रताप से नाराज नहीं हैं और उनका आशीर्वाद हमेशा उसके साथ रहेगा। लालू के इस बयान को तेज प्रताप की राजनीतिक और पारिवारिक वापसी के तौर पर देखा जा रहा है।

दही-चूड़ा भोज के दौरान मीडिया से बातचीत में लालू यादव ने कहा कि परिवार में मतभेद होते रहते हैं, लेकिन इसका मतलब दूरी नहीं होता। उन्होंने दो टूक कहा कि तेज प्रताप अब परिवार के साथ ही रहेगा। लालू का यह बयान ऐसे समय आया है, जब लंबे समय से यह चर्चा चल रही थी कि तेज प्रताप पार्टी और परिवार से अलग-थलग पड़ गए हैं। तेज प्रताप के बीजेपी में जाने की अटकलों पर भी लालू यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बेटे को हमेशा उनका आशीर्वाद मिलेगा, वह जहां भी रहेगा, खुश और सफल रहे, यही उनकी कामना है। लालू के इस जवाब को सियासी संकेतों से ज्यादा भावनात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।



## पेज एक का शेष...

### 'ऑपरेशन पवन' के ...

के जांबाज योद्धाओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। बल्कि यह ऐलान भी किया कि इन्हें जो सम्मान आज तक नहीं मिला। वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की मौजूदा सरकार देगी। राजनाथ सिंह ने ये भी कहा कि हमारी सरकार इस अभियान के सैन्य नायकों के योगदान को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करती है और उसे हर स्तर पर मान्यता देने की प्रक्रिया में भी है। समारोह में सीडीएस, तीनों सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख-उपप्रमुख सहित रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।

**1 हजार से अधिक सैनिकों ने दी शहादत :** गौरतलब है कि भारत और श्रीलंका की सरकार के बीच 1987 में हुए एक आधिकारिक समझौते के तहत ऑपरेशन पवन की शुरुआत की गई थी। भारतीय सेना की टुकड़ी को बतौर शांति सेना के रूप में पड़ोसी द्वीपीय देश में भेजा गया था। जिसका उद्देश्य वहां बढ़ते तमिल-सिंहली संघर्ष को रोकना और लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के उग्रवादियों को निशस्त्र करना, जाफना व अन्य इलाकों को लिट्टे के नियंत्रण से मुक्त करना था। लिट्टे ने समझौते को अस्वीकार कर दिया था। जिसकी वजह से श्रीलंका में भारतीय सेना और लिट्टे के उग्रवादियों के बीच भीषण युद्ध हुआ। जो करीब ढाई साल तक यानी 1990 तक चला और उसमें कुल 1 हजार 171 भारतीय सैनिकों ने शहादत दी। जबकि घायलों की तादाद 3 हजार से अधिक रही। भारत के सैन्य इतिहास में हुई यह सबसे भारी क्षति मानी जाती है। अभियान में भारत के कई वीर योद्धाओं ने अपनी असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया। मेजर रामास्वामी परमेश्वरन को 25 नवंबर 1987 को एक मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त होने के बाद मरणोपरांत भारत के युद्ध काल में प्रदान किए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र (पीवीसी) से सम्मानित किया गया। रक्षा जानकारों की राय में पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता के पीछे का एक बड़ा कारण अभियान के खत्म होने के अगले साल यानी 1991 में लिट्टे के उग्रवादियों द्वारा तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में की गई तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की निर्मम हत्या को माना जाता है। साथ ही वो इस अभियान को एक अफसल अभियान मानती थीं।

**राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ हैं पूर्व सैनिक :** राजनाथ सिंह ने ढाई हजार पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में हुए इस समारोह में कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ, सामूहिक साहस के प्रतीक और भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के मुख्य स्रोत हैं। ऐसे में उन्हें अपने अनुभवों के जरिए युवाओं के पथ-प्रदर्शन के साथ ही अग्निवीरों को सही दिशा प्रदान करनी चाहिए। जिससे वे आपातकालीन स्थितियों में नागरिक प्रशासन का साथ दें, सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दें, जमीनी स्तर पर देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करें। क्योंकि इसी से भविष्य के लिए एक मजबूत भारत की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब भारत एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। तब पूर्व सैनिकों का अनुभव, नेतृत्व और मूल्य देश के लिए अमूल्य धरोहर हैं। खासतौर पर युवाओं को आपसे सीखने की आवश्यकता है।

**ओआरओपी से जीवन में आई स्थिरता :** उन्होंने कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। इस दिशा में हमने वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) की लंबे समय से लंबित पड़ी हुई मांग को पूरा किया है। साथ ही अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) को भी मजबूती प्रदान की है। राजनाथ ने कहा कि ओआरओपी के लागू होने से न केवल पूर्व सैनिकों के जीवन में आर्थिक स्थिरता आई है। बल्कि इससे उनका ये विश्वास भी मजबूत हुआ है कि देश उनके साथ निष्पक्ष व्यवहार करता है। इस मामले में हमारा रुख बिलकुल साफ है कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वालों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। हमारी कोशिश है कि स्वास्थ्य सुविधाएं शहरों की बजाय दूरदराज के क्षेत्रों तक भी पहुंचें।

**सामाजिक चेतना बेहद महत्वपूर्ण :** किसी भी देश की सच्ची शक्ति केवल योजनाओं से नहीं बल्कि उसकी सामाजिक चेतना में झलकती है। जिसके साथ वो अपने सैनिकों और पूर्व सैनिकों को देखता है। हमारे समाज द्वारा पूर्व सैनिकों को दिया जाने वाला सम्मान हमारे लिए एक महान सामाजिक पूंजी है। जो पीढ़ियों को जोड़ती है और राष्ट्र की आत्मा को मजबूत करती है। हमारे लिए ये गर्व की बात है कि भारत के सैनिकों के प्रति सम्मान किसी निर्देश से नहीं बल्कि ये हमारे मूल्यों का स्वाभाविक विस्तार है। सैनिकों के साथ हमारा बंधन हृदय, विश्वास, सम्मान और साझा भविष्य के सपनों का है।

### बीते 40 वर्षों में अपनी ...

लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में पटनायक ने यह जानकारी दी है। उन्होंने दो टूक अंदाज में यह भी कहा कि इस मामले को लेकर कनाडा अपने दावे के संबंध में भारत को कोई ठोस प्रमाण नहीं दे पाया है। जबकि उसकी तरफ से दोहरे मापदंड अपनाए गए हैं। उन्होंने कहा, भारत की समस्या अलगाववादियों द्वारा किए जाने वाले जनमत संग्रह से नहीं है। बल्कि उन लोगों से है जो भारत में अपराधी हैं या विदेश में आतंकवादी गतिविधियां चला रहे हैं।

**सिर्फ और सिर्फ कोरे आरोप हैं :** सीबीसी एंकर ने जब अपने प्रश्न के माध्यम से बार-बार आतंकी निज्जर की हत्या के संबंध में कनाडा की खुफिया एजेंसियों और पुलिस के पास सबूत होने की बात कही। तो उसे भारत के उच्चायुक्त ने सिरे से खारिज करते हुए जवाब में पूछा, अगर सबूत हैं तो कहां हैं? यह सिर्फ ऐसे आरोप हैं, जिनका कोई साक्ष्य या प्रमाण नहीं है। ऐसे में इन्हें महज आरोप के अलावा और कुछ नहीं माना जा सकता है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि जब भी भारत ने कनाडा में मौजूद सक्रिय आतंकवादियों के संबंध में ओटावा की सरकार से जानकारी साझा की है। तो हर बार उनकी तरफ से सबूतों की कमी का रोना रोया जाता है। लेकिन वहीं, इसके उलट जब कनाडा भारत पर आरोप लगाता है तो उसकी सोच यह रहती है कि इन्हें बिना किसी सबूत के ही सच मान लिया जाए। यह कैसे संभव है? मानक सभी के लिए एक समान होने चाहिए।

**एयर इंडिया बम धमाके की दिलाई याद :** पटनायक ने एंकर के सामने वर्ष 1985 में हुए एयर इंडिया बम धमाके का उल्लेख करते हुए पूछा कि इस घटना को भी 40 साल से अधिक समय हो चुका है। लेकिन आज तक किसी को भी सजा नहीं हुई है। हमले में कुल 329 लोग मारे गए थे। जबकि कनाडा की सरकार मामले में आज तक कुछ भी पता नहीं लगा पाई है। कनाडा ही है, जहां पर आतंकवाद को लेकर 40 वर्षों से बात हो रहे हैं। लेकिन आज तक किसी को सजा नहीं दी गई है। सीबीसी की एंकर ने उच्चायुक्त के समक्ष भारत की सरकार पर भरोसे की कमी का आरोप लगाया। जिसके जवाब में पटनायक ने साफ किया कि उनके इस मत में कोई सच्चाई नहीं है। क्योंकि भारत की सरकार के सामने अगर तथ्यों के हिसाब से कोई दोषी पाया जाता है। तो वह उसके खिलाफ हर हाल में कार्रवाई करेगी। इसके लिए कनाडा की कार्रवाई का इंतजार नहीं किया जाएगा।

### राहुल गांधी बोले- छात्र...

सम्मान करने का मार्ग है और विनम्रता ही एक महान राष्ट्र के निर्माण का आधार है। छात्रों को संदेश देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वे निडर रहें, अपने सिद्धांतों पर दृढ़ रहें, किसी के दबाव में न आएं, अपने लक्ष्य में उत्कृष्टता प्राप्त करें, लेकिन विनम्रता कभी न छोड़ें। उन्होंने विद्यालय के उस वातावरण की सराहना की जहां लोग एक-दूसरे की बात सुनते हैं और एक-दूसरे के प्रति प्यार, स्नेह, सम्मान और दया की भावना रखते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनका भी यही संघर्ष है। वे भी एक ऐसे भारत के निर्माण में योगदान देना चाहते हैं जहां लोग एक-दूसरे के प्रति दयालु हों, एक-दूसरे की बात सुनें, एक-दूसरे का सम्मान करें और एक-दूसरे की भाषा और धर्म का आदर करें।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि आज भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की सत्ता में बैठे लोग चुनाव आयोग और अन्य संस्थानों को कमजोर कर रहे हैं तथा असहमति रखने वालों को डराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे सवाल पूछने से न डरें, साहसी और आत्मविश्वासी बनें।

भारत की विविधता पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश में अनेक भाषाएं, धर्म और संस्कृतियां हैं, जिनका सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी को भी भाषा, धर्म या पहचान के आधार पर किसी को धमकाने या उस पर हमला करने का कोई अधिकार नहीं है।

पर्यावरण के मुद्दे पर राहुल गांधी ने कहा कि विकास के नाम पर प्रकृति का विनाश नहीं किया जा सकता। उन्होंने अरावली और अन्य क्षेत्रों में हो रहे पर्यावरणीय नुकसान को असीमित लालच का परिणाम बताया और कहा कि पर्यावरण केवल वर्तमान पीढ़ी का नहीं, बल्कि देश के भविष्य से भी जुड़ा हुआ है।

राहुल गांधी ने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा अत्यधिक महंगी नहीं होनी चाहिए और इसे पूरी तरह निजीकरण के हवाले नहीं किया जाना चाहिए। सरकार को गुणवत्तापूर्ण सरकारी शिक्षा में निवेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल आईटी और सेवा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि मैन्युफैक्चरिंग तथा लघु और मध्यम उद्योगों में भी नौकरियां पैदा करनी होंगी । राहुल गांधी ने कहा कि भारत ने आईटी क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण यह क्षेत्र आने वाले समय में चुनौतियों का सामना करेगा। ऐसे में भारत को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करना होगा ताकि चीन के वर्चस्व को चुनौती दी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कारीगरों, किसानों, श्रमिकों और हाथ से काम करने वाले लोगों के प्रति सम्मान की संस्कृति विकसित करना जरूरी है।

### लोक सभा अध्यक्ष बिरला...

संसदीय कार्यप्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उत्तरदायी उपयोग, संसदीय व्यवहार और सार्वजनिक विमर्श पर सोशल मीडिया का प्रभाव, मतदान से परे नागरिक सहभागिता और संसद की जनसमझ बढ़ाने के नवोन्मेषी उपाय, तथा सांसदों और संसदीय अधिकारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित विषय शामिल हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने में सभापतियों एवं पीठासीन अधिकारियों की भूमिका पर एक विशेष पूर्ण बैठक (स्पेशल प्लेनरी सत्र) को लोक सभा अध्यक्ष संबोधित करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे सम्मेलन के पूर्ण सत्र, विशेष पूर्ण सत्र तथा समापन पूर्ण सत्र की भी अध्यक्षता करेंगे।

सम्मेलन के इतर, लोक सभा अध्यक्ष ने अनेक विशिष्ट संसदीय नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ताएँ कीं। इनमें कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर श्री फ्रांसिस स्कार्पालेजिया; श्रीलंका की संसद के स्पीकर,(डॉ.) जगथ विक्रमरत्ने, सांसद; सेशेल्स की राष्ट्रीय सभा की स्पीकर, सुश्री अज़ारेल एर्नेस्टा; मालदीव की पीपुल्स मजलिस के स्पीकर, श्री अब्दुल रहीम अब्दुल्ला; केन्या की नेशनल असेंबली के स्पीकर,डॉ. मोसेस मसिका वेटांग'उला; ग्रेनेडा की सीनेट की अध्यक्ष, डॉ. डेसिमा विलियम्स; दक्षिण अफ्रीका की नेशनल काउंसिल ऑफ प्रोविंसेस के उपाध्यक्ष, श्री पूबलन गोवेंदर; तथा दक्षिण अफ्रीका की नेशनल असेंबली की उपाध्यक्ष,डॉ. एनेली लॉट्रिएट शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में 28वें सीएसपीओसी का उद्घाटन करेंगे : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 15 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे संसद भवन परिसर, नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल के पीठासीन अधिकारियों और सभापतियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) का उद्घाटन करेंगे। यह उद्घाटन वैश्विक स्तर पर संसदीय लोकतंत्र तथा उच्चस्तरीय संसदीय कूटनीति को भारत द्वारा दिए जा रहे विशेष महत्व को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण देंगे। इसके उपरांत वे राष्ट्रमंडल तथा स्वायत्त संसदों के सभापतियों एवं पीठासीन अधिकारियों के साथ अनौपचारिक संवाद करेंगे।

### पहली वंदे भारत स्लीपर ...

किराए पर प्रीमियम आराम दिया जा सके।

पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन असम के गुवाहाटी और पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बीच चलेगी, जो देश में लंबी दूरी की रात भर की रेल यात्रा में परिवर्तनकारी कदम होगा। ट्रेन के ट्रायल, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन का पूरा चक्र सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। जनवरी में, पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जल्द ही इस रूट पर शुरू होने वाली है। यह महत्वपूर्ण कॉरिडोर पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत को जोड़ता है और इसका इस्तेमाल रोजाना हजारों यात्री करते हैं, जिनमें विद्यार्थी, मजदूर, व्यापारी और परिवार शामिल हैं। उम्मीद है कि यह नई सेवा दोनों क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी में काफी सुधार करेगी और रात भर की रेल यात्रा के लोगों के अनुभव को बदल देगी। तेज़ गति और आधुनिक डिज़ाइन के साथ, वंदे भारत स्लीपर यात्रा के समय को कम करेगी और साथ ही सहज और आरामदायक यात्रा प्रदान करेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए, इसका मतलब है बेहतर आराम, बेहतर सुरक्षा और अधिक विश्वसनीय यात्रा विकल्प।

### किफायती किराया...

**यात्रियों का आराम और विश्व-स्तरीय सुविधाएं:** विशेषरूप से लंबी दूरी की यात्राओं के लिए डिज़ाइन की गई, वंदे भारत स्लीपर के डिज़ाइन के केंद्र में यात्रियों का आराम है। इस ट्रेन में 16 आधुनिक कोच हैं। इनकी कुल क्षमता 823 यात्रियों की है, जो स्पीड, जगह और आराम का बेहतरीन मेल देते हैं। इसका एडवांस्ड एयरोडायनामिक डिज़ाइन हवा के प्रतिरोध को कम करता है, जिससे तेज़ गति पर भी स्थिर और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित होती है। 180 किमी प्रति घंटे तक की गति से चलने में सक्षम, यह ट्रेन यात्रा के समय को काफी कम करती है और साथ ही शांत और प्रीमियम यात्रा का अनुभव देती है।

एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन किए गए स्लीपिंग बर्थ शरीर को बेहतर सहारा देते हैं, जिससे रात भर की यात्राएं ज़्यादा आरामदायक होती हैं। कोचों के बीच वेस्टिब्यूल वाले ऑटोमैटिक दरवाज़े ट्रेन के अंदर सुरक्षित और सुविधाजनक आवाजाही सुनिश्चित करते हैं। एडवांस्ड सस्पेंशन सिस्टम झटके और कंपन को कम करके यात्रा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाता है, जिससे शांत और थकान-मुक्त यात्रा सुनिश्चित होती है।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों में सामान रखने के लिए काफी और अच्छी तरह से प्लान की गई जगह मिलती है, जिसमें छोटे बैग के लिए ओवरहेड रैक और बर्थ के नीचे स्टोरेज, और बड़े सूटकेस के लिए कोच के दरवाजों के पास विशेष स्थान हैं। इससे अंदर का हिस्सा साफ-सुथरा और आरामदायक रहता है। लंबी दूरी की यात्रा के लिए डिज़ाइन की गई इस ट्रेन में एर्गोनॉमिक स्लीपर बर्थ, USB चार्जिंग पोर्ट और बेहतर सुरक्षा सिस्टम हैं। दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल स्थान, मॉड्यूलर पैंट्री और आग सुरक्षा के लिए एडवांस्ड सिस्टम यात्रियों की सुविधा को और बढ़ाते हैं, जिससे रात्रि के दौरान सुरक्षित, कुशल और आधुनिक यात्रा का अनुभव मिलता है।

**हावड़ा-गुवाहाटी: महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोर** : हावड़ा-गुवाहाटी मार्ग देश के सबसे महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोर में से एक है, जो रोजाना लाखों यात्रियों की आवाजाही में मदद करता है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें पश्चिम बंगाल और असम के यात्रियों के लिए तेज़, आधुनिक और भरोसेमंद यात्रा विकल्प प्रदान करेंगी।

इससे पश्चिम बंगाल के कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, मालदा, मुर्शिदाबाद, पूरबी बर्धमान, हुगली और हावड़ा, और असम के कामरूप मेट्रोपॉलिटन और बोंगाईगांव जैसे जिलों को सीधा लाभ होगा। यह सेवा आम यात्रियों, विद्यार्थियों, पेशेवरों, प्रवासी मजदूरों, व्यापारियों और धार्मिक तीर्थयात्रियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी। इससे कालीघाट मंदिर और कामाख्या देवी मंदिर जैसे प्रमुख तीर्थ केंद्रों की यात्रा आसान, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक हो जाएगी।

हावड़ा-गुवाहाटी रूट पर नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मौजूदा सबसे तेज़ सर्विस, सरायघाट एक्सप्रेस (12345/12346) की तुलना में यात्रा का समय काफी कम कर देगी। सरायघाट एक्सप्रेस को हावड़ा और गुवाहाटी/कामाख्या के बीच लगभग 966 किमी की दूरी तय करने में लगभग 17 घंटे लगते हैं। इसके विपरीत, वंदे भारत स्लीपर के चालू होने के बाद वही यात्रा लगभग 14 घंटे में पूरी होने की आशा है, जिससे इस रूट पर लगभग 3 घंटे की बचत होगी। यात्रा का समय कम होने से क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन, रोज़गार और सामाजिक कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे।

**यात्रा के दौरान क्षेत्रीय स्वाद** : यात्री उच्च-गुणवत्ता वाली ऑनबोर्ड कैटरिंग सेवाओं का भी आनंद लेंगे, जिससे रात की लंबी यात्राएँ अधिक आरामदायक और तनाव-मुक्त होंगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्री अपनी यात्रा के दौरान क्षेत्र-विशिष्ट व्यंजनों का आनंद लेंगे। गुवाहाटी से शुरू होने वाली ट्रेन में प्रामाणिक असमिया व्यंजन होंगे, जबकि कोलकाता से शुरू होने वाली ट्रेन में पारंपरिक बंगाली व्यंजन परोसे जाएँगे, जिससे यात्रा के दौरान सुखद और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भोजन का अनुभव सुनिश्चित होगा।

**स्टाफ सपोर्ट, निर्बाध संचालन** : वंदे भारत स्लीपर में रेलवे स्टाफ के लिए भी महत्वपूर्ण सुधार किया गया है। लोको पायलटों के लिए, ट्रेन में एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन किए गए ड्राइवर केबिन हैं जो लंबे ड्यूटी घंटों के दौरान तनाव और थकान को कम करते हैं, साथ ही स्वच्छता और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित, अच्छी तरह से सुसज्जित शौचालय भी हैं।


डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब अकसर सताए पेट में गैस की समस्या



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले काफी महीनों से मुझे गैस प्रॉब्लम हो रही है। कभी कभार तो चक्कर और वॉमिट भी होने लगता है। इससे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नरेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। इसके लिए आप अपनी खान-पान और लाइफस्टाइल में बदलाव करें। अधिक ऑयली, तला-भुना खाना बिल्कुल ना खाएं। दोपहर के खाने में सलाद जरूर खाएं। रात का खाना बिल्कुल हल्का करें और सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। दूध रात में बिल्कुल ना लें। इस तरह बदलाव करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरे बाल ज्यादा झड़ने लगते हैं। बालों में डेंड्रफ भी हो रही है। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुश, रायपुर**

सर्दियों के मौसम में बाल झड़ने की समस्या ज्यादा होती है, इसकी कई वजहें हैं। पहला डेंड्रफ अधिक होता है, लोग रोज तेज गर्म पानी से नहाते हैं, इसके साथ ही बाल ज्यादातर ढंक कर रखते हैं, इसलिए स्कैल्प को सनलाइट नहीं मिल पाती है। कोशिश करें कि नहाने के बाद थोड़ी देर धूप में बैठें। साथ ही ज्यादा गर्म पानी से ना नहाएं। पानी नॉर्मल होना चाहिए। तरह-तरह के शैंपू के इस्तेमाल से भी बचें।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे बार-बार सर्दी-जुकाम की प्रॉब्लम हो रही है। दवाई लेने पर ठीक हो जाती है, कुछ दिनों बाद फिर से यही प्रॉब्लम शुरू हो जाती है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-गौतम, बिलासपुर**

आजकल बड़े शहरों में होने वाले प्रदूषण की वजह से इस तरह की समस्या लोगों में देखने को ज्यादा मिल रही हैं। इससे बचने के लिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर मास्क लगाकर ही निकलें और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी यानी खट्टे फल अधिक खाएं। कोशिश करें कि फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज और ड्रिंक न खाएं-पिएं। दही ताजा ही खाएं। इस तरह बदलाव करने से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 64 वर्ष है। मैं अकसर अपने यूरीन प्रेशर पर कंट्रोल नहीं कर पाता हूं। इसकी क्या वजह हो सकती है? कृपया इसके समाधान का कोई उपाय बताएं।**

**-राकेश, रोहतक**

बढ़ती उम्र में लोगों को प्रोस्टेट की समस्या देखी जाती है, आपकी समस्या सुनकर भी यही लग रहा है। हालांकि आजकल तो कम उम्र के लोगों में भी यह समस्या हो रही है। आपको एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। अगर ज्यादा प्रॉब्लम हो रही है और ऑपरेट करने लायक होगा तो डॉक्टर जांच करने के बाद आपको सजेस्ट करेंगे। आपको कुछ एहतियात बरतने होंगे, जिनके बारे में डॉक्टर बताएंगे। बगैर जांच किए कोई भी दवा ना खाएं।

**मेरी उम्र 51 वर्ष है। जब कभी भी मैं ज्यादा चलता हूं या वॉक कर लेता हूं तो मेरे पैरों में सूजन हो जाती है। फिर अपने आप ठीक भी हो जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-रामप्रकाश, बलौदा बाजार**

आपको शुगर की समस्या तो नहीं है और अगर है तो आपने शुगर जांच कराना चाहिए। कई बार शुगर बढ़ने की वजह से भी सूजन आ जाती है। हालांकि कई बार मांसपेशियों की वजह से ऐसी समस्या देखी जाती है। फिलहाल आप कोशिश करें कि कम से कम टहलें और एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करा लें। उसके बाद ही ट्रीटमेंट हो पाएगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अवेयरनेस
डॉ. माजिद अलीम

इन दिनों उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश राज्यों में कड़ाके की ठंड हो रही है। ऐसे में हार्ट और बीपी पेशेंट्स को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। जरा सी लापरवाही आपके हार्ट पर भारी पड़ सकती है, जो बहुत रिस्की हो सकता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि किस तरह आप अपने हार्ट की प्रॉपर केयर कर सकते हैं? इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# ठिठुरती सर्दी के दिनों में हार्ट की करें प्रॉपर केयर



जनवरी महीने की ठंड में आमतौर पर लोग सर्दी-खांसी, फीवर से ग्रस्त होते रहते हैं। लेकिन यही ठिठुरन भरी सर्दी हमारे हृदय पर भी भारी पड़ सकती है, यह हममें से ज्यादातर लोग नहीं जानते हैं। दरअसल, सर्दियों में, खासकर दिसंबर मध्य से लेकर फरवरी की शुरुआत के बीच हार्ट अटैक और दिल से जुड़ी आपात स्थितियों के मामले भारत में सबसे ज्यादा दर्ज होते हैं। लेकिन विंडबना यह है कि ज्यादातर लोग इसे मौसम का मामूली असर मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि ठंड शरीर के भीतर ऐसी कई प्रतिक्रियाएं शुरू कर देती है, जो हृदय के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती हैं।

## ठंड का हार्ट पर असर

ठंड लगते ही शरीर अपनी गर्मी बचाने के लिए रक्त नलिकाओं को सिकोड़ने लगता है, इससे अचानक रक्तचाप बढ़ जाता है। दिल को उसी मात्रा में खून पंप करने के लिए तब ज्यादा जोर लगाना पड़ता है। जिन लोगों को पहले से ही हाई ब्लडप्रेशर, शुगर या दिल की बीमारी हो, उन्हें ठंड के मौसम में कोई भी खतरा मोल नहीं लेना चाहिए, क्योंकि जरा-सी लापरवाही ऐसे लोगों के लिए बहुत खतरनाक हो सकती है। कई मामलों में दिल की धमनियों में पहले से ही जमी चर्बी ठंड के कारण सिकुड़न और दबाव से टूट सकती है, जिससे अचानक हार्ट अटैक का खतरा पैदा हो जाता है।

## सुबह का समय सबसे रिस्की

जनवरी के महीने में खासतौर पर दिल के दौरे के मामले सबसे ज्यादा आते हैं और ये ज्यादातर दौरे सुबह के समय ही दर्ज होते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कम तापमान। नींद से अचानक उठना और ठंडे फर्श पर पैर रखना तथा वैसी ही स्थिति में शारीरिक गतिविधियां शुरू कर देना रिस्क बढ़ा देता है। जनवरी का महीना खासतौर पर उन लोगों के लिए बेहद खतरनाक होता है, जो सुबह 5-6 बजे जगते हैं और मॉर्निंग वॉक के लिए चल पड़ते हैं। ऐसे लोगों को पता नहीं होता कि वे अनजाने में कितना बड़ा रिस्क ले रहे हैं। दरअसल, ठंड में शरीर की धमनियां पहले से ही संकुचित होती हैं और अचानक तेज चलना या कसरत करने पर दिल पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। इसलिए सर्दी के दिनों में सुबह की सैर टाल देनी चाहिए या फिर ऐसी जगह पर करनी चाहिए, जो चारो तरफ से बंद हो।

## बुजुर्गों के लिए ज्यादा खतरा

ठंड का असर उम्र के साथ और गहरा होता जाता है। बुजुर्गों में शरीर के तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता कम हो जाती है। कई बार उन्हें ठंड का एहसास देर से होता है। इसलिए बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए ठंड की ठिठुरन बहुत खतरनाक होती है। लेकिन इस उम्र के लोग उसे पहचान नहीं पाते। सीने में दबाव महसूस करना, सांस का रह-रहकर फूलना, असहज बेचैनी होना, इसे ठंड की वजह मानकर नहीं चलना चाहिए। ऐसी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

## ब्लड सर्कुलेशन की समस्या

ठंड में चूंकि लोग कम पानी पीते हैं, इस कारण खून गाढ़ा हो जाता है। गाढ़े खून में थक्का बनने की आशंका बढ़ जाती है। यही थक्का या ब्लड क्लॉट वास्तव में हमारे दिल या दिमाग की किसी नली में अगर फंस जाता है, तो हार्ट अटैक या स्ट्रोक हो सकता है। इसके अलावा ठंड में प्रदूषण और कोहरे का असर सांस की नलियों पर पड़ता है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित होती है और उसका सीधा दबाव दिल पर पड़ता है। इसलिए सर्दियों में हार्ट अटैक बाकी सभी मौसमों के मुकाबले ज्यादा होते हैं। यही नहीं सर्दियों में हार्ट अटैक कई बार बड़े छुपे किस्म के होते हैं यानी पता ही नहीं चलता कि यह हार्ट अटैक के लक्षण हैं या किसी और समस्या के।

## तब न बरतें लापरवाही

ठिठुरती सर्दी के इस मौसम में अगर सीने में तेज दर्द की बजाय भारीपन महसूस हो, जलन होने लगे, सांस लेने में परेशानी हो और बाएं हाथ या जबड़े में अचानक दर्द महसूस हो तथा पसीना आ जाए तो यह नहीं मानना चाहिए कि यह ठंड का असर है बल्कि तुरंत मानना चाहिए कि हार्ट अटैक के लक्षण हैं और तुरंत डॉक्टरी सहायता लेनी चाहिए।

## इन बातों पर करें अमल



सर्दी के इस मौसम में भी आपका हृदय अच्छे से काम करे, हार्ट अटैक का रिस्क कम हो जाए इसके लिए कुछ बातों पर अमल करें।

- सूरज निकलने से पहले सुबह घर से बाहर खुले मैदान में वॉकिंग करने यानी टहलने से बचें। अगर जाएं तो तब ही जाएं जब धूप अच्छी तरह निकल आए।
- गर्म कपड़े ठीक से पहनें, खासकर छाती और कानों को लगातार ढंके रहें।
- जब सर्दी ज्यादा हो और प्यास बिल्कुल न लग रही हो, तब भी पानी पीते रहें। भले बहुत कम पिएं, लेकिन रह-रहकर पानी पिएं।
- ठिठुरती सर्दी के दिनों में ज्यादा एक्सरसाइज कभी न करें, बस हल्के से वार्मअप कर लें।
- अपने बीपी और शुगर की नियमित जांच करें।
- अगर आपको सीने में अचानक तेज दर्द महसूस हो, चाहे उसकी कोई वजह हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- अकेले रहने वाले बुजुर्गों को अपनी हार्ट केयर पूरी सावधानी से करनी चाहिए। *



## क्या कहते हैं हृदय संबंधी रोगों के आंकड़े

**आंकड़े बताते** हैं कि अपने देश में हर साल विभिन्न रोगों से जितनी मौतें होती हैं, उनमें से अकेले हृदय रोगों से 30 से 32 फीसदी लोगों की मौत होती हैं। कहने का मतलब कैंसर, श्वसन रोग, टीबी या संक्रमण आदि किसी भी बीमारी से कहीं ज्यादा लोग हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट से दम तोड़ते हैं। माना जाता है कि लगभग 62 लाख लोग हर साल हृदय रोगों से अपनी जान गंवाते हैं। इसका मतलब यह है कि हर दिन लगभग 17 हजार लोग हृदय रोग से दम तोड़ते हैं यानी हर घंटे 707 और हर मिनट में करीब 12 लोग हृदय रोगों के कारण खत्म हो जाते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में हृदय रोग कितनी गंभीर समस्या है। शहरी क्षेत्रों में हृदय रोग की दर 10 से 12 फीसदी है, तो गांवों में अभी भी 4 से 5 फीसदी है। हालांकि पहले हृदय रोग को शहरों की बीमारी ही माना जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। देश के 25 फीसदी से ज्यादा वयस्कों को 18 साल के बाद ही हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत हो रही है। भारतीयों को पश्चिमी देशों के लोगों की तुलना में दस साल पहले अगर हार्ट अटैक आ रहा है तो उसकी वजह यही है कि देश के युवाओं को बड़े पैमाने पर हाइपर टेंशन ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। भारत में हृदय रोगों से बढ़ती मौतों का सबसे बड़ा कारण अस्वस्थ जीवनशैली है। जंक फूड, तैलीय खान-पान, धूम्रपान, शराब की लत और कम व्यायाम भी एक बड़ी समस्या है।


डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. समीर कौशल
डायरेक्टर एंड हेड-ऑफ्थेलमोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

ग्लूकोमा आंखों से संबंधित गंभीर बीमारी है, जिसमें लापरवाही बरतने पर रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप इसके आरंभिक लक्षणों के साथ इसे कंट्रोल करने के तरीकों के बारे में भी जानें। इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# कभी इग्नोर ना करें ग्लूकोमा के लक्षण



वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, दुनिया भर में दृष्टिहीनता (अंधेपन) का दूसरा प्रमुख कारण ग्लूकोमा (काला मोतिया) है। हमारे देश में ही 1 से 2 करोड़ ग्लूकोमा के मरीज हैं। ग्लूकोमा से हुई आंखों को क्षति की भरपाई नहीं की जा सकती। इसलिए ग्लूकोमा को हल्के में लेना नेत्रों की सेहत के लिहाज से भारी पड़ सकता है। यही कारण है कि इस बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने और बचाव के लिए हर साल जनवरी में 'ग्लूकोमा अवेयरनेस मंथ' का आयोजन किया जाता है।

**शुरुआत में दिखते हैं हल्के लक्षणः** ग्लूकोमा के इलाज में समस्या इसलिए आती है क्योंकि इस में शुरुआत में मरीज को कोई लक्षण नजर नहीं आते। जब तक स्पष्ट लक्षण सामने आने शुरू होते हैं, तब तक बहुत नुकसान हो चुका होता है। यहां कुछ ऐसे हल्के लक्षणों के बारे में बता रहे हैं, जिनके नजर आने पर आपको तुरंत अपनी आंखों की जांच करना चरहिए, ताकि ग्लूकोमा को शुरुआत में ही पहचान लिया जाए।

- दृष्टि का धुंधला होना।
- दृष्टि में धब्बे दिखाई पड़ना।
- पास रखी या दूर की वस्तुओं को साफ देखने में दिक्कत महसूस होना।
- सिरदर्द और आंखों में तेज दर्द होना
- प्रकाश में चारों ओर रंगीन छल्ले जैसा नजर आना।
- आंखों में लालिमा होना।
- ऑप्टिक नर्व का धीरे धीरे खराब होना।

**ऑप्टिक नर्व को होता है नुकसानः** ग्लूकोमा में आंखों की ऑप्टिक नर्व धीरे-धीरे खराब होती रहती है। आंखों मे अतिरिक्त दबाव (प्रेशर) बनता है, जिसे मेडिकल भाषा में इंट्राऑकुलर प्रेशर (आईओपी) कहा जाता है। ऑप्टिक नर्व पर लगातार दबाव पड़ने से वह नष्ट भी हो सकती हैं, जिसके दुष्परिणामस्वरूप दृष्टिहीनता भी संभव है। ऑप्टिक नर्व ही मस्तिष्क को किसी वस्तु का चित्र प्रेषित करती हैं। ग्लूकोमा के कारण एक बार जब आंखों की रोशनी क्षीण हो जाती हैं तो उसे दोबारा वापस नहीं लाया जा सकता। वैसे तो ग्लूकोमा किसी भी आयु वर्ग में हो सकता है लेकिन इसके ज्यादातर मामले 40 वर्ष के बाद सामने आते हैं।

**ग्लूकोमा को कैसे करें नियंत्रितः** स्पष्ट लक्षण दिखने का इंतजार नहीं करना चाहिए। रोग की प्रारंभिक अवस्था में नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेकर इसे नियंत्रित कर सकते हैं। चालीस साल की उम्र के बाद सबको अपने नेत्र विशेषज्ञ के पास जाकर उनसे ग्लूकोमा के संदर्भ में परामर्श लेना चाहिए। नेत्र सर्जन आंखों में इंट्राऑकुलर प्रेशर की जांच करते हैं। जांच के जरिए अगर शुरुआती दौर में ग्लूकोमा का पता चल जाता है तो इस बीमारी को नियंत्रित करने में काफी हद तक मदद मिलती है।

**इनसे बढ़ता है ग्लूकोमा का रिस्कः** कुछ मामलों में ग्लूकोमा का रिस्क बढ़ सकता है। उनके बारे में जानना जरूरी है।

- 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ग्लूकोमा का जोखिम अधिक होता है।
- जिन लोगों को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या हृदय रोग की समस्या है, उनमें ग्लूकोमा का खतरा अधिक होता है।
- ग्लूकोमा की समस्या आनुवांशिक या जेनेटिक भी हो सकती है।
- आंख में चोट लगने से भी नेत्रों के आंतरिक भाग पर दबाव बढ़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लूकोमा का जोखिम बढ़ जाता है।
- जिन लोगों के चश्मे का नंबर ज्यादा होता है, उनके भी ग्लूकोमा होने की संभावना बढ़ जाती है।
- धूम्रपान से ग्लूकोमा का खतरा बढ़ता है और ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंच सकता है। इसी तरह लंबे समय तक स्टेरॉयड दवाओं के उपयोग से बचें, क्योंकि ये ग्लूकोमा को बढ़ा सकती हैं।

**रोग बढ़ने से रोकने के तरीकेः** जांच के बाद ही नेत्र सर्जन ग्लूकोमा के इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। ग्लूकोमा के इलाज की प्रक्रिया यही है कि इस बीमारी के कारण आंखों को जो क्षति पहुंच चुकी है, उसे आगे बढ़ने से रोका जाए। आंखों को पहले से ही जो क्षति पहुंच चुकी है, उसकी क्षतिपूर्ति या रिकवरी नहीं हो सकती। ग्लूकोमा के इलाज का सबसे जरूरी स्टेप है इंट्राऑक्यूलर प्रेशर (आईओपी) को कम करना है ताकि आंख में होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

**दवाएंः** आईओपी को कम करने के लिए कई दवाएं उपलब्ध हैं, जिन्हें नेत्र विशेषज्ञ आई ड्रॉप और टैब्लेट्स के रूप में देते हैं।

**सर्जरीः** अगर दवाइयों से इंट्राऑकुलर प्रेशर कंट्रोल नहीं होता, तब डॉक्टर सर्जरी की सलाह दे सकते हैं। ब्लॉकेज का कारण बन रहे टिश्यू को सर्जरी के जरिए हटा देते हैं। जरूरत पड़ने पर लेजर से भी इलाज किया जाता है।

**इन उपायों से आंखें रहेंगी स्वस्थः** अपनी आंखों को स्वस्थ रखने के लिए कुछ उपायों पर अमल कर सकते हैं। अगर शुरुआत से इन बातों पर ध्यान देंगे तो आपकी आंखें स्वस्थ रहेंगी, समस्याएं दूर रहेंगी।

- स्वच्छ हाथों को आपस में रगड़कर पलकों को एक से दो मिनट तक दबाएं। ऐसा करने से आंखों को राहत मिलती है।
- जहां तक संभव हो स्क्रीन टाइम को कम करें। ऐसा करना आंखों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर रहेगा।
- नियमित रूप से व्यायाम करना भी आंखों की सेहत सही रखता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

## डाइट में शामिल करें विटामिन ए रिच फूड्स



**खान-पान** में विटामिन ए को महत्व देने से ग्लूकोमा ठीक नहीं होता, लेकिन आंखों की सेहत को विटामिन ए युक्त खाद्य पदार्थ लेने से कुछ हद तक स्वस्थ रखा जा सकता है। नतीजतन कालांतर में ग्लूकोमा आदि नेत्रों से संबंधित बीमारियों के होने का जोखिम कम हो सकता है। विटामिन ए गाजर में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है। इसके अलावा टमाटर, हरी पत्तेदार सब्जियां, संतरा और पपीता आदि भी विटामिन ए के अच्छे स्रोत हैं। विटामिन ए एग और दूध में भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। इसलिए इनका सेवन अधिक करना चाहिए।





कैबिनेट की बैठक में टेबलेट लेकर पहुंचे सीएम।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव टैबलेट लेकर कैबिनेट की बैठक में पहुंचे

# प्रदेश में पेपरलेस कार्य प्रक्रिया, समय की बचत व पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी ई-गवर्नेंस व्यवस्था

### मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले किया मंत्रियों को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में ई-गवर्नेंस व्यवस्था को विस्तार देते हुए कैबिनेट की बैठक में टैबलेट लेकर पहुंचे। 6 जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश में ई-कैबिनेट की प्रक्रिया शुरू करने के उद्देश्य से मंत्रियों को टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। साथ ही कैबिनेट के समक्ष ई-टैबलेट एप्लीकेशन का प्रस्तुतिकरण हुआ था। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पहल से पेपरलेस कार्य प्रक्रिया अपनाने, समय की बचत और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' से शुरू किया गया है।

यह अभियान चार चरणों में 31 मार्च तक चलेगा। इस अभियान में शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जाएगा। इसमें 16 विभागों की 91 योजनाएं, सेवाएं शामिल है। यह नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में साथ-साथ चलेगा। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक आवेदन प्राप्त करने की कार्रवाई होगी। द्वितीय चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन, शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए शिविरों का आयोजन होगा। तृतीय चरण में 16 मार्च से 26 मार्च तक ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें अनिराकृत शेष आवेदन और शिकायतों का निराकरण होगा। चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा, जिसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर आवेदन एवं शिकायत का निराकरण होगा।



कैबिनेट में ई-टैबलेट एप्लीकेशन का प्रस्तुतिकरण।

### संक्रांति का दिन परिवर्तन, आत्मबल, सकारात्मकता का प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति की अग्रिम मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति वह शुभ समय है। जब सूर्य देव उत्तरायण होते हैं और प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पावन अवसर पर 15 जनवरी को बाबई नर्मदापुरम से लाडली बहनों के खाते में जनवरी माह की 1500 रुपए की किश्त डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का दिन शुभ परिवर्तन, आत्मबल और सकारात्मक सोच का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पतंग उड़ाने, रंगोली प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों से उत्साह और उमंग का संचार करने वाले इस त्यौहार पर चाइनीज मांझे के उपयोग के प्रति विशेष सतर्कता बरती जाए।

### 3100 से अधिक स्टार्ट-अप को महिलाएं कर रही हैं लीड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इको-सिस्टम बन चुका है। मप्र में 6500 से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं। इनमें से 3100 से अधिक स्टार्ट-अप को महिलाएं लीड कर रही हैं। भोपाल में पिछले दिवस मप्र स्टार्टअप समिट 2026 आयोजित किया गया। समिट के दौरान 156 स्टार्ट-अप को 2.5 करोड़ रूपए से अधिक प्रोत्साहन राशि तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 21 स्टार्ट-अप को 8.17 करोड़ रूपए से अधिक की ऋण राशि अंतरित की।

### *स्वच्छ जल अभियान की सघन मॉनिटरिंग की जाए सुनिश्चित*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार सभी को शुद्ध पेयजल देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में 'स्वच्छ जल अभियान' आरंभ किया जा रहा है, जो दो चरणों में संचालित होगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी और द्वितीय चरण एक मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा। आम नागरिकों की पेयजल समस्या के लिये हर मंगलवार को जल सुनवाई की भी व्यवस्था रखी गई है। अभियान के तहत समस्त जल शोधन यंत्र और पेयजल संग्रहण टंकियों की सफाई होगी, जिसकी निगरानी जीआईएस मैप आधारित एप से होगी।*

---

## खबर संक्षेप

### विधायकों के आवासों, वेतन भत्ते सहित अन्य मामलों पर चर्चा

**भोपाल।** विधानसभा में आज विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और तीन मंत्रियों को बुलाया। तोमर द्वारा बुलाई गई बैठक में सीएम यादव के अलावा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल भी मौजूद रहे। बैठक में विधायकों के वेतन भत्ते और विश्राम गृह के अलावा विधानसभा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई है। मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष तोमर की अध्यक्षता में विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में हुई इस बैठक में सीएम सचिवालय के अपर सचिव नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह और विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविन्द शर्मा भी शामिल हुए। बताया जाता है कि विधायकों के वेतन भत्तों के लिए बनाई गई कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। शीतकालीन सत्र में विधायकों का दबाव था कि उनका वेतन भत्ता बढ़ाने का फैसला किया जाए, लेकिन तब सरकार निर्णय नहीं ले पाई थी। अब जबकि एक माह बाद फरवरी के अंतिम सप्ताह में बजट सत्र शुरू हो सकता है तो सरकार इस मामले में अंतिम फैसला ले सकती है और कैबिनेट ने प्रस्ताव मंजूर किए जाने के बाद विधानसभा में लाकर इसे मंजूरी दी जा सकती है। इसके अलावा विधायक विश्राम गृह कैम्पस में विधायकों के लिए बनाए जा रहे आवासों को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई है।

---

### कैबिनेट ने राजगढ़ एवं रायसेन जिले की तीन सिंचाई परियोजनाओं को दी मंजूरी

# प्यासे खेतों तक जल पहुंचाना हमारा लक्ष्य हर कीमत पर इसे पाकर रहेगी मप्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान हमारा अभिमान हैं। किसानों का मान बढ़ाने हमने कोई कमी नहीं की। प्यासे खेतों तक पानी पहुंचाना हमारा लक्ष्य है और हर खेत तक पानी पहुंचाकर हम यह लक्ष्य जल्द ही पाकर रहेंगे। मप्र में अभी कृषि का सिंचित रकबा 56 लाख हेक्टेयर है। हमारी सरकार ने इसे जल्द से जल्द 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में किसानों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए संकल्पित है। प्रदेश के किसान समृद्ध और सशक्त बनें, इसी मंशा से हमने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना और ताप्ती ग्राउंड वॉटर रिचार्ज मेगा परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। इन तीनों नदी परियोजनाओं के पूरा होने पर प्रदेश का लगभग सम्पूर्ण कृषि रकबा सिंचित हो जाएगा।

### *सारंगपुर, भोजपुर और उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार जताकर किया अभिनंदन*

**खास बातें**

- मुख्य जांच आयुक्त बड़े अफसरों के भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करेंगे
- सामान्य प्रशासन विभाग से संबद्ध होगा निदेशालय



किसानों को संबोधित करते सीएम।

### नदियां हमारे लिए जीवन रेखा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं एक किसान परिवार से आते हैं और खेती के लिए सिंचाई का महत्व उन्हें अच्छी तरह ज्ञात है। उन्होंने कहा कि मप्र नर्मदा, चंबल, बेतवा, ताप्ति, क्षिप्रा जैसे अनेक नदियों का मायका है और इन्हीं के कारण हमारा प्रदेश जल संपदा से संपन्न है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा, पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रदेश में किसानों के कल्याण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्व. पटवा प्रदेश के एक आदर्श राजनेता थे।

### एक-एक गांव और हर एक खेत तक बिजली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के एक-एक गांव और हर एक खेत तक बिजली और पानी की सतत आपूर्ति बरकरार रहे, यही हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री का राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र और रायसेन जिले की भोजपुर एवं उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन कर आभार जताया। 13 जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकारकी ओर से इन तीन विधानसभा क्षेत्रों के किसानों के हित में करीब 900 करोड़ रुपए लागत वाली तीन अलग-अलग सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। किसान इसी सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने मुख्यमंत्री निवास आए थे।

### इन विस क्षेत्रों के किसान होंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में राजगढ़ एवं रायसेन जिले की कुल 898.42 करोड़ रुपए लागत वाली तीन सिंचाई परियोजनाओं के लिए की स्वीकृति दी गई है। राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में 396 करोड़ 21 लाख रुपए लागत वाली मोहनपुरा विस्तारीकरण (सारंगपुर) सिंचाई परियोजना से सारंगपुर तहसील के 26 ग्रामों की 11,040 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी। इस परियोजना से 10 हजार 400 किसान परिवार लाभांवित होंगे।

---

### स्कूलों के समय-सीमा में हों सभी निर्माण



विभागीय समीक्षा करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री।

## विभाग में गठित की जाएगी नई विंग, कार्यों की होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की मंगलवार को समीक्षा की। बैठक में मंत्री सिंह ने सभी वर्किंग एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूरे किए जाएं।

उन्होंने कहा कि यदि कोई एजेंसी तय टाइमलाइन में कार्य पूर्ण नहीं करती है, तो उसके विरुद्ध निर्माण अनुबंध की शर्तों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीआईयू, आईडीए, बीडीए, यूडीए और भवन विकास निगम सहित विभिन्न वर्किंग एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए मंत्री सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग में एक तकनीकी विंग गठित करने के निर्देश दिए, जो विभागीय जांच दल के रूप में कार्य करेगा और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं मानकों की नियमित जांच करेगा। उन्होंने कहा कि चेक एंड बैलेंस का मजबूत सिस्टम विकसित किया जाना आवश्यक है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल एवं आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय शिल्पा गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

### स्टेप-बाय-स्टेप और मंथ-बाय-मंथ लक्ष्य तय करें

उन्होंने निर्देश दिए कि मासिक आधार पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए तथा स्टेप-बाय-स्टेप और मंथ-बाय-मंथ लक्ष्य तय कर निर्माण कार्य पूरे किए जाएं। प्रत्येक एजेंसी अपनी कार्ययोजना स्पष्ट रूप से विभाग को उपलब्ध कराए। मंत्री सिंह ने सभी वर्किंग एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से विभाग को प्रस्तुत करें।

---

## लोकगीत मंच पर टीकमगढ़ की सविता राज रहीं विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बुंदेलखंड के सबसे बड़े लोकगीत मंच का ग्रैंड फिनाले रविवार को छतरपुर के अंबेडकर भवन में संपन्न हुआ। सुरों की विभिन्न कसौटियों को पार कर टीकमगढ़ कीं सविता राज ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, पन्ना कीं सेजल सोनी ने दूसरा और बांदा कीं ज्योति पटेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता को 50 हजार मूल्य के पुरस्कार दिए गए, जिसमें नकद पुरस्कार समेत गिफ्ट हैंपर्स और ब्रांडिंग आदि शामिल है।

साथ ही, उन्हें प्रसिद्ध यूट्यूबर अंकित पांडे के साथ गायन और विराज फोटोग्राफी के एल्बम में शामिल होने का मौका मिलेगा। मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक ललिता यादव कार्यक्रम में मौजूद रहीं। बुंदेली लोकगीतों के सम्राट पं. देशराज पटेरिया के पुत्र की भी उपस्थिति रही। ललितपुर के अंकित परिहार और सागर के दृष्टिबाधित गायक सुनील लोधी ने क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

### यह जीत बुंदेलखंड की हर बेटी की

विजेता का खिताब हासिल होने पर भावुक स्वर में टीकमगढ़ कीं सविता राज ने कहा, यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड की हर उस बेटी की है, जो लोकगीतों को अपनी साँसों में बसाए हुए है। इस मंच ने मुझे अपनी मिट्टी से जुड़े रहने की ताकत दी है। मैं इस सम्मान को अपने बुंदेलखंड को समर्पित करती हूं। वहीं, द्वितीय और तृतीय विजेता के रूप में सेजल सोनी और ज्योति पटेल ने भी कृतज्ञता व्यक्त की। जजेस द्वारा गहन मूल्यांकन के बाद पहले राउंड में 13, दूसरे राउंड में 8 और तीसरे राउंड में ऐसे 5 प्रतिभागी चुने गए, जिनके सुरों में परंपरा भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी और संस्कृति की बेशकीमती झलक भी।

---

# पंजाब व हरियाणा पड़ोसी ही नहीं, हम में खून और भाईचारे का रिश्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब और हरियाणा केवल पड़ोसी राज्य नहीं हैं, बल्कि दोनों का रिश्ता खून और भाईचारे का है। हरियाणा के लोग पंजाब से गहरा प्रेम करते हैं। उन्होंने पंजाब में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पंजाब के लोग कठिनाई में थे, तब हरियाणा वासियों ने छोटे भाई की तरह पंजाब की हर संभव मदद की। यही हमारी संस्कृति और संस्कार हैं। हरियाणा के

- बड़े भाई पंजाब पर जब भी आपदा आई, छोटे भाई हरियाणा ने अपना फर्ज निभाया

### मुख्यमंत्री ने श्री मुक्तसर साहिब में आयोजित माघी मेले में श्रद्धालुओं को संबोधित किया





मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को श्री मुक्तसर साहिब में आयोजित माघी मेला में उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने श्री मुक्तसर साहिब की पवित्र धरा को नमन करते हुए कहा कि इस पवित्र और ऐतिहासिक स्थल पर आना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। श्री मुक्तसर साहिब की पावन धरती, इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज है।

### जनता से किए वादे भूल चुकी पंजाब की आप सरकार : नायब

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में प्राकृतिक आपदा के समय यहां के सत्तासीन नेताओं को जनता की पीड़ा दिखाई नहीं दी, आपदा के समय हरियाणा के लोगों ने पंजाब का साथ दिया, लेकिन यहां के मुख्यमंत्री उस कठिन समय में कहीं नजर नहीं आए। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पंजाब की वर्तमान सरकार ने पंजाब की जनता से जो वायदे किए थे, उन पर खरी नहीं उतरी है। यहीं नहीं, वो आपदा के समय भी अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से 217 वादों वाला संकल्प पत्र जारी किया था, जिनमें से एक वर्ष के भीतर 54 वादों को पूरा किया जा चुका है।

---

### सुकमा में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

# 27 पुरुष नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, मुख्यधारा में लौटने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक उल्लेखनीय कामयाबी मिली है। लगातार बढ़ रहे दबाव और प्रभावी रणनीति के चलते 29 पुरुष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। यह घटनाक्रम क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, गोगुंडा कैंप की स्थापना के बाद से ही इस इलाके में सुरक्षा बलों की उपस्थिति काफी बढ़ गई थी। इसके कारण नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना संभव हुआ। सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन, एरिया डॉमिनेशन और अन्य दबाव की रणनीतियों से प्रभावित होकर, इन नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला किया। यह दर्शाता है कि सरकार की नीतियां और सुरक्षा बलों का अथक प्रयास रंग ला रहा है।

शांति स्थापित करने की दिशा में सराहनीय कदम | सरकारी नीतियां दिखा रहीं सकारात्मक असर



### *पुलिस अधीक्षक के समक्ष किया सरेंडर*

आत्मसमर्पण करने वाले सभी 29 नक्सलियों ने सुकमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण के समक्ष अपना समर्पण किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें सरकार की पुनर्वास नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस नीति के तहत नक्सलियों को समाज में पुनः स्थापित होने और बेहतर जीवन जीने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस जानकारी ने नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए और अधिक प्रोत्साहित किया। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस सामूहिक आत्मसमर्पण के बाद, केरलपाल एरिया कमेटी अब नक्सल-मुक्त होने के अंतिम चरण में पहुंच गई है। यह सुकमा जिले के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो क्षेत्र में स्थायी शांति और विकास की राह प्रशस्त करेगी। सुरक्षा बल यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि नक्सल विरोधी अभियान इसी तरह जारी रहे, ताकि क्षेत्र में विकास और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह सफलता अन्य नक्सलियों को भी आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित कर सकती है।

## चिंतन

# दुनिया में गंभीर संकट पैदा कर रहे ईरान के बिगड़ते हालात

ईरान में बिगड़ते हालात (आर्थिक संकट, सरकार विरोधी प्रदर्शन और हालिया इजराइल-ईरान संघर्ष के बाद की स्थिति) दुनिया को युद्ध की ओर धकेल रहे हैं, क्योंकि इससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ रही है, जिससे एक बड़े टकराव की आशंका पैदा हो गई है, खासकर अमेरिका और इजराइल के साथ। इस बीच भारत ने भी ईरान में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहें। ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है। वहीं, विश्लेषकों का कहना है कि ईरान कमजोर हुआ है और आंतरिक असंतोष के बीच सरकार दबाव में है, जबकि बाहरी शक्तियां हस्तक्षेप की फिराक में हैं, जिससे स्थिति और विस्फोटक हो सकती है। किसी भी छोटी सी चूक से क्षेत्र में बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है और विश्वभर में गंभीर संकट पैदा हो सकता है। ईरान में अमेरिका के दखल के बाद से हालात और पेचिदा हो रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्रुथ सोशल पर ईरानी प्रदर्शनकारियों से कहना कि मदद रास्ते में है। ईरानी देशभक्तों, विरोध जारी रखिए। हत्यारों और अत्याचारियों के नाम सुरक्षित रखिए। वे इसकी भारी कीमत चुकाएंगे। ट्रंप की इस टिप्पणी के गंभीर मायने हैं। इससे दुनिया में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका के करीबी तीन खाड़ी अरब देश सऊदी अरब, कतर और ओमान ईरान पर किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ये डिप्लोमैटिक लेवल पर सक्रिय हैं, क्योंकि ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है। हालांकि ट्रंप ने ईरान के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई का प्लान फिलहाल होल्ड पर रख दिया है, लेकिन अमेरिकी सेना को तैयार रहने के लिए कहा गया था, ताकि आदेश मिलते ही तुरंत एक्शन लिया जा सके। अब सवाल यह है कि अमेरिका आखिर चाहता क्या है। क्योंकि ट्रंप दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहे हैं। इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है तो वह कतर से ईरान को निशाना बना सकता है। चूंकि कतर को मध्य पूर्व में अमेरिका का अहम सैन्य साझेदार माना जाता है। यहां स्थित अल उदीद एयर बेस अमेरिका का सबसे बड़ा और रणनीतिक सैन्य अड्डा है, जहां 10 हजार से ज्यादा अमेरिकी सैनिक, आधुनिक फाइटर जेट और ड्रोन तैनात हैं। इसके अलावा पाकिस्तान भी हमले के लिए अमेरिका को अपना एयरबेस देने के लिए तैयार है। इस तरह के हालात डरावने हो सकते हैं। निश्चित रूप से युद्ध जैसी स्थिति के परिणाम दुनिया के लिए गंभीर खतरा होंगे। ईरान में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के ख़िलाफ़ सड़कों पर उबाल जारी है। एक अधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में अब तक करीब 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है, लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। अब ईरान सरकार जल्द से जल्द आर्थिक सुधार लागू करे और साथ ही धार्मिक कट्टरता कम करके उदार और प्रगतिशील साथियों की मदद ले, उसी से पूंजीवादी गिद्धों को दूर रखा जा सकेगा और बाहरी ताकतों को रोककर देश में शांति व्यवस्था को कायम किया जा सकेगा।



## ऊर्जा नीति
रोहित माहेश्वरी

# भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से होता विस्तार

> भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जो वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं। अब भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी।

मोदी सरकार के प्रयासों से भारत की सौर ऊर्जा क्षमता में पिछले दशक में उल्लेखनीय रूप से विस्तार हुआ है। विशाल सौर पार्कों से लेकर शहरों, कस्बों और गांवों की नीली छतों तक, हर जगह सोलर पैनल नजर आते हैं। सिर्फ एक दशक पहले, भारत का सौर ऊर्जा परिदृश्य अपनी प्रारंभिक अवस्था में था, जहां सोलर पैनल केवल कुछ छतों और रेगिस्तानों में ही दिखते थे। आज, देश इतिहास रचने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। असल में, नवीकरणीय ऊर्जा देश की जलवायु रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जो वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं। दरअसल, भारत उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है, जहां कर्क रेखा कई राज्यों से होकर गुजरती है। इससे देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। भारतीय महाद्वीप की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 748 गीगावाट है। राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देश की सबसे अधिक सौर ऊर्जा क्षमता है, जो उन्हें भारत के स्वच्छ ऊर्जा विकास के प्रमुख चालक बनाती है। चूंकि सौर ऊर्जा अब भारत के ऊर्जा मिश्रण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है तथा भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी। जम्मू-कश्मीर का पल्ली गांव एक उल्लेखनीय उदाहरण बन गया, जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलने के कारण भारत की पहली कार्बन-न्यूट्रल पंचायत के रूप में उभरा। भविष्य की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। देश में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु शीर्ष सौर उत्पादक राज्यों में शामिल हैं, जिनमें राजस्थान की सौर क्षमता अत्यधिक है तथा वहां निरंतर विस्तार के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। पीएम सूर्य घर मिशन, नवीकरण ऊर्जा और नेट-जीरो उत्सर्जन की ओर भारत के प्रयासों के मुख्य स्तंभों में से एक है। 13 फरवरी 2024 को मंत्रिमंडल की मंजूरी के साथ शुरू की गई इस योजना का कुल खर्च 75,021 करोड़ रुपये है। इसका मकसद एक करोड़ घरों को रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली देना है, जिससे हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। यह योजना नवीकरण ऊर्जा स्रोत अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे भारत के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के वादे को समर्थन मिलता है। दिसंबर 2025 तक, 23.9 लाख घरों में पहले ही 7 जीडब्ल्यू स्वच्छ ऊर्जा की स्थापित क्षमता के साथ रूफटॉप सोलर लगाए जा चुके हैं और पीएम सूर्य घर के तहत 13,464.6 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की गई है, जिससे यह योजना 1 करोड़ सौर ऊर्जा आधारित घरों के अपने लक्ष्य को पाने की राह पर है। सरकारी आंकड़ों के



मुताबिक सब्सिडी योजना के तहत लगभग 24 लाख घरों में सौर ऊर्जा प्लांट लगे हैं। पीएम-कुसुम योजना किसानों को डीजल के बजाय सौर ऊर्जा का उपयोग करने में सहायता करती है। सरकार बिजली ग्रिड से जुड़े बड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए 'सोलर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाओं का विकास' नामक एक योजना चला रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2014 के बाद भारत की सोलर पीवी सेल बनाने की क्षमता लगभग 21 गुना बढ़ गई है। मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पार्क, एशिया के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पार्कों में से एक है, जिसकी नियोजित क्षमता 600 मेगावाट है। इसकी लागत 330 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार 49.85 करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान करेगी। सौर ऊर्जा की बढ़त से भारत की कोयले पर निर्भरता कम हो गई है। हालांकि थर्मल और अन्य गैर-नवीकरणीय स्रोतों से अब भी कुल क्षमता का आधे से ज्यादा हासिल होता है। सौर ऊर्जा अब कुल ऊर्जा में 20 फीसदी से अधिक का योगदान करती है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि तो है लेकिन इसके साथ एक चुनौती भी है। बेशक यह इस्तेमाल में साफ यानी प्रदूषण मुक्त है, लेकिन अगर सही तरीके से प्रबंधन न किया जाए तो सोलर पैनल पर्यावरण के लिए खतरा बन सकते हैं। सोलर पैनल का ज्यादातर हिस्सा रिसाइकल किया जा सकता है। इनमें कांच, एल्युमिनियम, चांदी और पॉलिमर होते हैं। लेकिन इनमें थोड़ी मात्रा में ही मौजूद सीसा और कैडमियम जैसी जहरीली धातुओं को अगर ठीक तरीके से संभाला न जाए तो ये मिट्टी और पानी को प्रदूषित कर सकती हैं। आमतौर पर सोलर पैनल लगभग 25 साल तक चलते हैं, उसके बाद उन्हें हटाकर फेंक दिया जाता है। फिलहाल भारत में सौर कचरे को रिसाइकल करने के लिए अलग से कोई बजट नहीं है और पुराने पैनलों को प्रोसेस करने के लिए कुछ छोटे-छोटे केंद्र ही हैं। भारत के पास सौर कचरे का कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। एक अध्ययन के मुताबिक 2023 तक लगभग 1 लाख टन और 2030 तक 6 लाख टन तक सौर कचरा पैदा हो सकता है। अभी यह मात्रा कम है, लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि कचरे का असली बोझ आगे आने वाला है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) के एक नए अध्ययन के मुताबिक, भारत में 2047 तक 1.1 करोड़ टन से ज़्यादा सौर कचरा पैदा हो सकता है। इसे सुरक्षित रूप से ठिकाने लगाने के लिए लगभग 300 विशिष्ट रीसाइक्लिंग केंद्र चाहिए होंगे और अगले दो दशक में करीब 47.80 करोड़ डॉलर का निवेश करना होगा। संभावित खतरों को देखते हुए भारत में 2022 में सोलर पैनलों को ई-वेस्ट नियमों के तहत लाया गया। इससे अब यह निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि पैनलों की उम्र पूरी होने पर वे (निर्माता) उन्हें इकट्ठा करें, स्टोर करें, तोड़ें और रिसाइकल करें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत की सौर ऊर्जा की यात्रा इस बात का उदाहरण है कि कैसे लक्षित नीति, प्रौद्योगिकी नवाचार और रणनीतिक सहयोग किसी देश के ऊर्जा परिदृश्य को बदल सकते हैं। असल में सौर ऊर्जा न केवल भारत के नवीकरण ऊर्जा मिश्रण की रीढ़ बन गई है, बल्कि सतत आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और क्लाइमेट लीडरशिप के लिए अहम कारक है। अंतरराष्ट्रीय सौर अलायंस और ओएसओडब्ल्यूओजी जैसी पहलों के जरिए वैश्विक भागीदारी के साथ बड़े पैमाने पर योजनाओं पर अमल के साथ, भारत यह दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा एक घरेलू समाधान और वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा प्रगति का जरिया, दोनों हो सकती है। जैसे-जैसे भारत अपनी सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है, नवाचार को बढ़ावा दे रहा है और सबको साथ लेकर चलने वाली पहुंच मुमकिन बना रहा है, यह एक मजबूत, निम्न-कार्बन वाले भविष्य की ओर एक साफ रास्ता बना रहा है-दुनिया को दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा राष्ट्रीय और वैश्विक, दोनों तरह के जलवायु लक्ष्यों को पाने के लिए जरूरी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अंगीठी का दंश
मनोज कुमार अग्रवाल



# घर-घर में साइलेंट किलर जरा सी चूक जीवन पर भारी

इन दिनों देश के अनेक भागों में कड़ाके की ठंड पड़ने से तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। ऐसे में ताप के लिए चंद लोग कमरों में अंगीठी जलाकर सोने के कारण जहरीला धुआं चढ़ने से मृत्यु के शिकार हो रहे हैं। वहीं सैकड़ों लोग बिना वेंटिलेशन वाले बाथरूम में गैस गीजर के इस्तेमाल से आक्सीजन कम होने पर जान गंवा देते हैं। भारत के अलग-अलग हिस्सों से हर कुछ महीनों में एक जैसी खबरें सामने आती हैं। बाथरूम में नहाते समय गैस गीजर से निकली जहरीली गैस, दम घुटना और फिर अचानक बाथरूम में नहाने वाले की मौत हो जाना। ये खबरें चौंकाती जरूर हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद भुला दी जाती हैं। यही भूल सबसे खतरनाक है। क्योंकि गैस गीजर कोई अचानक खराब होने वाली मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा खामोश खतरा है, जो जरा सी लापरवाही पर जान ले सकता है। आपको पता हो कि कमरे में लकड़ी या कोयले की अंगीठी जलाकर रखने से 'ऑक्सीजन' की कमी हो जाती है और 'कार्बन मोनोआक्साइड' सीधे दिमाग पर असर डालती है, जो सांस के जरिए पूरे शरीर में फैल जाती है। इससे शरीर में ' हीमोग्लोबिन' कम हो जाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसी तरह बाथरूम में गैस गीजर चलाने पर भी आक्सीजन कम हो जाती है और कई लोग हर साल जान गंवा देते हैं। कुछ दुखद घटनाओं की बानगी देखिए 22 दिसंबर को यूपी के पीलीभीत में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले गुरुकुल पुरम में बाथरूम में गैस गीजर का प्रयोग करने के कारण ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। नहाते समय पत्नी का दम घुटने पर पति उन्हें बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। 2 जनवरी को पंजाब के शिवसेना नेता दीपक कंबुज की 22 वर्षीय पुत्री मुनमुन की बाथरूम में दम घुटने से मौत हो गई। 27 दिसम्बर, 2025 को 'छपरा' (बिहार) में ठंड से बचने के लिए एक कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 बच्चों और उनकी नानी की दम घुटने से मृत्यु हो गई तथा परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। इस घटना में मारे गए तीनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन थे जो सर्दी की छुट्टियों में ननिहाल आए हुए थे 31 दिसम्बर, 2025 को 'गयाजी' (बिहार) के 'कुर्किहार' गांव में कमरे के भीतर ठंड से बचने के लिए दरवाजा और खिड़की बंद करके अंगीठी जला कर सो रहे 'सुजीत कुमार' और 'अंशु कुमारी' नामक भाई-बहन तथा उनकी नानी 'मीना देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में 'गुरमीत सिंह' तथा उनकी पत्नी 'जसबीर कौर' की ठंड से बचने के लिए जला कर कमरे में रखी लकड़ियों की गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को ही 'पटौदी' (हरियाणा) में ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी सुलगा कर सोना एक श्रमिक के परिवार पर आफत बन कर टूटा तथा दम घुटने से एक 11 वर्षीय बच्ची की मृत्यु एवं परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। 9 जनवरी, 2026 को 'हजारीबाग' (झारखंड) के 'बानादाग' गांव में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे दम्पति की दम घुटने से जान चली गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'कोडरमा' (झारखंड) के 'पूरना नगर' में ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में कोयला जलाकर सो रहे पति-पत्नी 'वीरेंद्र शर्मा' और 'कांति देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'उत्तर काशी' (उत्तराखंड) के 'चाम्पकोट' में कमरे में जल रही अंगीठी की गैस के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से बीमार हो गया। 10 जनवरी, 2026 को 'आरा' (बिहार) के 'छोटकी सिंगरी' गांव में एक कमरे में अपने माता-पिता और बहन के साथ ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे 12 वर्षीय बच्चे 'बजरंगी सिंह' की मौत हो गई जबकि उसके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से बीमार हो गए। और अब 11 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे' अर्शदीप सिंह' (20), उसकी पत्नी' जशनदीप कौर' (19) तथा 2 महीने के मासूम बेटे 'गुरबाज सिंह' की दम घुटने से मौत हो गई और 'अर्शदीप सिंह' का साला 'किशन सिंह' बेहोश हो गया। उक्त सब घटनाओं का सबक यही है कि बंद कमरे में अंगीठी नहीं जलानी चाहिए और यदि जलानी ही पड़े तो सोने से पहले उसे बुझा देना चाहिए ताकि धुआं पैदा न हो। स्थानीय प्रशासन और स्वयं सेवी संस्थाओं को भी चाहिए कि इस बारे लोगों को जागरूक करे, ताकि इस तरह की दर्दनाक और असामयिक मौतों से बचा जा सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
## दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदाहरण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# अर्जुन को विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मकर संक्रांति और संस्कृति

मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि ऋतु परिवर्तन, सामाजिक सहभागिता और लोकजीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह वह समय है जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होता है और प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पर्व से जुड़ी पतंगबाज़ी की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसने समय के साथ स्वयं को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी आयामों को भी अपने भीतर समाहित किया है। आज पतंग उड़ाना सिर्फ छतों पर खड़े होकर डोर खींचने का खेल नहीं, बल्कि सामूहिक उत्सव, मानसिक प्रसन्नता और शारीरिक सक्रियता का प्रतीक बन चुका है।

*-गिरीश देवांगन, दुर्ग*

## ट्रेंड

### मकर संक्रांति व पोंगल की बधाई



पोंगल का त्योहार हमें प्रकृति, परिवार और समाज के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने का महत्व सिखाता है। जमीन और सूरज के प्रति हमारी कृतज्ञता दिखाता है। मकर संक्रांति और पोंगल कि देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### देशवासियों के कल्याण की कामना



स्वसंस्कृति व स्वधर्म की रक्षा के लिए सरबंस दानी गुरु गोबिंद सिंह जी ने त्याग व बलिदान के जो आदर्श स्थापित किए थे, वे हर देशवासी के लिए आज भी प्रेरणास्रोत हैं। आज अहमदाबाद के थलतेज में गुरुद्वारा गोबिंद धाम में मत्था टेक कर देशवासियों के कल्याण की कामना की।

-अमित शाह, गृह मंत्री

### वेटरन्स को उचित सम्मान



सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन का एक नया अध्याय शुरू होता है। सरकार का प्रयास है कि यह अध्याय गरिमा और आत्मनिर्भरता से परिपूर्ण हो। अपने वेटरन्स के साथ-साथ हम उन सैनिकों को भी उचित सम्मान दे रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### तमिल संस्कृति पर हमला



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से 'जना नायकन' को रोकने की कोशिश तमिल संस्कृति पर हमला है। मिस्टर मोदी, आप कभी भी तमिल लोगों की आवाज को दबाने में सफल नहीं होंगे। भारत लोकतांत्रिक देश है व लोकतंत्र का मतलब है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# मेरी किताब लोगों को जुड़ने करेगी प्रेरित : पद्मा लक्ष्मी



भारतीय-अमेरिकी टेलीविजन हस्ती और पाक कला विशेषज्ञ पद्मा लक्ष्मी ने कहा कि अमेरिका में मौजूदा वक्त 'अंधकारमय' है और साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी नयी किताब ऐसे समय में अलग-अलग समुदायों के लोगों को एक-दूसरे के प्रति जिज्ञासा जगाने, संवाद करने और जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह दौर शायद और भी 'अंधकारमय हो जाएगा', फिर अंत में रोशनी की किरण दिखाई देगी। पाक कला पर लक्ष्मी की नवीनतम पुस्तक 'पद्माज़ ऑल अमेरिकन : टेल्स, ट्रेवल्स, एंड रेसिपीज़ फ्रॉम टेस्ट द नेशन एंड बियॉन्ड' अमेरिका की समृद्ध पाक कला और प्रवासी विविधता का संग्रह है। अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों में प्रवासियों के विरोध की बढ़ती भावना के समय में, लक्ष्मी ने आशा व्यक्त की है कि उनकी नयी पुस्तक लोगों में अन्य समुदायों के प्रति जिज्ञासा जगाएगी और उन्हें अन्य संस्कृतियों और देशवासियों से जुड़ने तथा संपर्क स्थापित करने में सक्षम बनाएगी। लक्ष्मी ने पिछले महीने यहां 'एशिया सोसाइटी' में 'द कल्चर ट्री' के साथ साझेदारी में आयोजित एक वार्ता के दौरान कहा, 'हमारा देश इस समय एक बहुत ही अंधकारमय दौर से गुजर रहा है और मुझे यह कहते हुए खेद हो रहा है कि प्रकाश वापस आने से पहले शायद यह और भी अंधकारमय होगा।'

## ऑफ बीट

# प्लास्टिक कप से निकल सकते हैं माइक्रोप्लास्टिक के कण



एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि प्लास्टिक या प्लास्टिक-लाइनिंग वाले कॉफी कप के गर्म पेय के संपर्क में आने पर बड़ी संख्या में माइक्रोप्लास्टिक कण निकल सकते हैं, जो सीधे पेय में मिल जाते हैं। शोध के अनुसार, तापमान माइक्रोप्लास्टिक के उत्सर्जन का सबसे अहम कारण है और कप की सामग्री इसमें निर्णायक भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे पेय का तापमान बढ़ता है, प्लास्टिक से सूक्ष्म कणों के निकलने की दर भी बढ़ जाती है। अध्ययन में बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया में हर साल लगभग 1.45 अरब सिंगल-यूज हॉट बेवरेज कप इस्तेमाल किए जाते हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह संख्या करीब 500 अरब प्रतिवर्ष है। यह संख्या अधिक भी हो सकती है। इतने बड़े पैमाने पर उपयोग के कारण संभावित स्वास्थ्य जोखिम भी व्यापक हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पहले 30 अध्ययनों का विश्लेषण किया, जिनमें पॉलीएथिलीन और पॉलीप्रोपाइलीन जैसे सामान्य प्लास्टिक के व्यवहार को परखा गया। इसमें पाया गया कि गर्म तरल के संपर्क में माइक्रोप्लास्टिक का उत्सर्जन कुछ सौ कणों से लेकर लाखों कण प्रति लीटर तक हो सकता है। वहीं, पेय को कप में कितनी देर तक रखा गया, यह उतना महत्वपूर्ण कारक नहीं पाया गया जितना उसका तापमान महत्वपूर्ण होता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# इसे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और सद्भाव का प्रतीक बताया



नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन, वीरेंद्र सचदेवा, मनोज तिवारी और अन्य लोग भी पहुंचे

## दिल्ली में पोंगल उत्सव में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन और भाजपा अध्यक्ष नड्डा हुए शामिल

**केंद्रीय राज्य मंत्री मुरुगन के आवास पर था कार्यक्रम**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोंगल पर केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन के दिल्ली स्थित आवास पर कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन समेत भाजपा के कई बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन भी शामिल हुए। उपराष्ट्रपति और नबीन ने पोंगल को भारत की सांस्कृतिक विरासत, कृतज्ञता, एकजुटता और समृद्धि का प्रतीक बताते हुए सभी को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। नबीन ने कहा कि मैं नई दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन की ओर से आयोजित पोंगल समारोह में शामिल हुआ।




पोंगल के कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन भी शामिल हुए।

### प्रकृति का ख्याल रखूंगी: बांसुरी

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने सभी को पोंगल पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुरुगन के आवास परकार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आए। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि पोंगल अन्नदाता की मेहनत, धरती माता और भगवान सूर्य की कृपा का पर्व है। देश के युवाओं को भी संदेश दिया कि हम बढ़-चढ़कर प्रकृति का ख्याल रखें। इसी मूलमंत्र को मैं आत्मसात करके यहां से निकली हूं।

### पोंगल मूल रूप से तमिलों का त्योहार: नागेंद्रन

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने कहा कि पोंगल तमिल लोगों का त्योहार है। यह तमिल लोगों की कला और संस्कृति का उत्सव है। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने कहा कि हम बहुत खुश हैं क्योंकि प्रधानमंत्री चौथी बार पोंगल मना रहे हैं। हर पोंगल पर, वह तमिलनाडु के लोगों को शुभकामनाएं देते हैं। हम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' में पक्का विश्वास करते हैं।



अहमदाबाद। यहां उत्तरायण उत्सव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पतंग उड़ाते हुए।

## खबर संक्षेप

### आदित्य साहू बने झारखंड भाजपा के अध्यक्ष



रांची। आदित्य साहू को भाजपा की झारखंड प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया है। केंद्रीय चुनाव पदाधिकारी जुएल ओराम ने उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। ओराम ने भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के लिए झारखंड से 21 सदस्यों के निर्वाचन की भी घोषणा की। इनमें कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास आदि हैं।

### चीनी मांझे की चपेट से डॉक्टर की मौत



जौनपुर। जिले में बुधवार को चीनी मांझे की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना पंचहटिया स्थित प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास हुई। मृतक की पहचान डॉक्टर समीर हासिमी के रूप में हुई है। गर्दन कटने से काफी खून बह रहा था, जिससे मौके पर मौत हो गई।

### भ्रष्टाचार केस में दुबे को लोकपाल से क्लीनचिट



नई दिल्ली। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के ख़िलाफ़ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाले लोकपाल ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। दुबे को शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई की भी छूट दी है। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने दुबे और उनके परिवार के खिलाफ बेहिसाब संपत्ति की शिकायत की थी।

### एयरलाइन ने किफायती सेवा का आफर दिया



नई दिल्ली। देश की दो बड़ी एयरलाइन कंपनी नए साल में यात्रियों के लिए ऑफर दिए हैं। यात्रियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स पर किफायती किराए के साथ कई जरूरी सेवाओं पर आकर्षक छूट मिल रही है।इंडिगो की सेल 13 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक टिकट बुकिंग के लिए खुली रहेगी।

## पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर सुनवाई

# कलकत्ता हाईकोर्ट से लगा ममता सरकार को झटका, अदालत ने उनकी याचिका खारिज की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

**टीएमसी को डेटा सुरक्षा चाहिए**

पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई की गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी टीएमसी ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। ऐसे में बुधवार को सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीएमसी की याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने ईडी के इस बयान को रिकॉर्ड किया कि उसने 8 जनवरी को फर्म के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और ऑफिस से कुछ भी जब्त नहीं किया था। ईडी की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू कहा कि एजेंसी ने जो कुछ भी अपने कब्जे में लिया था, उसे सीएम ममता ले गईं। इससे पहले ईडी ने हाई कोर्ट को बताया कि पिछले हफ्ते राजनीतिक परामर्श फर्म के डायरेक्टर जैन के घर और ऑफिस पर हुई तलाशी के सिलसिले में दायर याचिकाओं को टाल दिया जाए। वहीं टीएमसी के वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि पार्टी सिर्फ अपने डेटा की सुरक्षा चाहती है।

### ईडी ने कहा- कुछ भी जब्त नहीं किया




कलकत्ता उच्च न्यायालय

### ईडी का दावा: अदालतों ने इसे संज्ञेय अपराध माना था

9 जनवरी को ईडी ने दावा किया है कि इस घटना में राज्य के सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व की सीधी भागीदारी थी और पुलिस बल का दुरुपयोग किया गया। एजेंसी ने आग्रह किया है कि वह सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने और मुख्यमंत्री सहित सभी संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच करने का निर्देश दे। सीबीआई की जांच जरूरी है, क्योंकि कलकत्ता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने लगातार यह माना है कि जहां राज्य में ऊंचे और शक्तिशाली लोग संज्ञेय अपराधों को करने में शामिल होते हैं, वहां जांच सीबीआई को ट्रांसफर कर दी जानी चाहिए। ईडी ने जबरदस्ती ले गए सभी डिजिटल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, स्टोरेज मीडिया और दस्तावेजों को तत्काल जब्त करने, सील करने, की मांग की थी।

### टीएमसी ने भी दायर की थी याचिका

इस मामले को लेकर टीएमसी ने आई पैक पर ईडी की छापेमारी के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। टीएमसी बंगाल में एसआईआर के खिलाफ आवाज उठा रही है और विरोध कर रही है।

#### हाई कोर्ट से बोले एसएसजी राजू

### यहां आसमां नहीं फटने वाला फिलहाल रोक दीजिए सुनवाई



सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने आई- पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर हो रही छापेमारी के दरमियान नाटकीय तौर पर एंट्री की थी और सरकारी काम में बाधा डाला। ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रेड वाली जगहों पर गईं और अहम सबूत ले गईं। दूसरी तरफ, ममता की तरफ से दावा किया गया कि ईडी के छापे अवैध थे और जांच एजेंसी ने सारी सीमएं लांघ दी थी। इस दौरान टीएमसी ने ईडी द्वारा जब्त किये गये चुनाव संबंधी उसके डाटा की सुरक्षा के लिए अदालत से गुहार लगाई।

#### सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध

ईडी ने उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका का हवाला देते हुए मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया। ईडी की तरफ से पेश हुए राजू ने कोर्ट को बताया कि एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की हैं। इसलिए हाई कोर्ट इस मामले की सुनवाई न करे। उन्होंने दलील दी, यह मामला सुप्रीम कोर्ट में आ सकता है। लिहाजा, इस मामले की सुनवाई को टाल दिया जाए। आज सुनवाई नहीं होने से कोई आसमान फटकर नहीं गिरने वाला है।

#### आई- पैक की गैरमौजूदगी पर भी उठे सवाल

एएसजी राजू ने आई- पैक की गैरमौजूदगी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म को कोर्ट में पेश होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पूरी याचिका चुनाव से जुड़े तर्कों पर आधारित है, न कि किसी अधिकार के उल्लंघन पर। किसी के घर से किसी का डेटा ज़ब्त किया गया है, उन्हें तो कोर्ट आना चाहिए था। आई -पैक को यहां आना चाहिए था।

#### 'आप' सांसद ने की चुनाव आयोग से एसआईआर को लेकर पारदर्शिता की मांग

## यूपी की मतदाता सूची से गायब हुए 4.5 करोड़ मतदाताओं के नाम चुनाव आयोग जवाब दे : संजय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



**सिंह ने की चुनाव आयोग से रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग**

उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची में 4.5 करोड़ मतदाताओं के नाम गायब होने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से पारदर्शिता और रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग की है। संजय सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में लगभग 4.5 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, जिससे मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया पर गंभीर सवालों के घेरे में आती है।

संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश से 4.5 करोड़ वोट हटा दिए गए। राज्य चुनाव आयोग ने दिसंबर में होने वाले नगर निगम और ग्राम पंचायत चुनावों के लिए मतदाताओं की एक सूची जारी की है, जिसमें कुल 17 करोड़ मतदाता हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ज्ञानेश कुमार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर विधानसभा चुनावों के लिए एक और सूची जारी की है, जिसमें ग्रामीण और शहरी मतदाताओं को मिलाकर कुल 12 करोड़ 55 लाख मतदाता हैं। ये 4.5 करोड़ मतदाता कहां गायब हो गए?... मैं चुनाव आयोग को पत्र लिखूंगा। उनके पास उन 2 करोड़ 17 लाख लोगों के फॉर्म 10 के रिकॉर्ड जरूर होंगे जिन्हें उन्होंने 'स्थानांतरित' श्रेणी में दिखाया है। उन्हें ये रिकॉर्ड सार्वजनिक करना चाहिए।

आम आदमी पार्टी के सांसद ने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में मतदाताओं को स्थानांतरित श्रेणी में दिखाया गया है और उन्होंने चुनाव आयोग से पारदर्शिता की मांग की। उन्होंने कहा कि वे चुनाव आयोग को पत्र लिखकर बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा रखे गए फॉर्म-10 के उन रिकॉर्डों का विवरण मांगेंगे, जिनमें कथित तौर पर स्थानांतरित के रूप में चिह्नित 2 करोड़ 17 लाख मतदाताओं का विवरण होगा। सिंह ने मांग की कि चुनाव आयोग पारदर्शिता सुनिश्चित करने और चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए इन रिकॉर्डों को सार्वजनिक करे।

# कांग्रेस ने चीन मुद्दे पर भाजपा के दोहरे रवैये को उजागर किया- भाजपा मुख्यालय में चीन के नेताओं के बीच हुई गुप्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा मुख्यालय में भाजपा व चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के नेताओं के बीच हुई गुप्त बैठक के तुरंत बाद चीन द्वारा कश्मीर की शक्सगाम घाटी पर दावा किए जाने को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को भाजपा को कठघरे में खड़ा किया है। चीन मुद्दे पर भाजपा के दोहरे रवैये को उजागर करते हुए कांग्रेस ने कहा कि देश को यह जानने का अधिकार है कि भाजपा और चीन की सत्तारूढ़ पार्टी के बीच बंद कमरों में हुई बैठकों में क्या बातचीत हुई।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के मीडिया व पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने वीडियो दिखाते हुए तंज कसा कि गिरगिट ने भी भाजपा से रंग बदलना सीख लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने चीन के प्रति 'आत्मसमर्पण की नीति' अपनाई है। उन्होंने कहा कि सरकार का दोहरा रवैया और चुप्पी न केवल भारत की विदेश नीति को कमजोर कर रही है, बल्कि राष्ट्रीय हितों से भी गंभीर समझौता कर रही है।खेड़ा ने कहा कि सोमवार को भाजपा मुख्यालय में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और भाजपा नेताओं की बैठक हुई और उसके कुछ ही घंटों बाद चीन ने कश्मीर की शक्सगाम घाटी पर अपना दावा ठोक दिया। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार द्वारा जनता से चीनी सामान नहीं खरीदने को कहा जाता है, दूसरी तरफ चीनी प्रतिनिधिमंडल के लिए भाजपा मुख्यालय में रेड कारपेट बिछाया जाता है। चीनी कंपनियों को भारत में निवेश, जमीन और ठेके दिए जा रहे हैं।

खेड़ा ने कहा कि भारत में चीनी सामान की बाढ़ आ गई है, लेकिन सरकार इसे रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही। चीन ने रेयर अर्थ और खाद पर अघोषित प्रतिबंध लगाकर भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचाया, जिस पर मोदी सरकार ने चुप्पी साधे रखी। मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो वहां स्कूलों में चीन की भाषा सीखने की पैरवी करते थे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध में मध्यस्थता करने जैसे दावे अब चीन भी कर रहा है। चीन पैंगोंग त्सो झील के रास्ते से मिलिट्री पुल और ब्रह्मपुत्र नदी के पास डैम बना रहा है। चीन ने कई बार डोकलाम, सिलीगुड़ी कॉरिडोर, शक्सगाम से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक भारत के साथ नापाक हरकत की। लेकिन मोदी सरकार खामोश है। भारत की सीमाओं के पास चीन ढांचे का निर्माण कर रहा है और मोदी सरकार चीनी मजदूरों को वीजा दे रही है। खेड़ा ने याद दिलाया कि गलवान में 20 बहादुर सैनिकों की शहादत के बाद प्रधानमंत्री ने चीन को क्लीन चिट देकर पूरे विश्व में भारत की स्थिति कमजोर की थी। भाजपा-आरएसएस स्पष्ट करें कि सीपीसी के साथ उनकी गुप्त बैठकों का एजेंडा क्या है? क्या बंद दरवाजों की इन बैठकों में चीन के अतिक्रमण पर कोई चर्चा हुई? उन्होंने सवाल किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन द्वारा पाक को दी गई सैन्य मदद पर भाजपा ने सवाल क्यों नहीं पूछे?

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. कामरान पुत्र मो. जाकिर पता: टी–257, ईदगाह रोड कुरैश नगर सदर बाजार, दिल्ली ने ई–एफआईआर संख्या 00483/2018 धारा 411 भा.द.स. के तहत** थाना: कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो. कामरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो. कामरान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **ई–एफआईआर संख्या 00483/2018 धारा 411 भा.द.स. के तहत थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त मो. कामरान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11
(केन्द्रीय), कमरा नं.138
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/26/N/2026

**उत्तर रेलवे**

**प्रथम शुद्धिपत्र निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली दो पैकेट पद्धति ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थल | उतरी रेलवे के दिल्ली डिवीजन मे TKJ-ANVR रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी–चौथी रेलवे लाइन के संबध में, मंडावली चंदर विहार रेलवे स्टेशन पर रेजिडेंशियल टाइप–II क्वार्टर (24 यूनिट) टाइप–III क्वार्टर (04 यूनिट) और टाइप–IV क्वार्टर (01 यूनिट) का निर्माण, 24 टाइप–II क्वार्टर 04 टाइप–III क्वार्टर और 01 टाइप–IV क्वार्टर के लिए फायर फाइटिंग व्यवस्था सड़क कार्य, 120 किलोलीटर क्षमता का ओवर हेड टैंक, 120 किलोलीटर क्षमता का अंडर ग्राउंड टैंक, बाउंड्री वॉल, HL पैसेंजर प्लेटफॉर्म का निर्माण/चौड़ीकरण/विस्तार, तटबंध में मिट्टी भराई का काम, फॉर्मेशन में कटिंग, ब्लैकेटिंग का प्रावधान, नाली का निर्माण, रिटेनिंग वॉल, सबवे, रैंप/सीढ़ी, प्लेटफॉर्म शेल्टर, फेंसिंग, स्टेशन बिल्डिंग, मौजूदा FOB और मौजूदा प्लेटफॉर्म RCC बैक वॉल को तोड़ना, वाटर बूथ और अन्य विविध संबंधित कार्य। |
| कार्य पूरा होने की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु.3268.15 लाख |
| धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | रु.17,84,100/– |
| ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 14:00 बजे दिनांक 10.01.2026 से 31.01.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 31.01.2026 को 14:00 बजे तक निविदा कर्ता द्वारा 10.01.2026 से 31.01.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 14:00 बजे दिनांक 31.01.2026 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

सं0 545-ACS-QRTRS-MWC-CSB दिनांक : 14.01.2026 139/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

#### पशु नस्ल पंजीकरण प्रमाणपत्र एवं नस्ल संरक्षण पुरस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए

# देशी पशुधन किसानों की समृद्धि एवं कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़:

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित ए. पी. शिंदे ऑडिटोरियम में पशु नस्ल पंजीकरण प्रमाणपत्र एवं नस्ल संरक्षण पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जानवरों की इकोलॉजिकल अहमियत और भारत की देसी जानवरों की नस्लों को बचाने के लिए मिलकर काम करने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि जानवरों के साथ भारत का रिश्ता सिर्फ़ आर्थिक या न्यूट्रिशन से जुड़ा नहीं है, बल्कि असल में इकोलॉजिकल है। उन्होंने कहा, यह बैलेंस का रिश्ता



है। इस बैलेंस में किसी भी तरह की गड़बड़ी का सीधा असर पर्यावरण और आखिर में, धरती की भलाई पर पड़ता है। उन्होंने देसी नस्लों को बचाने के लिए देश भर में काम कर रहे साइंटिस्ट, इंस्टीट्यूशन और किसान समुदायों की बहुत तारीफ की।

चौहान ने कहा कि उनकी कोशिशें जानवरों को बचाने से कहीं आगे हैं। वे बायोडायवर्सिटी की रक्षा कर रहे हैं, गांवों की रोजी-रोटी को मजबूत कर रहे हैं और सस्टेनेबल खेती के भविष्य को सुरक्षित कर रहे हैं। देसी जानवरों की नस्लों को बचाने के लिए 2019 में शुरू की गई नेशनल पहल का ज़िक्र करते हुए, मंत्री ने इसे एक अहम और तारीफ़ के काबिल कदम बताया। उन्होंने कहा कि देसी मवेशी, भैंस, मुर्गी और छोटे जुगाली करने वाले जानवर हमारी खेती की इकॉनमी की रीढ़ हैं। उनका विकास सीधे किसानों की खुशहाली, मजबूती और इनकम सिक्योरिटी से जुड़ा है।

चौहान ने ज़ोर दिया कि इस मिशन को पॉलिसी और कॉन्फ्रेंस से आगे बढ़कर एक जन आंदोलन बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह काम सिर्फ़ पॉलिसी फ्रेमवर्क या कॉन्फ्रेंस प्लेटफॉर्म तक ही सीमित नहीं रह सकता। इसे गांवों, खेतों और किसान परिवारों तक पहुंचना चाहिए और एक सच्चा जन आंदोलन बनना चाहिए। इस कार्यक्रम में देश भर के सीनियर अधिकारियों, साइंटिस्ट्स, रिसर्चर्स, प्रोग्रेसिव किसानों एवं स्टेकहोल्डर्स ने शिरकत की।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट ने कहा कि विकसित भारत - पशु धन का विज़न लंबे समय तक संरक्षण के साथ-साथ ज़िम्मेदारी से रिसोर्स का इस्तेमाल करने पर केन्द्रित है। उन्होंने पिछले पंद्रह सालों में किसानों की अहम भूमिका पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि वे नस्ल संरक्षण की कोशिशों के केंद्र में बने हुए हैं। 2008 से, 242 जानवरों की नस्लें रजिस्टर की गई हैं। 2047 तक विकसित भारत को पाने के लिए, भाकृअनुप का लक्ष्य सभी देसी जानवरों की नस्लों का 100 परसेंट रजिस्ट्रेशन करना है।

## खबर संक्षेप

### ओला इलेक्ट्रिक भारत सेल मंच का करेगा विस्तार

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने बुधवार को अपने '4680 भारत सेल' मंच के विस्तार की घोषणा की। इस पहल के तहत कंपनियां और स्टार्टअप अब ऑटोमोटिव, ह्यूमनॉइड्स (रोबोट), ड्रोन और पोर्टेबल चिकित्सा उपकरणों में उपयोग के लिए सीधे '4680 भारत सेल' या 1.5 केडब्ल्यूएच का '4680 भारत सेल' बैटरी पैक खरीद सकते हैं।

### स्कोडा की घरेलू बिक्री बीते वर्ष 36 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया (एसएवीडब्ल्यूआईपीएल) ने बीते वर्ष 1,17,000 इकाई के साथ अब तक की सर्वाधिक घरेलू बिक्री दर्ज की है जो सालाना आधार पर 36 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि घरेलू बिक्री एवं निर्यात सहित 2025 में कुल बिक्री 1,59,500 इकाई रही।

### रुपया छह पैसे टूटकर 90.29 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त गंवाता हुआ छह पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.29 पर बंद हुआ। डॉलर में मजबूती, विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू बाजारों में गिरावट के कारण केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप का प्रभावी असर नहीं रहा। तनाव के कारण रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने के आसार हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## थोक महंगाई आठ महीने के उच्च स्तर 0.83 प्रतिशत पर

# महंगाई मोर्चे पर देश को लगा झटका; दिसंबर माह में थोक मुद्रास्फीति दूसरे महीने भी बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

थोक मुद्रास्फीति में लगातार दूसरे महीने वृद्धि जारी रही और दिसंबर 2025 में यह आठ महीने के उच्च स्तर 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य पदार्थों, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी से इसमें वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में शून्य से नीचे 0.32 प्रतिशत और अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.02 प्रतिशत रही थी। दिसंबर 2024 में थोक मुद्रास्फीति 2.57 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मुद्रास्फीति बीते महीने मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, खनिजों, मशीनरी एवं उपकरणों के विनिर्माण, खाद्य उत्पादों के निर्माण और वस्त्र आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण बढ़ी।''

**खाद्य पदार्थों और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि**

**डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति नवंबर में शून्य से 0.32 फीसदी नीचे रही थी**

**विनिर्माण, खनिजों मशीनरी एवं उपकरणों की कीमतों में वृद्धि दर्ज**

### सब्जियों की महंगाई 3.50 फीसदी बढ़ी

डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में खाद्य पदार्थों की कीमतें 0.43 प्रतिशत कम हुईं जबकि नवंबर में यह दर 4.16 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर में दिसंबर में 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि नवंबर में यह 20.23 प्रतिशत थी। वित्तीय परामर्श कंपनी बार्कलेज इंडिया की मुख्य अर्थशास्त्री आस्था गुडवानी ने कहा कि दिसंबर में खाद्य पदार्थों में महंगाई में कम दर से कमी एवं विनिर्माण उत्पादों में बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई।



### खाद्य मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि प्रतिकूल आधार के कारण खाद्य मुद्रास्फीति में सालाना आधार पर वृद्धि, वैश्विक जिंस कीमतों में वृद्धि और पिछले कुछ महीनों से रुपये में गिरावट से इक्रा को जनवरी में थोक मुद्रास्फीति के बढ़कर 1.5 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है जो पिछले 10 महीनों में सार्वधिक होगा।

### सब्जी, अंडा और दाल की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी

*इसी सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, सब्जी, अंडा और दाल समेत रसोई की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण बीते महीने दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 1.33 प्रतिशत पर पहुंच गई। नवंबर में मुद्रास्फीति 0.71 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति समीक्षा करते समय समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर नजर रखता है।*

### थोक महंगाई में मामूली बढ़ोतरी का अनुमान

*गुडवानी ने कहा, ''हमें थोक मुद्रास्फीति में मामूली वृद्धि जारी रहने का अनुमान है।'' विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति नवंबर 2025 के 1.33 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर में 1.82 प्रतिशत रही। गैर-खाद्य वस्तुओं की श्रेणी की मुद्रास्फीति दिसंबर में 2.95 प्रतिशत रही जबकि नवंबर में यह 2.27 प्रतिशत थी। ईंधन तथा बिजली क्षेत्रों में महंगाई दर में गिरावट जारी रही और यह 2.31 प्रतिशत रही जबकि नवंबर में यह 2.27 प्रतिशत थी।*

## अकाई ने डीप क्लीन टेक्नोलॉजी के साथ वॉशिंग मशीनों की रेंज लॉन्च की

**नई दिल्ली।** अकाई इंडिया, एक प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने भारत में अपनी लेटेस्ट रेंज की डिजिटल वॉश टॉप लोड फुली ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीनों को लॉन्च करने की घोषणा की है। नई लाइनअप में शीन के साथ डीप क्लीन टेक्नोलॉजी, बिल्ट-इन हीटर और इन्वर्टर टेक्नोलॉजी है। अकाई की जापानी सटीकता, इनोवेशन और विश्वसनीयता की विरासत पर बनी, वॉशिंग मशीनों की नई रेंज बेहतरीन परफॉर्मेंस, एनर्जी एफिशिएंसी और लंबे समय तक चलने वाली ड्यूरेबिलिटी देती है। अकाई की वॉशिंग मशीनों की नई रेंज 7.5, 8, 9, 10 और 12 किलो की अलग-अलग कैपेसिटी में एंटी-बैक्टीरियल ड्रम कोट और मल्टी-वॉश प्रोग्राम के साथ उपलब्ध है। इस रेंज में मैजिक फिल्टर, वॉटर फॉल, मेमोरी फंक्शन, बजर, कम प्रेशर पर कुशल, एंटी-रैट डिज़ाइन, कम शोर, क्विक-वॉश, ऑटो-बैलेंस, चाइल्ड-लॉक, ऑटो पावर ऑफ और रीस्टार्ट, और सॉफ्ट क्लोजिंग लिड जैसी सुविधाएँ हैं। डिजिटल वॉश फुली-ऑटोमैटिक वॉश मोटर्स पर 10 साल की वारंटी के साथ आता है।

## इंफोसिस के लाभ में 2 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** आईटी सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इन्फोसिस का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2.2 प्रतिशत घटकर 6,654 करोड़ रुपये रहा। बेंगलुरु मुख्यालय वाली इस कंपनी ने पिछले साल की इसी अवधि में 6,806 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। इन्फोसिस ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका परिचालन राजस्व आलोच्य तिमाही में 8.89 प्रतिशत बढ़कर 45,479 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले 2024-25 की तीसरी तिमाही में 41,764 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के मुकाबले कंपनी का लाभ 9.6 प्रतिशत घटा, जबकि राजस्व में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन्फोसिस ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर स्थिर मुद्रा के आधार पर 3-3.5 प्रतिशत किया है।

- अक्टूबर-दिसंबर में लाभ घटकर 6,654 करोड़ रुपए रहा

## लगातार दूसरे दिन घरेलू बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 245 अंक फिसला

- वैश्विक तनाव से आईटी व बैंकिंग शेयरों में रही बिकवाली
- विदेशी पूंजी की निकासी लगातार जारी रही

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच आईटी और चुनिंदा बैंक शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 245 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 66 अंक की गिरावट आई। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निकासी लगातार जारी रहने और अमेरिकी शुल्क संबंधी नई अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स 244.98 अंक गिरकर 83,382.71 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 66.70 अंक टूटकर 25,665.60 अंक पर आ गया।

***टीसीएस रहा नुकसान में :*** *सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, मारुति, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में तेजी रही।*

***वेदांता के शेयर में छह प्रतिशत की तेजी :*** *विभिन्न कारोबार से जुड़े वेदांता के शेयर में बुधवार को छह प्रतिशत का उछाल आया और वह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। इसके साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण 2,64,224.92 करोड़ रुपये पहुंच गया। इस महीने अब तक शेयर में करीब 12 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। बीएसई में शेयर बुधवार को 6.06 प्रतिशत चढ़कर 675.70 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 6.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 679.40 रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा था।*

## चांदी 15,000 रुपये उछलकर 2.86 लाख के नए शिखर पर

- सोना भी 1,500 रुपए बढ़कर 1.46 लाख के पार
- चांदी में लगातार चौथी दिन रही तेजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चांदी की कीमत बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में 15,000 रुपये की जबर्दस्त उछाल के साथ 2,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी जबकि सोने की कीमत भी वैश्विक बाजार में मजबूत रुझानों के अनुरूप 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि चांदी ने लगातार चौथे दिन जोरदार तेजी जारी रखी। मंगलवार को 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई चांदी बुधवार को 5.5 प्रतिशत यानी 15,000 रुपये की अभूतपूर्व तेजी के साथ 2,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) पर पहुंच गई। यह चांदी के भाव का अब तक का सर्वोच्च स्तर है। पिछले चार सत्रों में ही यह धातु 17.45 प्रतिशत यानी 42,500 रुपये की जबर्दस्त बढ़त हासिल कर चुकी है। आठ जनवरी को चांदी की कीमत 2,43,500 रुपये थी। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि चांदी ने हाल के समय में सोने की तुलना में बेहतर रिटर्न दिया है। वर्ष 2026 की शुरुआत से अब तक चांदी ने लगभग 47,000 रुपये प्रति किलो यानी 20 प्रतिशत की तेजी दिखाई है। यह 31 दिसंबर, 2025 को 2,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,500 रुपये चढ़कर 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों समेत) तक पहुंच गई।



### नीति आयोग के निर्यात तैयारी सूचकांक में शीर्ष पर महाराष्ट्र

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के चौथे निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) 2024 में महाराष्ट्र ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके बाद तमिलनाडु और गुजरात क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर है। यह सूचकांक राज्यों की निर्यात क्षमता और प्रदर्शन के संदर्भ में उनकी तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र के बाद तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पंजाब का स्थान है। छोटे राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड शीर्ष स्थान पर रहा। इसके बाद जम्मू-कश्मीर, नगालैंड, दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव, गोवा तथा त्रिपुरा का स्थान है।

### शैडोफैक्स का आईपीओ 22 जनवरी को खुलेगा

**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता शैडोफैक्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 118-124 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि 1,907 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 जनवरी को खुलेगा और 24 जनवरी को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 19 जनवरी को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर और 907.27 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इससे कुल शेयर की राशि 1,907.27 करोड़ रुपये बैठती है। शैडोफैक्स को फ्लिपकार्ट, टीपीजी, एट रोड्स वेंचर्स, मिराए एसेट वेंचर्स और

### ग्रो का लाभ 28 फीसदी घटकर 547 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** शेयर खरीद-बिक्री मंच ग्रो की मूल कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 547 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का अक्टूबर-दिसंबर 2024 में शुद्ध लाभ 757 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 1,261 करोड़ रुपये हो गई।जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,004 करोड़ रुपये थी। इस बीच, स्टेट स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट ने भारत में विश्व स्तरीय क्षमताएं एवं वैश्विक निवेश उत्पाद लाने के लिए रणनीतिक साझेदारी के तहत ग्रो एएमसी में 6.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (580 करोड़ रुपये) का निवेश किया है।

### एस्सार का ब्रिटेन की स्टैनलो रिफाइनरी से ईंधन की बिक्री

**नई दिल्ली।** एस्सार एनर्जी ट्रांजिशन (ईईटी) ने 2025 में ब्रिटेन के उत्तर-पश्चिम में स्थित स्टैनलो रिफाइनरी से घरेलू ईंधन की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की, जो इस रिफाइनरी के अधिग्रहण के बाद का सबसे मजबूत प्रदर्शन है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि संचालन क्षमता में सालाना आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई और स्टैनलो रिफाइनरी से भेजे जाने वाले तेल की मात्रा ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस वृद्धि को ब्रिटेन में मजबूत मांग से समर्थन मिला। इसके अलावा ईंधन की खुदरा बिक्री और विमान ईंधन व्यवसाय ने भी तेजी दिखाई। विमानन क्षेत्र में में कंपनी ने सीधे 10 प्रमुख ब्रिटिश हवाई अड्डों को ईंधन आपूर्ति करना शुरू किया।

### उर्वरकों से लदी मालगाड़ी पहुँची अनंतनाग कश्मीर घाटी की आपूर्ति श्रृंखला में होगा बड़ा सुधार

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने कश्मीर घाटी की कृषि अर्थव्यवस्था और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र मे एक नया अध्याय जोड़ा है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से चलकर 21 बीसीएन (BCN) वैगनों वाली एक मालगाड़ी सीधे अनंतनाग रेल टर्मिनल पहुँची। इस रैक में इंडियन पोटाश लिमिटेड (IPL) का लगभग 1339 टन पीडीएम (मोलासेस से प्राप्त पोटाश) लाया गया है। कश्मीर घाटी में पोटाश की इतनी बड़ी खेप सीधे रेल मार्ग के माध्यम से पहुँचाई गई है। **मुख्य विवरणः** सफल विपणन प्रयासः यह उपलब्धि रेलवे के जम्मू डिवीजन के निरंतर विपणन (Marketing) प्रयासों और रणनीतिक योजना का परिणाम है। सप्लाई चेन में बदलावः रेल मार्ग से उर्वरकों की सीधी पहुँच होने से कश्मीर घाटी में लॉजिस्टिक्स आपूर्ति श्रृंखला में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि परिवहन लागत में भी कमी आने की संभावना है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## सेना प्रमुख ने एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप 2026 का दौरा किया

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 14 जनवरी, 2026 को दिल्ली कैंट में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस कैंप (आरडीसी) का दौरा किया। उपराष्ट्रपति श्री सी पी राधाकृष्णन को उद्धत करते हुए, सेना प्रमुख ने युवाओं को "नए भारत का चेहरा" बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे देश की सबसे शक्तिशाली आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो अनुशासन, उद्देश्य और संकल्प के माध्यम से राष्ट्रीय परिवर्तन लाने में सक्षम हैं। सेना प्रमुख ने हाल के सालों में एनसीसी कैडेटों के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताते हुए ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण दिया जो भारत की सशक्तता का सबूत है, जिसके दौरान 75,000 से अधिक एनसीसी कैडेटों ने पूरे देश में सिविल डिफेंस, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, राहत सामग्री बांटने और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में स्वयंसेवक की भूमिका निभाई। आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कैडेटों के प्रशिक्षण में शामिल किए गए ड्रोन ट्रेनिंग की शुरुआत, पुनीत सागर अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक पेड़ मां के नाम, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और स्वच्छ भारत अभियान जैसी राष्ट्रीय पहलों में भागीदारी और युवा आपदा मित्र योजना के तहत 28 राज्यों के 315 जिलों में 94,400 कैडेटों को आपदा तैयारी को लेकर प्रशिक्षण जैसे नये उपायों की सराहना की।

## जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने नमामि गंगा मिशन के अंतर्गत जलीय जैव विविधता संरक्षण की महत्वपूर्ण पहलों का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने सरकार की नदियों को केवल जलमार्ग के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-सहायक इकोसिस्टम के रूप में संरक्षित करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि नदी के स्वास्थ्य का सच्चा सूचक जलीय जैव विविधता का फलना-फूलना है। उन्होंने देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) में नमामि गंगा मिशन के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण और दूरगामी पहलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्री पाटिल ने नदी पुनर्जीवन और जलीय जीवन संरक्षण पर केंद्रित नई और उन्नत परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार रुहेल्ला, भारतीय वन्यजीव संस्थान के निदेशक डॉ. गोविंद सागर भारद्वाज और स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन के महानिदेशक श्री राजीव कुमार मित्तल सहित वरिष्ठ अधिकारी, शोधकर्ता, संरक्षण विशेषज्ञ और छात्र उपस्थित थे। नमामि गंगा कार्यक्रम ने जलीय जैव विविधता संरक्षण के लिए अध्ययन, अनुसंधान और नीतिगत सहायता हेतु एक समर्पित केंद्र विकसित करने के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान के साथ साझेदारी की है। जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने राष्ट्र को समर्पित इस केंद्र का उद्घाटन किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार पुत्र दीपक पता सी-2/6, खसरा नं.77/11 और 78/6 स्वर्ण पार्क मुंडका, दिल्ली ने ई-एफआईआर नं 80045570 दिनांक 03.05.2024 धारा 380/457 /411/34 भा.द.स. के तहत** थाना: मुंडका, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ई-**एफआईआर 80045570 दिनांक 03.05.2024 धारा 380/457/411/34 भा.द.स. के तहत थानाः मुंडका, दिल्ली के उक्त राज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
गौरव सिंघल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-06
पश्चिम कमरा नं. 355
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/653/OD/2026

## शब्द पहेली - 6109



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 6108 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | रा | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | रा | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |



# इंग्लिश लीग कप : फाइनल की दहलीज पर मैनचेस्टर सिटी

एजेंसी ▶▶| लंदन।



मैनचेस्टर सिटी के नए खिलाड़ी एंटोनी सेमेन्यो ने लगातार दूसरे मैच में गोल किया, जिससे उनकी टीम न्यूकैसल को 2-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गई। पिछले सप्ताह बोर्नमाउथ से 87 मिलियन डॉलर में मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए इस फॉरवर्ड खिलाड़ी ने सेंट जेम्स पार्क में सेमीफाइनल के पहले चरण में 53वें मिनट में पहला गोल दागा।

मैनचेस्टर सिटी के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी रेयान चेर्की ने इंजरी टाइम में दूसरा गोल किया। सेमेन्यो ने सप्ताहांत में एफए कप में एक्सेटर के खिलाफ मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से पदार्पण करते हुए गोल किया था। उनकी टीम ने यह मैच 10-1 से जीता था। मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप आठ बार जीता है और पेप गार्डियोला के मुख्य कोच बनने के बाद उसने चार बार यह खिताब अपने नाम किया है। मैनचेस्टर सिटी ने आखिरी बार 2021 में यह खिताब जीता था। लीग कप का दूसरा सेमीफाइनल चेल्सी और आर्सेनल के बीच खेला जाएगा।

# कोपा डेल रे : क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

ग्रीजमैन का दर्शनीय गोल



एंटोनी ग्रिज़मैन ने फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया, जिससे एटलेटिको मैड्रिड ने डेपोर्टिवो ला कोरुना को 1-0 से पराजित करके कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ग्रीजमैन ने 61वें मिनट में बाएं पैर से करारा शॉट लगाकर यह गोल किया, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस तरह से 34 वर्षीय ग्रीजमैन ने पिछले छह मैचों में पांचवां गोल दागा। एटलेटिको मैड्रिड की टीम सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप के सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड से 1-2 से हार गई थी।

कोपा डेल रे के अन्य मैचों में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। मैच नियमित समय और अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबर रहा था। एथलेटिक बिलबाओ ने दूसरी डिवीजन की टीम कल्चरल लियोनेसा को 4-3 से हराया।

## खबर संक्षेप



### पाकिस्तान की महिला टीम के 'मेंटोर' बने रियाज

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज को अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की राष्ट्रीय महिला टीम का 'मेंटोर' (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि वहाब टीम के 'मेंटोर' होंगे और उन्हें पूर्व खिलाड़ियों इमरान फरहत और अब्दुल रहमान सहित कोचिंग स्टाफ का सहयोग मिलेगा। पाकिस्तान की महिला टीम की कप्तानी फातिमा सना करेंगी। भारत और श्रीलंका में पिछले साल नवंबर में खेले गए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में मिली करारी हार के बाद यह टीम का पहला दौरा होगा। पाकिस्तान आठ टीमों की प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहा था, जिसके बाद मुख्य कोच मोहम्मद वसीम को बर्खास्त कर दिया गया था।

### कर्नाटक और विदर्भ के बीच पहला सेमीफाइनल पडिक्कल पर रहेगी नजर



**बेंगलुरु।** बेहतरीन फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल कर्नाटक और विदर्भ के खिलाफ गुरुवार 15 जनवरी को यहां होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर पैदा कर सकते हैं। पडिक्कल इस समय शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बेहतरीन फॉर्म का नजारा मुंबई के खिलाफ सेमीफाइनल में किया था, जहां उनके नाबाद अर्धशतक की मदद से कर्नाटक ने जीत हासिल की थी। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में चार शतक लगाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

### पाकिस्तान में तीन मैच खेलेगा ऑस्ट्रेलिया



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया लाहौर में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले 29 और 31 जनवरी तथा एक फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दिन रात्रि टी20 मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के ग्रुप मैच भारत में खेलेगा, जबकि पाकिस्तान को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने हैं। यह अप्रैल 2022 के बाद पहला अवसर होगा जबकि ऑस्ट्रेलिया टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम 28 जनवरी को लाहौर पहुंचेगी।

## डेरिल ने 131* और यंग ने 87 रन की शानदार पारी खेली

*तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर*

# मिचेल का शतक, न्यूजीलैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया

भाषा ▶▶| राजकोट

डेरिल मिचेल की नाबाद 131 रन की पारी और विल यंग (87) के साथ तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे मैच में बुधवार को यहां भारत को सात विकेट से शिकस्त दी। न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 285 रन के लक्ष्य को 15 गेंद शेष रहते हासिल कर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। इससे पहले केएल राहुल की 91 गेंदों में खेली गई नाबाद 112 रन की पारी (नौ चौके और एक छक्का) के बावजूद भारत सात विकेट पर 284 रन ही बना सका। न्यूजीलैंड ने 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सीरीज का निर्णायक तीसरा वनडे रविवार को इंदौर में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के लिए विल यंग ने 98 गेंदों में 87 रन (सात चौके) की ठोस पारी खेली। मिचेल ने 117 गेंदों में नाबाद 131 रन बनाए। पदार्पण कर रहे बायें हाथ के स्पिनर जेडन लेनॉक्स ने 10 ओवर में 42 रन देकर एक विकेट लिया। इसके विपरीत, कुलदीप यादव (10 ओवर, 82 रन, एक विकेट) और रविंद्र जडेजा (आठ ओवर में 44 रन) ने 18 ओवर में 126 रन लुटा दिये। कुलदीप को लगातार शॉट गेंद डालने का खामियाजा भुगतना पड़ा। पारी के 36वें ओवर में लांग ऑन पर प्रसिद्ध कृष्णा ने एक आसान कैच छोड़ दिया, जिससे मिचेल को 80 रन पर जीवनदान मिल गया। कुलदीप ने यंग को आउट कर तीसरे विकेट की साझेदारी को तोड़ा और इसके तुरंत बाद मोहम्मद सिराज ने मिचेल को पगबाधा कर दिया। डीआरएस के जरिए हालांकि फैसला पलट गया क्योंकि गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लगकर गई थी।

मैन ऑफ द मैच




### तेंदुलकर से आगे निकले कोहली

इस मैच में भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने पहला रन बनाते ही सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह कीवी टीम के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो विराट कोहली के ऊपर इस मामले में रिकी पोंटिंग टॉप पर हैं। वहीं भारतीयों के मामले में विराट नंबर 1 बन गए और ओवरऑल सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। विराट कोहली लगातार एक के बाद एक सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर रहे हैं। वह वनडे शतकों के मामले में पहले ही सचिन को पीछे छोड़ चुके हैं।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| रिकी पोंटिंग | : 1971 रन (50 पारी) |
| विराट कोहली | : 1773 रन (35 पारी)* |
| सचिन तेंदुलकर | : 1750 रन (41 पारी) |
| कुमार संगकारा | : 1568 रन (45 पारी) |
| सनथ जयसूर्या | : 1519 रन (45 पारी) |

### न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| विराट कोहली | : 1773 रन (35 पारी)* |
| सचिन तेंदुलकर | : 1750 रन (41 पारी) |
| वीरेंद्र सहवाग | : 1157 रन (23 पारी) |
| रोहित शर्मा | : 1123 रन (31 पारी)* |
| मोहम्मद अजहरुद्दीन | : 1118 रन (39 पारी) |

### भारत- 284/7

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा का यंग बो क्लार्क | 24 |
| शुभमन गिल का मिचेल बो जैमीसन | 56 |
| विराट कोहली बो क्लार्क | 23 |
| श्रेयस अय्यर का ब्रेसवेल बो क्लार्क | 8 |
| केएल राहुल नाबाद | 112 |
| रविंद्र जडेजा का और बो ब्रेसवेल | 27 |
| रेड्डी का फिलिप्स बो फोक्स | 20 |
| हर्षित राणा का ब्रेसवेल बो लेनोक्स | 2 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 2 |

अतिरिक्त : 10 रन
योग : 50 ओवर में सात विकेट पर 284 रन
विकेट पतन : 1-70, 2-99 , 3-115 , 4-118 , 5-191 , 6-248 , 7-256
गेंदबाजी : जैमीसन 10 . 2 . 70 . 1, फोक्स 9 . 0 . 67 . 1, क्लार्क 8 . 0 . 56 . 3, लेनोक्स 10 . 0 . 42 . 1, ब्रासवेल 10 . 1 . 34 . 1, फिलिप्स 3 . 0 . 13 . 0

### न्यूजीलैंड -286/3

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डेवोन कोन्वे बो राणा | 16 |
| हेनरी निकोल्स बो कृष्णा | 10 |
| विल यंग का रेड्डी बो कुलदीप | 87 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 131 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 32 |

अतिरिक्तः 10
कुल योगः 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन
विकेट पतनः 1-22, 2-46, 3-208
गेंदबाजीः सिराज 9-0-41-0, राणा 9.3-1-52-1, कृष्णा 9-0-49-1, रेड्डी 2-0-13-0, जडेजा 8-0-44-0, कुलदीप 10-0-82-1

## आईसीसी रैंकिंग

# कोहली की बादशाहत फिर कायम एक बार फिर बने नंबर वन



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में शानदार अर्धशतक बनाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह 37 वर्षीय बल्लेबाज जुलाई 2021 के बाद पहली बार नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचा है। पहले वनडे में सस्ते में आउट होने के कारण पूर्व कप्तान रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

भारत ने रविवार को खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। इस मैच में कोहली ने 91 गेंदों पर 93 रन बनाए। उन्होंने पिछले पांच मैच में कम से कम अर्धशतक जरूर लगाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 74 रन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 135, 102 और नाबाद 65 रन और न्यूजीलैंड के खिलाफ 93 रन बनाए। कोहली ने अक्टूबर 2013 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। उन्होंने 11वीं बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वह अब तक कुल 825 दिन शीर्ष पर रह चुके हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड है।

### गिल पांचवें स्थान पर बरकरार

शुभमन गिल ने अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है, जबकि श्रेयस अय्यर शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डैरिल मिचेल पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रन की तूफानी पारी खेलने से एक पायदान आगे दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह कोहली (785 अंक) से केवल एक रेटिंग अंक पीछे हैं। मिचेल के साथी खिलाड़ी डेवोन कॉनवे तीन पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# सिंधू इंडिया ओपन के पहले दौर से बाहर श्रीकांत, प्रणय और मालविका जीते

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू बुधवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं जबकि किदांबी श्रीकांत, एच एस प्रणय और मालविका बंसोड़ दूसरे दौर में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू वियतनाम की थुई लिन एनगुएन के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजूद कड़े मुकाबले में हार गईं जबकि श्रीकांत ने भारत के ही थारुन मानेपल्ली को हराया। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी और 2017 की चैंपियन सिंधू को एक घंटा और आठ मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में दुनिया की 23वें नंबर की वियतनाम की खिलाड़ी एनगुएन के खिलाफ 22-20, 12-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। एनगुएन के खिलाफ सिंधू की यह लगातार तीसरी हार है और उनके लिए यह नतीजा बड़ा झटका है क्योंकि वह पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में पहुंची थी और घरेलू प्रशंसकों को उनसे यहां अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। ओपन 2015 के चैंपियन और दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मान्नेपल्ली को 53 मिनट में 15-21, 21-6, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में एकतरफा जीत दर्ज की और फिर निर्णायक गेम में थारुन की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए जीत दर्ज की। श्रीकांत अगले दौर में फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव से भिड़ेंगे जिन्होंने चीनी ताइपे के जू वेई वैंग को 13-21, 21-18, 21-19 से हराया। प्रणय ने हांगकांग के ली चेयुक यिउ को 41 मिनट में 22-20, 21-18 से हराया। यह भारतीय खिलाड़ी अगले दौर में आठवें वरीय सिंगापुर के लोह कीन येव के खिलाफ उतरेगा जिन्होंने चीन के वैंग झेंग शिंग को 23-21, 19-21, 21-14 से शिकस्त दी।



## पार्ल रॉयल्स की रोमांचक जीत, रजा ने आखिरी गेंद पर लगाया छक्का

**पार्ल।** जिंबाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा, जिससे पार्ल रॉयल्स ने बोलैंड पार्क में खेले गए एसए20 क्रिकेट मैच में डरबन सुपर जायंट्स पर छह विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। रॉयल्स को डेविड विसे के आखिरी ओवर में छह रन और आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी। ऐसे में रजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। डरबन सुपर जायंट्स ने कप्तान एडेन मार्क्रम (66) के अर्धशतक और लियम लिविंगस्टोन के 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 186 रन बनाए थे। रॉयल्स ने चार विकेट पर 191 रन बना कर जीत हासिल की। रजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे। उनसे पहले रुबिन हरमन (नाबाद 65) और डैन लॉरेंस (63) ने महत्वपूर्ण पारियां खेली। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की।

## यूपी वॉरियर्स को हराकर दिल्ली कैपिटल्स ने खोला जीत का खाता

2026 महिला प्रीमियर लीग

**नवी मुंबई (भाषा)।** लिजेल ली ने लगातार दूसरे मैच में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां खेले गए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को यूपी वॉरियर्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दिलाई। यह 2026 महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की पहली जीत है। यूपी वारियर्स की बल्लेबाजी आखिरी ओवरों में लड़खड़ा गयी जिससे टीम आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी। टीम ने आखिरी पांच ओवर में छह विकेट गंवाकर 24 रन बनाये।पिछले मैच में 86 रन बनाने वाली लिजेल ली ने इस मुकाबले में भी लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी की। उन्होंने 44 गेंदों में आठ चौके और तीन शानदार छक्कों की मदद से 67 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए पिछली बार 2022 में खेलने वाली लिजेल ली डब्ल्यूपीएल में अपने प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में वापसी का मजबूत दावा पेश कर रही हैं। अनुभवी लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 24 गेंदों में नाबाद 25 रन की पारी खेली। उन्होंने मैच की आखिरी गेंद पर चौका जड़ते हुए दिल्ली कैपिटल्स को जीत दिलाई। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स 12 गेंदों में 21 रन बनाकर 19वें ओवर में आउट हो गईं आखिर तक बल्लेबाजी न कर पाने की निराशा उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी।

*अंडर19 विश्व कप*

## अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा भारत

बुलावायो। कई युवा सितारों से सजी भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में छठा खिताब जीतने के लिए अमेरिका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके गुरुवार 15 जनवरी को अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। अब तक खेले गए 16 अंडर-19 विश्व कप में भारत पांच बार का विजेता रहा है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1988 में की गई थी और ऑस्ट्रेलिया ने पहला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। विराट कोहली, रोहित शर्मा, केन विलियमसन, जो रूट और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों ने इसी टूर्नामेंट के जरिए क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था और बाद में उन्होंने खुद को खेल के दिग्गज खिलाड़ियों के रूप में स्थापित किया।

## रविवार से शुरू होगा साल का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अल्काराज और सबालेंका को शीर्ष वरीयता

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न



विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरीना सबलेंका को रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के ड्रॉ गुरुवार को डाले जाएंगे, जिससे एक दिन पहले पुरुष और महिला वर्ग में 32 वरीय खिलाड़ियों की घोषणा की गई।

पुरुष वर्ग में दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर को दूसरी वरीयता मिली है, जबकि अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को तीसरी और 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को चौथी वरीयता दी गई है। शीर्ष 10 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में लोरेंजो मुसेटी, एलेक्स डी मिनौर, फेलिक्स ऑगर-अलियासिम, बेन शेल्टन, टेलर फ्रिट्ज और अलेक्जेंडर बुब्लिक भी शामिल हैं। दानिल मेदवेदेव 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में कोर्ट पर उतरेंगे। महिला वर्ग में सबालेंका, इगा स्वियातेक और कोको गॉफ लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज़ को नौवीं वरीयता दी गई है। वह शीर्ष 10 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में शामिल चार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों में से एक हैं।

### नए साल की शेल्टन ने की जीत से शुरुआत ऑकलैंड के क्वार्टरफाइनल में एंट्री

**ऑकलैंड।** अमेरिका के विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी बेन शेल्टन ने ऑकलैंड ओपन एटीपी टूर प्रतियोगिता में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके वर्ष 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की लेकिन कैस्पर रूड को हार का सामना करना पड़ा। शेल्टन ने अर्जेंटीना के विश्व में 68वीं रैंकिंग के खिलाड़ी फ्रांसिस्को कोमेसाना पर 7-5, 6-4 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी होने के कारण शेल्टन को इस एटीपी 250 टूर्नामेंट के पहले दौर में बाई मिली थी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है। वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट रविवार से मेलबर्न में शुरू होगा। इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त रूड दूसरे दौर में हंगरी के गैर वरीयता प्राप्त फैबियन मारोजसन से 6-4, 6-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मारोजसन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स को हराया था। पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटिश खिलाड़ी कैमरुन नॉरी भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। ऑकलैंड में 2024 के चैंपियन एलेजांद्रो तबिलो ने चौथी वरीयता प्राप्त लुसियानो डार्डेरी को 1-6, 7-5, 6-3 से पराजित किया।

## सेंथिलकुमार और टंडन ने की जीत से शुरुआत

**डेट्रॉयट।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार और रामित टंडन ने खेली जा रही डीआर 21 मोटर सिटी ओपन स्क्वाश प्रतियोगिता में जीत के साथ अपने नए सत्र की शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में 46वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने इंग्लैंड के सैमुअल ओसबोर्न वाइल्ड को आसानी से 11-9, 11-5, 11-6 से हराया। विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज टंडन को भी किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर के मैच में इंग्लैंड के टॉम वाल्श को 11-8, 11-4, 8-11, 11-4 से पराजित किया। इसी बीच क्लीवलैंड में खेले जा रहे स्क्वाश इन द लैंड टूर्नामेंट में विश्व के 52वें नंबर के खिलाड़ी वीर चोटरानी ने पहले दौर में स्थानीय खिलाड़ी इग्नेशियस लाहोरा को 11-3, 11-3, 11-4 से हराया।






## खबर संक्षेप

### नशे में धुत होने से डूबे जुबिनः सिंगापुर पुलिस



**सिंगापुर।** सिंगापुर की पुलिस ने एक अदालत को बताया कि असमिया गायक जुबिन गर्ग ने लाइफ जैकेट पहनने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने बताया कि जुबिन अत्यधिक नशे में थे और इसी वजह से लाजरस द्वीप के पास डूब गए थे। मुख्य जांच अधिकारी ने बताया कि जुबिन ने पहले लाइफ जैकेट पहनी थी, लेकिन बाद में उसे उतार दिया और फिर दूसरी लाइफ जैकेट पहनने से भी इनकार कर दिया। वे बहुत ज्यादा नशे में थे और कई गवाहों ने उन्हें नौका की ओर वापस जाते हुए बिना लाइफ जैकेट के तैरने की कोशिश करते देखा, तभी बेहोश हो गए और वे पानी में डूब गए।

### 20 साल की राजकुमारी स्पेन पर करेंगी राज



**मैड्रिड।** स्पेन में 150 वर्षों में पहली बार वहां एक महारानी का राज होगा। स्पेन के राजा किंग फेलिप छठे और रानी लेटीजिया की 20 साल की बेटी राजकुमारी लियोनोर स्पेन की पहली रानी बनेंगी। लियोनोर ने वेल्स के अटलांटिक कॉलेज से उच्च शिक्षा हासिल की है। साथ ही वे स्पेन की सेना, नौसेना और वायुसेना में भी ट्रेनिंग पूरी कर चुकी हैं, जो स्पेन के राजघराने के सदस्यों को करनी अनिवार्य होती है। राजकुमारी लियोनोर स्पेनिश और फ्रेंच समेत इंग्लिश, मंदारिन, अरबी आदि भाषाएं बोल सकती हैं। साथ ही वे एक प्रशिक्षित पायलट हैं।

## ईरान में उग्र प्रदर्शनकारियों पर नकेल कसेगी सरकार

# अदालत में त्वरित सुनवाई और 'फांसी' के दिए संकेत

एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरान में जारी व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच वहां की न्यायपालिका ने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ तेज सुनवाई और फांसी के संकेत दिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। ईरान के मुख्य न्यायाधीश घोलामहुसैन मोहसेनी-एजेई ने बुधवार को सरकारी टीवी पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि यदि कोई कार्रवाई करनी है तो उसे तुरंत और तेजी से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा अगर किसी काम को दो-तीन महीने बाद किया जाए, तो उसका असर नहीं रहता। अगर कुछ करना है, तो तुरंत करना होगा।

ईरानी सरकार ने पहले प्रदर्शनकारियों को मौत की सजा देने की घोषणा की थी। अब इस घोषणा के बाद पहली बार किसी प्रदर्शनकारी को सजा-ए-मौत दी जाने जा रही है।

सरकार ने 26 वर्षीय इरफान सुल्तानी को फांसी पर लटकाने का फैसला किया है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, इरफान को कभी भी फांसी दी जा सकती है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'मदद आ रही है' और उन्होंने ईरान में रह रहे अमेरिकियों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह दी है।

ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान ने प्रदर्शनकारियों को फांसी दी, तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई करेगा। हालांकि ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि यह कार्रवाई किस तरह की होगी। ट्रंप ने कहा अगर उन्हें फांसी दी गई, तो आप कुछ ऐसा देखेंगे, जो अब तक नहीं देखा गया।



ईरान में प्रदर्शन करते लोग

### धमकी के बावजूद ट्रंप नहीं करेंगे हमला

## विशेषज्ञों ने बताए 5 कारण

*डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बावजूद अमेरिका ईरान पर सैन्य कार्रवाई से क्यों बचेगा, विशेषज्ञों ने इसके 5 प्रमुख कारण बताए हैं।*



- *अमेरिकी सेना की मिडिल ईस्ट में कोई बड़ी तैनाती नहीं। खाड़ी देश सहयोग अपने बेस इस्तेमाल करवाने को लेकर उत्साहित नहीं हैं।*
- *अमेरिकी हमले से ईरान की मौजूदा सरकार को ही फायदा पहुंचा सकते हैं। ईरानी नेतृत्व विदेशी साजिश बताकर दबा सकता है।*
- *मिडिल ईस्ट इलाके में अमेरिकी सैन्य संसाधनों की स्थिति कमजोर है। अमेरिका का कोई एयरक्राफ्ट कैरियर मिडिल ईस्ट में तैनात नहीं है।*
- *अमेरिका घनी आबादी वाले इलाकों में हमला करने से बचेगा जिससे भारी जान-माल के नुकसान का कारण बनने से उसकी फजीहत हो सकती है।*
- *ईरान पहले ही चेतावनी दे चुका है कि अगर उस पर हमला हुआ तो वह अमेरिकी ठिकानों और जहाजों को निशाना बनाएगा, चाहे वे कहीं भी हों। ईरान के पास करीब 2000 भारी बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। अगर इन्हें बड़ी संख्या में दागा गया, तो ये अमेरिका और इजराइल की एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकती हैं।*

### ईरान में 2571 लोगों की मौत

*अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने बदावा कि ईरान में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 2,571 हो गई है। मरने वालों में 2,403 लोग प्रदर्शनकारी थे, जबकि 147 लोग सरकार से जुड़े बताए गए हैं। इसके अलावा, 12 बच्चों की मौत की पुष्टि की गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अब तक 18,100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह आंकड़ा हाल के वर्षों में ईरान में हुए किसी भी आंदोलन की तुलना में कहीं अधिक है।*

### कतर ने शांति की अपील की

ईरान में जारी अशांति और विरोध प्रदर्शनों के बीच मध्य पूर्व में तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी बीच कतर ने हालात को शांत करने की कोशिशों का समर्थन किया है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने ईरान के सुरक्षा अधिकारियों से फोन पर बातचीत के बाद कहा कि दोहा तनाव कम करने और शांतिपूर्ण समाधान की सभी कोशिशों के साथ खड़ा है।

### ट्रंप और नेतन्याहू हत्यारेः लारीजानी

ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव और पूर्व संसद अध्यक्ष अली लारीजानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी किया। उन्होंने ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर सीधा आरोप लगाया। लारीजानी ने लिखा हम ईरान के लोगों के मुख्य हत्यारों के नाम बताते हैं। 1- ट्रंप। 2- नेतन्याहू।'

### संघर्ष जारी रखेंः पहलवी



*निर्वासित युवराज रेजा पहलवी ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में लिखा मेरे देशवासियों, दुनिया अब आपकी आवाज और हिम्मत को सुन ही नहीं रही बल्कि इसका जवाब भी दे रही है। संघर्ष जारी रखें, जो आपने अभी तक किया है।*

### सभी अमेरिकी ठिकाने वैध लक्ष्यः बाकर



ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर घालीबाफ ने चेतावनी दी है कि हमले की स्थिति में इजराइल और क्षेत्र में सभी अमेरिकी ठिकाने और संपत्तियां वैध लक्ष्य होंगे। ईरान इन्हें विदेशी समर्थित खतरे के रूप में पेश कर और कठोर दमन को वैध ठहरा सकता है।

## द्विपक्षीय संबंधों को करेंगे मजबूत

# विदेश सचिव और चीन की उप मंत्री के बीच अहम भेंट



सुन हाईयान और विक्रम मिसरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के अंतरराष्ट्रीय विभाग (आईडीसीपीसी) की उप मंत्री सुन हाईयान से मुलाकात की। सुन हाईयान 12 से 14 जनवरी तक भारत के दौरे पर हैं। बैठक के दौरान भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने और उन्हें दोबारा मजबूत करने में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। बातचीत में व्यापार, व्यवसाय और जन-केंद्रित संपर्कों को प्राथमिकता देते हुए नए साल में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर चीनी पक्ष ने भारत को इस वर्ष ब्रिक्स (ब्रिक्स) की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

### चीन को भारतीय निर्यात में वृद्धि

*चीनी सीमा शुल्क ने बुधवार को बीजिंग में जारी वार्षिक व्यापार आंकड़ों में बताया कि चीन को होने वाले भारतीय निर्यात में 2025 के दौरान सालाना आधार पर 5.5 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि इस अवधि में व्यापार घाटा 116.12 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक 2025 में द्विपक्षीय व्यापार भी 155.62 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। चीन को होने वाला भारतीय निर्यात पिछले साल जनवरी से दिसंबर के बीच बढ़कर 19.75 अरब डॉलर हो गया। यह 9.7 प्रतिशत की वृद्धि है, जो राशि के मामले में 5.5 अरब डॉलर बैठती है। वहीं दूसरी ओर, भारत को होने वाला चीनी निर्यात पिछले वर्ष 12.8 प्रतिशत बढ़कर 135.87 अरब डॉलर हो गया। दोनों देशों के बीच व्यापार में तेजी आ रही है और कुल द्विपक्षीय व्यापार 2025 में 155.62 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।*

### आपसी आदान-प्रदान बढ़ाएंगे

सुन हाईयान ने अपने भारत दौरे के अनुभव साझा किए, जिनमें भारतीय मीडिया, थिंक टैंक और राजनीतिक दलों के साथ हुई उनकी बातचीत शामिल रही। उन्होंने विदेश सचिव को बताया कि चीनी पक्ष विदेश मंत्रालय और आईडीसीपीसी के बीच चल रहे कार्यक्रम के तहत आपसी आदान-प्रदान को और बढ़ाने का इच्छुक है। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने अपने शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को लागू करने और भारत-चीन संबंधों को सामान्यीकरण (नॉर्मलाइजेशन) की राह पर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## राजधानी में चल रहे एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप में युवा कैडेटों को संबोधित करते हुए बोले जनरल उपेंद्र द्विवेदी

# युवा करेंगे एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण : सेनाप्रमुख

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को राजधानी में चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस कैंप-2026 का दौरा किया। जिसमें कोर के युवा कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये युवा ही हैं, जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे।

देश की सबसे शक्तिशाली आबादी का प्रतिनिधित्व भी ये युवा ही करते हैं। जो अनुशासन, उद्देश्य और संकल्प के जरिए राष्ट्रीय परिवर्तन लाने में सक्षम हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण दिया और कहा कि यह भारत की मजबूती का सबूत है, जिसमें 75 हजार से ज्यादा एनसीसी कैडेटों ने पूरे देश में नागरिक रक्षा, हॉस्पिटल प्रबंधन, राहत सामग्री बांटने और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में स्वयंसेवक की भूमिका निभाई है।

### सराहे कैडेटों के प्रयास

जनरल द्विवेदी ने आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए युवा कैडेटों के प्रशिक्षण में शामिल किए गए ड्रोन प्रशिक्षण की शुरुआत, पुनीत सागर अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक पेड़ मां के नाम, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, स्वच्छ भारत अभियान जैसी राष्ट्रीय पहलों में भागीदारी और युवा आपदा मित्र योजना के जरिए 28 राज्यों के 315 जिलों में 94 हजार 400 कैडेटों को आपदा तैयारी को लेकर प्रशिक्षण जैसे नए प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने बताया कि 35 हजार से अधिक कैडेटों ने देश में सैन्य इकाइयों और सैनिक अस्पतालों के साथ अटैचमेंट ट्रेनिंग भी की है।

### सशस्त्र बलों में आने का जरूरी रास्ता

उन्होंने कहा कि कैडेटों के लिए एनसीसी, सशस्त्र बलों में शामिल होने का एक महत्वपूर्ण मार्ग बना हुआ है।

इस साल 150 से ज्यादा युवा कैडेटों ने सैन्य प्रशिक्षण अकादमियों में प्रवेश लिया है। जनरल द्विवेदी ने युवाओं की सोच, प्रौद्योगिकी और चरित्र में आत्मनिर्भर बनने व आईआईटी में सेना के सेल, इंडियन आर्मी इंटर्नशिप कार्यक्रम-2025-26 जैसे उपायों के बारे में बताते हुए कैडेटों से राष्ट्रीय सुरक्षा, नवाचार, राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अनुशासन के साथ मार्च करने और समर्पण के साथ सेवा करने का आग्रह भी कोर में शामिल युवाओं से किया।

उन्होंने कैडेटों की शानदार परेड, अनुकरणीय आचरण की प्रशंसा करते हुए गार्ड ऑफ ऑनर के शानदार प्रदर्शन, द सिंधिया स्कूल ग्वालियर के बैंड प्रदर्शन, फ्लैग एरिया प्रस्तुति और कैडेटों द्वारा प्रस्तुत जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर भी अपने संबोधन के दौरान प्रकाश डाला।

## भारतीय छात्रों को पढ़ाएगी 500 साल पुरानी स्कॉटिश यूनिवर्सिटी

### योग्य छात्रों को ट्यूशन फीस में 2 लाख रुपए की छूट

# मुंबई में खोला कैंपस, सितंबर 2026 से शुरू होगा पहला बैच

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्कॉटलैंड की एबरडीन यूनिवर्सिटी दुनिया के सबसे पुराने संस्थानों में से एक है। इसका इतिहास 500 से ज्यादा साल का बताया जाता है। अब इस यूनिवर्सिटी ने मुंबई में अपना कैंपस खोल दिया है।

साथ ही एडमिशन भी शुरू कर दिए गए हैं। वाइस चांसलर प्रोफेसर पीटर एडवर्ड्स की मुंबई यात्रा के दौरान इसकी घोषणा की गई। एडमिशन शुरू के साथ-साथ यूनिवर्सिटी ने 'एबरडीन पायनियर स्कॉलरशिप' भी शुरू की है, जिसमें योग्य छात्रों को 2 लाख रुपए की ट्यूशन फीस में छूट मिलेगी।

### यूजी, डिग्री और पीजी कोर्स होंगे

यूनिवर्सिटी द्वारा यूके से मान्यता प्राप्त डिग्रियां, 4 साल का स्कॉटिश अंडरग्रेजुएट मॉडल और पोस्टग्रेजुएट कोर्स की पढ़ाई कराई जाएगी। यहां कंप्यूटिंग एंड डाटा साइंस, बिजनेस मैनेजमेंट, इकोनॉमिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े कोर्सेज में डिग्री दी जाएगी। भारतीय छात्रों को यहां पर एमबीए करने का भी मौका मिलेगा। शुरुआत में टीचिंग का फोकस एआई, मैनेजमेंट, और कंप्यूटिंग और डेटा साइंस प्रोग्राम पर होगा।



वाइस चांसलर प्रो. पीटर एडवर्ड्स (मध्यम में)

### डिग्री प्रोग्राम के लिए स्कॉलरशिप

यूनिवर्सिटी की ओर से एडमिशन शुरू करने के साथ ही 'एबरडीन पायनियर स्कॉलरशिप' भी शुरू की है। इसमें सभी योग्य अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट स्टूडेंट्स को 2 लाख रुपए की ट्यूशन फीस में छूट दी जाएगी, जो कैंडिडेट्स को 31 जनवरी 2026 की राउंड 1 की डेडलाइन तक अप्लाई करेंगे। यह स्कॉलरशिप सभी डिग्री प्रोग्राम के लिए है।

### भारत में लॉन्ग टर्म विजन

1495 में एबरडीन यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई थी। अब यूनिवर्सिटी द्वारा मुंबई कैंपस के लिए पहला बैच सितंबर 2026 में शुरू किया जाएगा। एक इंटरव्यू में यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर पीटर एडवर्ड ने बताया कि भारत में उनका लॉन्ग-टर्म विजन और सफलता सीधे तौर पर स्टूडेंट्स की सफलता से जुड़ी है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109